
सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 25 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 18, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स 332 अंक फिसला

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें सत्र में सेंसेक्स 332 अंक गिर गया जबकि निफ्टी 102 अंक नुकसान में रहा। } 10

## रोमानिया की कंपनियों को भारत में निवेश का न्यौता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रोमानिया की यात्रा के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि हुई है, रोमानिया की कंपनियों के पास भारत में निवेश का अच्छा अवसर है। } 12

## हिमाचल: वाहन पर गिरीं चट्टानें, 13 की मौत

एजेंसी



शिमला। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में उदयपुर-पांगी मार्ग पर पहाड़ी से विशाल चट्टानों के एक टैक्सी पर गिरने से शुक्रवार को छह महीने के एक शिशु समेत 13 लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग बाल-बाल बच गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुल्लू से किलाड़ जा रहे वाहन में 15 लोग सवार थे। इसने बताया कि कड़ू नाला के निकट विशाल चट्टानों के गिरने से वाहन पूरी तरह उसके नीचे दब गया और वाहन के पिछले हिस्से में आग लग गई। मौके पर मौजूद राहगीरों और सेना के जवानों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इस घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें वाहन को पूरी तरह क्षतिग्रस्त और आग की लपटों से घिरा हुआ देखा जा सकता है।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एक दल को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। इसने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है तथा प्रशासन स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। पुलिस ने बताया कि शिशु के अलावा मृतकों में सात पुरुष और चार महिलाएं शामिल थीं। इसने बताया कि मृतकों में से एक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई थी। इनमें से ज्यादातर चंबा जिले के पांगी क्षेत्र के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बीर सिंह, संजय कुमार, हंस

## कांवड़ यात्रा में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता : योगी

### पूरे प्रदेश में एक जैसी हों कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाएं, कांवड़ संघों से बनाये रखें सतत संवाद

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और विभिन्न पर्वों के दृष्टिगत अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि आस्था के इस महापर्व में प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा और जनसुविधाओं की ऐसी व्यवस्था दिखाई देनी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सौहार्द बिगाड़ने, अफवाह फैलाने, मिलावट, ओवररेटिंग, अव्यवस्था या अराजकता पैदा करने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और प्रशासन पूरे आयोजन के दौरान पूरी सजगता तथा संवेदनशीलता के साथ कार्य करे।

इन्हीं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए शुक्रवार देर शाम मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से संवाद करते हुए उन्होंने श्रावण मास के दौरान आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस, बरावफात और रक्षाबंधन को लेकर कानून व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, यातायात, आपदा प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में अपर मुख्य सचिव, गृह ने तैयारियों की जानकारी दी, जबकि मंडलायुक्त मेरठ और एडीजी जोन मेरठ ने कांवड़ यात्रा प्रबंधन का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने मेरठ जोन की तैयारियों और कार्ययोजना को प्रदेश के अन्य सभी पुलिस जोनों के साथ साझा करने के निर्देश दिए, ताकि पूरे प्रदेश में एक समान और प्रभावी व्यवस्था लागू की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा अब प्रदेश के किसी एक हिस्से तक सीमित आयोजन नहीं रह गई है। रुहेलखंड, ब्रज, बुंदेलखंड, अवध, पूर्वांचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में लाखों श्रद्धालु इसमें भाग लेते हैं। ऐसे में प्रत्येक जनपद में व्यवस्थाओं का स्तर समान होना चाहिए। स्थानीय प्रशासन कांवड़ संघों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखे, शिविर संचालकों का सत्यापन समय से पूरा करे और सभी तैयारियों की अग्रिम समीक्षा कर किसी भी प्रकार की कमी को पहले ही दूर कर लिया जाए। कांवड़ की निर्धारित ऊंचाई का पालन सुनिश्चित कराने के लिए हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा वहां के कांवड़ संघों से भी नियमित संवाद रखा जाए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप पूरी तरह तैयार होने चाहिए। जहां कहीं

# पेपर लीक पर 10 साल सजा व 10 करोड़ जुर्माने का प्रस्ताव


### केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विधेयक के मसौदे को दी मंजूरी, तीन बड़े केमिकल पार्कों की स्थापना के लिए 3,030 करोड़ रुपये की योजना मंजूर

## प्रधान के इस्तीफे तक समझौता नहीं : सीजेपी

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) से जुड़े विवाद के खिलाफ प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने केंद्रीय मंत्रियों से शुक्रवार को कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की उसकी मांग को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता। कॉजपा ने सरकार से 20 जुलाई को बेरहमी से पीटे गए प्रदर्शनकारी छात्रों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। कॉजपा के प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों जे. पी. नड्डा और जितेंद्र सिंह के साथ हुई बैठक में तीन मई को ...शेष पृष्ठ 10 पर




## पेपर लीक रोकने संबंधी कदमों की करेंगे कड़ी निगरानी : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की कड़ी निगरानी करेगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि वर्षों से चली आ रही तदर्थ व्यवस्थाओं ने परेशानी खड़ी की है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) की अर्जी समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नीट प्रश्नपत्र लीक : एनटीए ने 47 अफसरों को किया बर्खास्त

नयी दिल्ली। नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्वाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया और कुछ के खिलाफ कानूनी तथा आपराधिक कार्वाई की जायेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी को पंचायती राज मंत्रालय भेजे जाने के एक दिन बाद उठाया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा एनटीए में व्यापक बदलाव किए जाने की तैयारी है और आगे भी कई सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। कम से कम 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है और उनमें से कुछ के खिलाफ कानूनी तथा आपराधिक कार्वाई शुरू की जाएगी। प्रश्नपत्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रश्नपत्र लीक के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए एक विधेयक के मसौदे को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इसमें 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि अगले हफ्ते संसद में एक विधेयक पेश किया जाएगा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ सख्त प्रावधान होंगे। इस घोषणा के कुछ घंटे बाद मंत्रिमंडल ने मसौदे को मंजूरी दी। सूत्रों ने बताया कि संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रश्नपत्र लीक के मामलों में शामिल लोगों को मौजूदा कानूनों की तुलना में अधिक कड़ी सजा देने का प्रावधान करने के लिए एक विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन बड़े केमिकल पार्कों की स्थापना को 3,030 करोड़ रुपये की एक नई योजना की घोषणा की। इसके जरिए भारत को रसायन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य-रसायन) को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी दी।

वहीं आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में बेल्लारी-गुंटकल रेल खंड पर तीसरी एवं चौथी लाइन बिछाने की।,264 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी। यह परियोजना रेलवे की क्षमता बढ़ाने, माल एवं यात्री आवागमन को बेहतर बनाने और दोनों राज्यों के बीच संपर्क सुविधा मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत लाई गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीईए की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई। सूत्रों ने बताया कि इस विधेयक के जरिये लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 में संशोधन किया जायेगा। इसमें प्रश्नपत्र लीक में शामिल व्यक्तियों के लिए कम से कम पांच साल की जेल की सजा औराया जुर्माने का प्रस्ताव किया गया है। सूत्रों के अनुसार इसमें संगठित तरीके से किए गए प्रश्नपत्र लीक के मामलों में 10 साल ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

### केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने दिया इस्तीफा



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद से बिट्टू का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। इस समय राष्ट्रपति तीन देशों के दौरे पर विदेश में हैं।

## संत रविदास मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत : धामी

### 650वीं जयंती पर आयोजित हुई समरसता संकल्प अभियान की कार्यशाला

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर उत्तराखंड में सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की पहल तेज की जा रही है। इसी क्रम में समरसता संकल्प अभियान के तहत देहरादून में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संत रविदास महाराज का दर्शन केवल किसी विशेष वर्ग या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास महाराज ने अपने विचारों और जीवन आचरण के माध्यम से उस समय समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता को चुनौती दी, जब सामाजिक विभाजन की जड़ें गहरी थीं। उन्होंने मानव की श्रेष्ठता का आधार जन्म नहीं, बल्कि उसके कर्म, आचरण और चरित्र को माना। यही विचार आज भी एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। सीएम धामी ने कहा कि संत रविदास महाराज की वाणी में सरलता के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन का गहरा संदेश निहित है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का भाव व्यक्ति को बाहरी आडंबर के बजाय मन की पवित्रता और अच्छे आचरण का महत्व समझाता है। इसी तरह बेगमपुरा की उनकी कल्पना ऐसे समाज का संदेश देती है, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो, भय और अन्याय के लिए कोई जगह न हो तथा हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में संत रविदास महाराज के विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। समाज की मजबूती केवल विकास और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी विधानमंडल का तीसरा सत्र तीन से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्य विधानमंडल (विधानसभा और विधान परिषद) के दोनों सदनों का तीसरा सत्र सोमवार, तीन अगस्त से आहूत किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि राज्यपाल ने 18वीं उत्तर प्रदेश विधानसभा का वर्ष 2026 का तीसरा सत्र तीन अगस्त से बुलाया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि विधान परिषद का सत्र भी तीन अगस्त को सुबह 11 बजे से आहूत किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2026 के तीसरे विधानमंडल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गुजरात : मूसलाधार बारिश से भारी तबाही

### 38 हजार लोग विस्थापित, सेना व एनडीआरएफ बचाव अभियान में जुटीं



एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रही, जिससे दर्जनों गांवों के बीच संपर्क टूट गया और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि 38,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया जबकि 352 से अधिक लोगों को बचाया गया। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में कुछ इलाकों में 400 मिलीमीटर (मिमी) से अधिक बारिश दर्ज की गई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय आपदा ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |


### भीतर पढ़ें


- संयुक्त आयुक्त संजय कुमार पाण्डेय निलंबित (पृष्ठ-02)
- 81 यात्री वाहनों का चालान, 59 बसें निरुद्ध (पृष्ठ-02)
- रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 96.55 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- विदेशी मुद्रा भंडार 676.24 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- दुर्घटनाएं रोकने को किफायती उपायों की जरूरत (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — डिजिटल साक्ष्यों व मोबाइल चैट से बेनकाब हुआ सिंडिकेट, लखनऊ से देहरादून तक फैला नकली दवाओं का अंतरराज्यीय नेटवर्क ध्वस्त

## योगी सरकार का नकली दवा माफिया पर बड़ा प्रहार

विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत उत्तर प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) उत्तर प्रदेश ने क्राइम ब्रांच गाजियाबाद और उत्तराखंड एफएसडीए के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देहरादून में संचालित एक अवैध नकली दवा निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की नकली दवाएं, पैकेजिंग सामग्री और आधुनिक मशीनरी बरामद की गई है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

यह कार्रवाई 19 जुलाई 2026 को लखनऊ के अमीनाबाद में नकली दवाओं के भंडारण और बिक्री के मामले में दर्ज मुकदमे से शुरू हुई जांच का परिणाम है। अमीनाबाद में 43 प्रकार की नकली दवाएं बरामद होने के बाद एफएसडीए मुख्यालय ने विशेष प्रवर्तन टीम का गठन किया था। शुरूआती जांच में मिले दस्तावेजों, मोबाइल डेटा और डिजिटल साक्ष्यों ने इस अंतरराज्यीय नेटवर्क की परतें खोलनी शुरू कर दीं। एफएसडीए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि अमीनाबाद से बरामद 'ऋंङ्मश्रील्ल अअ' टैबलेट का नमूना जांच में स्प्यूरियस (नकली) पाया गया था। इसके बाद गिरफ्तार आरोपी राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा के मोबाइल फोन की डिजिटल फॉरेंसिक जांच में नकली दवाओं के निर्माण और पैकेजिंग से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य सामने आए। मोबाइल से प्रसिद्ध दवा ब्रांडों की नकली स्ट्रिप्स की तस्वीरें, पैकेजिंग सामग्री, मशीनों के स्पेयर पार्ट्स और व्हाट्सएप चैट बरामद हुईं, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि लखनऊ में पकड़ी गई नकली दवाएं और देहरादून की अवैध फैक्ट्री एक ही सिंडिकेट का हिस्सा हैं। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि गिरोह का मुख्य सप्लायर राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा गाजियाबाद में मौजूद है।

इसके बाद एफएसडीए की विशेष टीम ने क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के सहयोग से 22 जुलाई को उसे केडब्ल्यू मॉल, राजनगर एक्सटेंशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उत्तर प्रदेश एफएसडीए, क्राइम ब्रांच गाजियाबाद और उत्तराखंड एफएसडीए की संयुक्त टीम ने देहरादून के देवीपुर न्यू हाईवे रोड, ईस्ट होपटाउन स्थित परिसर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक कमरे में आधुनिक अलू-अलू पैकिंग मशीन, स्ट्रिप मशीन, इंकजेट बेल्ट प्रिंटर, कंप्रेसर, हाई वोल्टेज स्टेबलाइजर, बड़ी मात्रा में सेमी-फिनिश ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ा टकराव, हमले जारी

एजेंसी

इरबिल (इराक)। अमेरिकी सेना की मौजूदगी वाले एक उत्तरी इराकी शहर को शुक्रवार को विस्फोटकों से लदे ड्रोन से निशाना बनाया गया, जबकि बहरीन में सायरन बजने की सूचना है। ये घटनाएं अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के खिलाफ लगातार 13वीं रात हमले करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद हुईं।

पिछले हफ्ते तनाव फिर से बढ़ गया। अमेरिका ने ईरान पर हमले किए, जबकि तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हमले किए और इलाके में अमेरिक की संपत्तियों और उसके सहयोगियों को निशाना बनाया। यह जलडमरूमध्य दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक अहम मार्ग है और ताजा लड़ाई का केंद्र भी यही है। ईरानी हमलों से यह जलमार्ग बंद हो सकता है, जिससे दुनिया भर में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं और भारी आर्थिक उथल-पुथल मच सकती है। इस हफ्ते ईरान के सहयोगी हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सऊदी अरब के दो टैंकरों को निशाना बनाकर दबाव और बढ़ा दिया है। उन्होंने इलाके से तेल ले जाने वाले एक वैकल्पिक रास्ते को बंद करने की अपनी धमकी को सच कर दिखाया है। युद्ध से ईरान और वैश्विक अर्थव्यवस्था को हुए भारी नुकसान के बावजूद लड़ाई के इस नए दौर का कोई साफ समाधान नहीं दिख रहा है।

C M Y K

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दो दिवसीय आगरा दौरा आज से

# 342 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

विशेष संवाददाता (vol)



● फतेहाबाद रोड स्थित टाटा मैदान में होगी विशाल जनसभा

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से आगरा के दो दिवसीय महत्वपूर्ण दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ताजनगरी को 342 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 53 बड़ी विकास परियोजनाओं की शानदार सौगात देंगे। मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम फतेहाबाद रोड स्थित टाटा मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इसके बाद वे मंच से जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। इसी विशेष कार्यक्रम में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकताओं को उनके नियुक्ति पत्र भी बांटे जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

जनसभा करने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ कमिश्नरी सभागार पहुंचेंगे, जहां वे प्रशासनिक और विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा बैठक करेंगे। इसके अलावा आगरा के विकास को गति देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक की जाएगी। मुख्यमंत्री के सुरक्षित आवागमन के लिए टाटा मैदान और खंदारी स्थित आरबीएस कॉलेज परिसर में दो हेलीपैड बनाए गए हैं। शुक्रवार को दिनभर जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस प्रशासन के सभी आला अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का अंतिम जायजा लिया। अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी कई विभागों की 292.40 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें स्वास्थ्य और शहर के बुनियादी ढांचे से जुड़े कई बड़े कार्य शामिल हैं।

प्रमुख रूप से 93.81 करोड़ रुपये की लागत से 150 बेड वाले लेडी लॉयल अस्पताल का निर्माण, 79.15 करोड़ से सुभाष पार्क- मारुति एस्टेट के बीच सीएम ग्रिड रोड और 65.44 करोड़ से शास्त्रीपुरम में स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डीआईओएस का नया भवन, श्री कैलाश मंदिर का पर्यटन विकास, वर्किंग वूमेंस हॉस्टल और बल्केश्वर थीम पार्क का पुनर्निर्माण कार्य भी शामिल है। शिलान्यास के साथ ही मुख्यमंत्री 50.06 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हो चुकी 17 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित करेंगे। इनमें बंदियों की सहूलियत के लिए जिला कारागार में लगभग 8 करोड़ रुपये से बनी नई बैरकें शामिल हैं। इसके अलावा खंदारी बापू नगर में 57 लाख से बनी सीसी सड़क, 4.86 करोड़ से पालीवाल पार्क का विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य और सिकंदरा में करोड़ों रुपये की लागत से बनी आरसीसी पुलिया व डक्ट का उद्घाटन भी किया जाएगा। इन परियोजनाओं से शहर के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलेगी।

### मेट्रो, स्मार्ट सिटी और 'ग्रेटर आगरा' से आधुनिक और उद्योगों का नया हब बनी ताजनगरी

आगरा। बीते 9 वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आगरा जनपद ने विकास की नई इबारत लिखी है। ताजनगरी अब केवल पर्यटन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह तेजी से एक आधुनिक और औद्योगिक शहर के रूप में विकसित हुई है। इन 9 सालों में कई ऐतिहासिक परियोजनाएं धरातल पर उतारी गईं। इनमें शहर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बदलने वाला आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट और घर-घर शुद्ध पानी पहुंचाने वाली गंगाजल परियोजना सबसे प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त व्यवस्थित शहरी विस्तार के लिए 5,142 करोड़ रुपये की लागत वाली 'ग्रेटर आगरा' (10 हाई-टेक टाउनशिप) और 'अटलपुरम' जैसी महात्वाकांक्षी आवासीय योजनाओं की शुरूआत की गई है। बेहतर ग्लोबल कनेक्टिविटी के लिए आगरा सिविल एन्क्लेव (एयरपोर्ट) के नए टर्मिनल का निर्माण, छत्रपति शिवाजी महाराज म्यूजियम, ओडीओसी योजना से पेठा, गजक, आगरा का पराठा से आगरा के व्यंजनों और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत लेदर व हैंडीक्राफ्ट उद्योग को नई संजीवनी दी गई है। इसके साथ ही एसएन मेडिकल कॉलेज के आधुनिकीकरण और सीएम ग्रिड रोड जैसी सुविधाओं ने आगरा को पश्चिमी यूपी का एक प्रमुख आर्थिक और इंफ्रास्ट्रक्चर सेंटर बना दिया है।

## बरेली मंडल में परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 81 यात्री वाहनों का चालान, 59 बसें निरुद्ध



लखनऊ। प्रदेश में सुरक्षित एवं विधिसम्मत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग ने बरेली मंडल में विशेष प्रवर्तन अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' चलाया। इस अभियान के तहत बरेली, पीलीभीत, बदायूं एवं शाहजहांपुर जनपदों में बिना परमिट, परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने वाले तथा नियमविरुद्ध संचालित यात्री वाहनों और लंबी दूरी की बसों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई।

अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) उत्तर प्रदेश, श्री के. डी. सिंह गौर के नेतृत्व में गठित आठ सदस्यीय विशेष प्रवर्तन दल ने 22 जुलाई की मध्यरात्रि से 24 जुलाई, 2026 तक बरेली एवं पीलीभीत में सघन अभियान चलाया। वहीं, उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र, श्री कमल प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में बरेली मंडल के प्रवर्तन अधिकारियों ने बदायूं एवं शाहजहांपुर में समानांतर रूप से व्यापक जांच एवं कार्रवाई की। संयुक्त अभियान के दौरान कुल 81 बसों का चालान किया गया, जबकि 59 बसों को विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया। अभियान के दौरान वाहनों के परमिट, पंजीयन प्रमाण-पत्र, फिटनेस सर्टिफिकेट, कर, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र तथा राष्ट्रीय वाहन डाटाबेस (एनआर डाटाबेस) सहित सभी अभिलेखों की गहन जांच की गई। जहां कहीं भी मोटरयान अधिनियम, 1988 तथा उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के प्रावधानों एवं परमिट की शर्तों का उल्लंघन पाया गया, वहां तत्काल चालान एवं निरुद्धीकरण सहित विधिसम्मत कार्रवाई की गई। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) के. डी. सिंह ने बताया कि जांच के दौरान अधिकांश वाहन वैध ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट अथवा ऑल यूपी कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट के अंतर्गत संचालित पाए गए। नियमित स्टेज कैरिज संचालन, विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत, राजस्व हानि एवं अन्य आरोपों के संबंध में उपलब्ध अभिलेखों, स्थलीय निरीक्षण तथा संबंधित विभागों एवं पुलिस से प्राप्त सूचनाओं का परीक्षण किया गया, जिसमें इन आरोपों के समर्थन में कोई तथ्यात्मक अथवा अभिलेखीय साक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि वाहनों की संरचना में अनधिकृत परिवर्तन संबंधी शिकायतों की जांच के लिए निरुद्ध वाहनों का कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तकनीकी परीक्षण कराया जाना प्रस्तावित है।

यदि परीक्षण के दौरान किसी वाहन में नियमविरुद्ध संरचनात्मक परिवर्तन पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध फिटनेस, पंजीयन, परमिट एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। के. डी. सिंह ने कहा कि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का स्पष्ट निर्देश है कि यात्रियों की सुरक्षा, विधिसम्मत परिवहन व्यवस्था एवं शासकीय राजस्व की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए।

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने की यूपी के आईएसएसए मॉडल की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)



नई दिल्ली / लखनऊ। कर्तव्य भवन, नई दिल्ली में शुक्रवार को भारत सरकार की इंटीग्रेटेड स्कीम इन स्कीलिंग आर्किटेक्चर (आईएसएसए) के अंतर्गत देश के 5 राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, असम, बिहार और उत्तर प्रदेश द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री के समक्ष अपने-अपने राज्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। उत्तर प्रदेश की ओर से प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने योगी सरकार के एकीकृत कौशल विकास मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया। इसमें विद्यालयी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा, कौशल विकास, अप्रेंटिसशिप, उद्योग सहभागिता, रोजगार एवं उद्यमिता तक को एकीकृत करते हुए राज्य इंटर्नशिप योजना, कौशल मंदिर, उद्योग आधारित प्रशिक्षण, रोजगार संगम पोर्टल के सुदृढ़ीकरण, करियर काउंसलिंग, अप्रेंटिसशिप विस्तार तथा विद्यालय-उद्योग क्लस्टर मॉडल जैसे नवाचारों का विवरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने योगी सरकार के समग्र एवं अभिसरण आधारित कौशल विकास मॉडल की भरपूर प्रशंसा की और इसे विभिन्न विभागों के समन्वय से तैयार एक प्रभावी पहल बताया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विशेष रूप से योगी सरकार द्वारा कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग, इंटर्नशिप एवं इंडस्ट्री विजिट को प्रोत्साहित करने के सुझाव की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर उद्योगों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही आईटीआई शिक्षा में अंग्रेजी भाषा को क्वालिफाइंग विषय के रूप में लागू करने के सुझाव को संचार कौशल और रोजगार क्षमता बढ़ाने वाला दूरदर्शी कदम बताया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने योगी सरकार की महत्वाकांक्षी एक जनपद एक उत्पाद योजना की भी विशेष प्रशंसा की और इसे स्थानीय उद्योगों, पारंपरिक उत्पादों एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाला सफल मॉडल बताते हुए कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ इसके समन्वय की सराहना की।

## मनरेगा में अनियमितताओं पर संयुक्त आयुक्त संजय कुमार पाण्डेय निलंबित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने मनरेगा से जुड़े मामलों में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए संयुक्त आयुक्त (मनरेगा), ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश संजय कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं, भारत सरकार के निदेशों एवं शासनादेशों के उल्लंघन तथा मनरेगा के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उचित पर्यवेक्षण और कार्रवाई न करने के आरोपों के चलते यह कार्रवाई की गई है।

ग्राम्य विकास विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेशों के क्रम में यह कार्रवाई की गई है। संजय कुमार पाण्डेय पर जनपद उन्नाव में उपायुक्त (स्वतः रोजगार), राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पद पर तैनाती के दौरान वित्तीय अनियमितता के मामले में प्रथम दष्टया दोषी पाए जाने का आरोप है। इसके अतिरिक्त, उनके द्वारा मनरेगा के लोकपालों का कार्यकाल 15 मार्च, 2026 को समाप्त होने के बावजूद उसके विस्तार अथवा नवीनीकरण के संबंध में कोई प्रस्ताव या पत्रावली प्रस्तुत नहीं किए जाने तथा संबंधित विशेषज्ञ के विरुद्ध कोई कार्रवाई न किए जाने को भी गंभीर लापरवाही माना गया है। उन पर भारत सरकार के निदेशों एवं शासनादेशों का उल्लंघन करने तथा मनरेगा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक पर्यवेक्षण एवं कार्रवाई न करने के आरोप भी लगाए गए हैं। निलंबन की अवधि के दौरान संजय कुमार पाण्डेय को कार्यालय आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई है।

## यूपी के सभी वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों की होगी जांच

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

● 25 जुलाई से 10 अगस्त तक चलेगा विशेष निरीक्षण अभियान

● भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत होगी कार्रवाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में संचालित पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्रों की कार्यप्रणाली की व्यापक जांच कराई जाएगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को वाहन स्क्रैपिंग कार्य की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मोटर यान (यान स्क्रैपिंग सुविधा का पंजीकरण एवं कार्य) नियम, 2021 तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं शासनादेशों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित केन्द्रों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है। ऐसे में नियमों की अनदेखी अथवा शासन की मंशा के विपरीत किसी भी प्रकार की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

परिवहन मंत्री के निर्देश पर परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्रों का विशेष निरीक्षण कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक संभाग में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) एवं मोटरयान निरीक्षक की संयुक्त टीम गठित की गई है, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप केन्द्रों के संचालन की जांच करेगी। अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व) आर. के. विश्वकर्मा ने बताया कि यह विशेष निरीक्षण अभियान 25 जुलाई, 2026 से 10 अगस्त, 2026 तक संचालित किया जाएगा।

अभियान के दौरान प्रत्येक वाहन स्क्रैपिंग केन्द्र पर स्क्रैपिंग प्रक्रिया, अभिलेखों के संधारण तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन का गहन परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र पर नियमों, शासनादेशों अथवा निर्धारित प्रक्रियाओं के उल्लंघन या अन्य किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित संयुक्त निरीक्षण टीम विस्तृत तथ्यात्मक आख्या एवं आवश्यक अभिलेखों सहित 11 अगस्त, 2026 तक परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश को अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी। रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले केन्द्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश में संचालित सभी पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र पूर्ण पारदर्शिता, पर्यावरणीय मानकों एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप कार्य करें, जिससे वाहन स्क्रैपिंग की प्रक्रिया सुरक्षित, वैज्ञानिक एवं नियमसम्मत तरीके से संचालित हो सके।

## केजीएमयू में पहली रोबोटिक हिस्टेरेक्टॉमी में मिली सफलता

### गर्भाशय से असामान्य रक्तस्त्राव और अत्यधिक मोटापे की समस्या लेकर आयी थी महिला

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में पहली बार महिला की गर्भाशय निकालने की सर्जरी हिस्टेरेक्टॉमी रोबोट से की गयी है। बताया गया है कि उत्तर प्रदेश में पहली बार सरकारी क्षेत्र के अस्पताल में संस्थान में रोबोटिक हिस्टेरेक्टॉमी की गयी है। सीएसआर फंड से हुई इस सर्जरी में मरीज को सिर्फ दस हजार खर्च करने पड़े।

गोरखपुर के बट्टावरनगर की रहने वाली 51 वर्षीय महिला असामान्य गर्भाशय रक्तस्त्राव और अत्यधिक मोटापे की समस्या लेकर क्वीनमैरी हॉस्पिटल आयी थी। आवश्यक जांचों के बाद महिला का गर्भाशय निकालने के लिए डॉ. अंजू अग्रवाल के नेतृत्व में महिला की रोबोटिक हिस्टेरेक्टॉमी करने की योजना बनायी गयी। इसके बाद 22 जुलाई को सफलतापूर्वक रोबोटिक सर्जरी की गयी। संस्थान द्वारा कहा गया है कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि हमारी जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के किसी भी सरकारी संस्थान के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा की गयी यह पहली रोबोटिक हिस्टेरेक्टॉमी है।

डॉक्टरों का कहना है कि चूंकि मरीज को अत्यधिक मोटापा था, इसलिए रोबोटिक सर्जरी का विकल्प चुनने से उन्हें जल्दी ठीक होने में मदद मिली। मरीज की रिकवरी अच्छी हो रही है और उन्हें जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।

सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. स्मृति अग्रवाल, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. अनन्या और डॉ. शाम्भवी, एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. विनीता, डॉ. नीलकमल, डॉ. निधि सिंह और डॉ. गोविंद अग्रवाल तथा सिस्टर निथा, रीता, मुस्कान और नेहा और मनीष शामिल थे। इस उपलब्धि के लिए कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी सफलता की कामना की।

## सपा 26 को मनायेगी संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि पार्टी ने आरक्षण दिवस 26 जुलाई को संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में भी मनाने का विनम्र निर्णय ले रखा है क्योंकि इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा संकल्पित आरक्षण को कोल्हापुर के राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू किया था। इसी दिन आरक्षण देने का शुभारंभ हुआ था।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की भावना को आरक्षण के रूप में इसी दिन अमल में लाया गया था, जो आगे चलकर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के सद्प्रयासों से हमारे संविधान में एक जनाधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का मूल आधार बना और देश में लोकतंत्र की स्थापना का मूल सिद्धांत भी। इसके लिए हर वर्ष 26 जुलाई से अधिक ऐतिहासिक अवसर और क्या हो सकता है क्योंकि विचार को सही में लागू करना ही तो सबसे बड़ा और प्रभावशाली उदाहरण होता है, जो राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने इस दिन लागू करके दिखलाया था।

इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष भी 26 जुलाई को पूरे उत्तर प्रदेश और देश में समाजवादी पार्टी संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस का आयोजन कर रही है। इस दिन सपा के मुख्यालय व सभी कार्यालयों में एक सादगीपूर्ण समारोह में भारत के संविधान की प्रति के सानिध्य में संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस आयोजित किया जाएगा। इसके पीछे मूल भावना यही है कि संविधान-मानस्तंभ वस्तुतः पीडीए-प्रकाशस्तंभ के रूप में हमारे सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदैव प्रकाशित और प्रशस्त करता रहे। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। संविधान ही ढाल है, संविधान ही कवच है। संविधान ही गैर-बराबरी को दूर कर समता और समानता की रक्षा करता है तथा एक सूत्र में बंधे बंधु राष्ट्र के निर्माण के महान संकल्प को पूरा करने का एकमात्र मार्ग है।

## परीक्षाफल के आधार पर एकेटीयू ने कॉलेजों की जारी नहीं की कोई रैंकिंग

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने वर्तमान सत्र में संबद्ध संस्थानों के लिए परीक्षाफल के आधार पर किसी तरह की रैंकिंग जारी नहीं की है। जबकि कतिपय संस्थान नये सत्र में छात्रों का प्रवेश लेने के लिए अपने स्तर से रैंकिंग बढ़ाते हुए शीर्ष संस्थान बताने का भ्रमक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इससे न केवल छात्र बल्कि अभिभावक भी गुमराह हो रहे हैं। विश्वविद्यालय ने अपने सभी संबद्ध संस्थानों से परीक्षाफल से संबंधित कोई भी बयान मीडिया में जारी न करने की अपील की है। ऐसा करने पर विश्वविद्यालय संबंधित संस्थान के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगा।

## 27 तक बदले मार्ग से चलाई जाएगी राजधानी एक्सप्रेस

लखनऊ। डिब्रूगढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 12423, डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 25 से 27 जुलाई तक बदले हुए मार्ग से चलेगी। ट्रेन का नया रूट डिब्रूगढ़- नाहरलागुन- रंगापारा नॉर्थ- रंगिया- गुवाहाटी- न्यू बोंगाईगांव होगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे सफर पर निकलने से पहले ट्रेन की स्थिति जांच लें। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार यह ट्रेन अब अपने तय रूट की जगह डिब्रूगढ़ - नाहरलागुन - रंगापारा नॉर्थ - रंगिया - गुवाहाटी - न्यू बोंगाईगांव होते हुए जाएगी। 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी 25 और 26 जुलाई, 12424 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी 25 जुलाई, 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी 25 जुलाई और 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 27 जुलाई को उक्त बदले रूट से चलाई जाएगी। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे सफर पर निकलने से पहले ट्रेन की स्थिति जरूर जांच लें। टिकट बुक करा चुके यात्रियों को एसएमएस के जरिए भी सूचना दी जा रही है। टिकट जांच अभियान में 81 यात्री दूसरे के टिकट पर यात्रा करते मिले।

## युवाओं के भविष्य के साथ राजनीति नहीं होनी चाहिए: पंकज चौधरी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नीट क्वालीफाइड छात्रों और अभिभावकों से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, यह समय राजनीति का नहीं, छात्रों की समस्याओं के समाधान का है



लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से शुक्रवार को नीट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावको ने भेंट की। पंकज चौधरी ने अपने राजधानी लखनऊ स्थित आवास पर नीट क्वालीफाइड छात्रों का स्वागत किया तथा उनकी सफलता पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है और देश के भविष्य के निमार्ता हैं। उन्होंने कहा कि छात्र किसी पक्ष व विपक्ष के नहीं होते, बल्कि उनका एक मात्र ध्येय अपने लक्ष्य को प्राप्त करना और राष्ट्र के विकास में अपनी रचनात्मक भूमिका सुनिश्चित करना होता है। यही छात्र शक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विकसित भारत निर्माण के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ, देश के भविष्य के साथ राजनीति नहीं होनी चाहिए बल्कि सकारात्मकता के साथ समाधान खोजे जाने चाहिए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता छात्रों का हित है और उनके हित में निर्णय लिए जा रहे है। हमारी प्रतिबद्धता है कि युवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक एक समस्या है, पिछली सरकारों के समय में भी दर्जनों पेपर लीक हुए है, लेकिन मोदी सरकार में परीक्षा को लीक प्रूफ बनाने के लिए कड़े कानूनी और प्रशासनिक कदम उठायें है। दर्जनों गिरफ्तारियां हुई हैं और पिछले एक महीने में तीन लीक प्रूफ परीक्षाएं आयोजित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्णय लिया है कि पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को कठोर दण्ड देने के लिए व केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दे दिये गए हैं। विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा निर्णयों की श्रृंखला में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

चौधरी ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है बल्कि छात्रों की समस्याओं के समाधान का है। नीट सहित अन्य विषयों पर भी सदन में चर्चा होनी चाहिए और सभी का प्रयास समस्या के समाधान का होना चाहिए। छात्रों और उनसे जुड़े किसी भी मुद्दे का राजनीतिकरण भी नहीं होना चाहिए और अराजकता भी नहीं होना चाहिए। मोदी सरकार की प्रतिबद्धता में छात्र हित है यही कारण है कि मोदी सरकार ने युवा, महिला, किसान और गरीब की उन्नति को सरकार ने अपनी नीतियों के केन्द्र में रखा है। उन्होंने नीट परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे।

## अजय राय के नेतृत्व में निकला कैंडिल मार्च

### दिल्ली में छात्र-छात्राओं के साथ हुए व्यवहार के खिलाफ हुआ आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। दिल्ली में लगभग एक माह से देश भर के हजारों छात्रों, छात्राओं और युवाओं द्वारा नीट परीक्षा पेपर लीक सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की जांच कराये जाने, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर किये जा रहे धरने पर हुए लाठीचार्ज समेत हुए व्यवहार के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश मुख्यालय से गांधी प्रतिमा-जीपीओ हजरतगंज तक कैंडिल मार्च निकालने के लिए सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन आगे बढ़े जिन्हें भारी पुलिस बल द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर जबर्दस्ती रोकने का प्रयास किया गया किन्तु सभी कांग्रेसजन माल एवेन्यू कांग्रेस मुख्यालय से निकलकर लोरेटो चौराहा होते हुए लाल बहादुर शास्त्री मार्ग तक पहुंच गये। कैंडिल मार्च का समापन माल एवेन्यू चैराहे पर स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ।

अजय राय ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के शासन में 152 महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं, दुःखद तो यह है कि नीट पेपर लीक से 22 छात्रों ने अपनी जान गंवा दी है, लाखों परिवार इस पेपर लीक से आक्रोशित एवं अवसाद में हैं। पूरे देश में युवाओं और छात्रों में भारी गुस्सा है किन्तु प्रधानमंत्री इस सुनियोजित तरीके से हुए पेपर लीक के लिए जिम्मेदार धर्मेन्द्र प्रधान को हटाने के बजाए उनका संरक्षण कर रहे हैं। नीट पेपर लीक की जांच की आंड़ में मामले को दबाने के लिए लीपापोती कर रहे हैं। जिसके विरोध में अपनी मांगों को लेकर हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं और युवा दिल्ली में जिस प्रकार अपनी जान पर खेलकर धरना दे रहे हैं। मोदी सरकार उनकी मांगों को मानने के बजाए उन पर दमनात्मक कार्यवाही कर रही है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं की मांगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपने कार्यकाल में झूठ बोलने के अलावा कुछ नहीं किया। राहुल गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए हम छात्रों और युवाओं की आवाज को दबने नहीं देंगे। धमेन्द्र प्रधान शिक्षा में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन चुके हैं, ऐसे में जब तक धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक उप्र कांग्रेस के लोग सड़क पर संघर्ष करते रहेंगे। इस मौके जिला कांग्रेस अध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू एवं शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी अपने पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे।

संक्षेप

## मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट के मुकदमे में वांछित आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। लीलापुर थाने के उपनिरीक्षक सौरभ यादव ने शुक्रवार को पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान मारपीट की घटना में वांछित परमेश्वरपुर दुल्हेपुर निवासी कलीम उर्फ इलियास को मिश्रपुर तिराहा से गिरफ्तार किया। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## डीएम से रास्ता दुरुस्त करवाने की मांग

प्रतापगढ़। कच्चे रास्ते से आवागमन में बनी परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मार्ग को पक्का कराने की मांग उठाई है। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ अन्तर्गत दिगवस अमिलिहन गांव के अखिलेश, अरूण कुमार, चमेला देवी सरोज, विमलेश सरोज, राम समुझ, अंकित, कुनाल, सुनील, सागर सरोज, लवकुश सरोज, मोहन, आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के कच्चे मार्ग से आवागमन में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के दिनों में जगह जगह जलभराव से आवागमन और परेशानी भरा हो जाता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि प्रतिवर्ष श्रमदान के जरिए मार्ग पर मिटटी डालकर दुरूस्त कराया जाता है, लेकिन समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। किशोरी के गायब होने की घटना को लेकर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेईस जुलाई को सुबह करीब आठ बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री बिना बताए कहीं चली गयी। पीड़ित का आरोप है कि पूरे रूप थाना सांगीपुर निवासी विक्रम पुत्र मिठाई लाल किशोरी को बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महिलाओं पर छींटाकशी पड़ी भारी, चार पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। सरेराह महिलाओं पर छीटाकसी करना युवकों को भारी पड़ा। मामले में दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली की उप निरीक्षक दीपिका सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस जुलाई रात करीब साढ़े आठ बजे लालगंज कस्बा स्थित चौक पर कुछ युवक आने जाने वाली महिलाओं पर छींटाकशी करते हुए आपत्तिजनक गाने गा रहे थे। मामले में लीलापुर थाना क्षेत्र के आरोपी बेलखरियन निवासी बालेन्द्र यादव, बासूपुर निवासी अविनाश कोरी, हण्डौर निवासी सुभाष दुबे व अमित मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई भी की गयी है।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित चल रहे ईनामिया बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। सांगीपुर थाने के उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्रवार को सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर शाहबरी तिराहा के पास से दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित पचीस हजार के ईनामिया बदमाश पचखरा निवासी मकदूम कोरी पुत्र स्व0 दुर्बली कोरी को धर दबोचा। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## फीडर की खराबी के चलते दर्जनों गांवों में आपूर्ति हुई बाधित

प्रतापगढ़। ग्रामीण क्षेत्र के एक फीडर की खराबी के चलते गुरूवार को दोपहर से लगभग बीस घण्टे दर्जनों गांवों में आपूर्ति बाधित हो उठी। लालगंज के केशवपुर, असरही, सराय नरायन, गुम्मौर, महराज का पुरवा, लालूपुर, मठहा, रंजीतगढ़, हुलासगढ़ में आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान दिखे। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले पखवारे भर से आये दिन आपूर्ति बाधित होने से लोगों को मशक्कत करनी पड़ती है। आरोप यह भी है कि विभाग में समस्या को लेकर सुनवाई नही हुआ करती। एसडीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि समस्या का निस्तारण कराए जाने के क्षेत्रीय अवर अभियंता को निर्देश दिये गये हैं।

# नमाज से रोकने और सामाजिक बहिष्कार का आरोप

## एसपी ने दिए प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश

संभल। जिले में एक मुस्लिम व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसे और उसके परिवार को जुमे की नमाज अदा करने से रोका गया तथा दूसरे मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने उनका सामाजिक बहिष्कार किया। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। यह मामला हयातनगर थाना क्षेत्र के मंडिल समसपुर गांव का है, जहां धुन्ना समुदाय के मोहम्मद वसीम ने आरोप लगाया कि तुर्क समुदाय के कुछ लोगों ने उन्हें और उनके परिवार को जुमे की नमाज अदा करने से रोका तथा धार्मिक गतिविधियों से अलग कर दिया। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभल दौरे के कुछ दिन बाद सामने आया है। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान कथित तौर पर कहा था कि तुर्कों की तुर्काई नहीं चलेगी।

वसीम ने बताया कि वह देवबंदी विचारधारा को मानते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में चार मस्जिदें हैं, जिनमें 120 वर्ष पुरानी मुख्य मस्जिद भी शामिल है, जहां देवबंदी और बरेलवी दोनों परंपराओं को मानने वाले लोग एक सदी से अधिक समय से साथ नमाज अदा करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि पांच जनवरी, 2024 को अजान देने, इमाम को दिए जाने वाले चंदे और उनके भोजन की व्यवस्था को लेकर विवाद हुआ था। यह मामला 26 जनवरी, 2024 को तत्कालीन थाना प्रभारी और स्थानीय बुजुर्गों की मौजूदगी में सुलझा लिया गया था। वसीम के अनुसार, समझौते में तय हुआ था कि इमाम ही अजान देंगे, नमाजियों की आर्थिक क्षमता के अनुसार चंदा एकत्र किया जाएगा और इमाम बारी-बारी से प्रत्येक घर में भोजन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 18 महीने तक यह व्यवस्था सुचारू रूप से चलने के बाद मस्जिद प्रबंधन से जुड़े कुछ लोगों ने खुद अजान देना शुरू कर दिया, उनके परिवार से चंदा लेना बंद कर दिया और इमाम के उनके घर भोजन करने की परंपरा भी समाप्त कर दी। वसीम ने आरोप लगाया कि मस्जिद के मुतवल्ली अतीक अहमद और उनके सहयोगियों ने व्यक्तिगत नमाज और जुमे की सामूहिक नमाज को मिलाकर छह नमाज की एक नयी व्यवस्था शुरू की, जिसका उन्होंने और उनके परिवार ने विरोध किया। इस वर्ष तीन जुलाई को जुमे की नमाज के बाद उनसे कहा गया कि जब तक वह नई व्यवस्था स्वीकार नहीं करते, तब तक उन्हें मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वसीम ने आरोप लगाया कि मैं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के धुन्ना समुदाय से हूं, जबकि वे तुर्क समुदाय से हैं। उन्होंने मेरा सामाजिक बहिष्कार कर दिया है और मेरे परिवार पर गांव छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गांव में रहने वाले चार धुन्ना परिवारों में से एक परिवार के सदस्य वसीम ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर शिकायत दी। वसीम ने बताया कि उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है और उन्हें जुमे की नमाज अदा करने से रोका जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि धुन्ना समुदाय से होने के कारण मस्जिद का प्रबंधन करने वाले समूह द्वारा उनके परिवार को लंबे समय से परेशान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह गंभीर मामला है, क्योंकि यह मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा है। उन्हें संबंधित थाने में लिखित शिकायत देने के लिए कहा गया है। थाना प्रभारी को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने और उनके मौलिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 96 वाहनों का चालान, तीन सीज

देवरिया। देवरिया में यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहर में चेकिंग अभियान चलाकर कर 96 वाहनों का ई-चालान कर तीन वाहनों को सीज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने यहां बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के निर्देश पर यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बस स्टैंड, हनुमान मंदिर और मालवीय रोड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, ऑटो एवं ई-रिक्शा की चेकिंग की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी बाइक, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना फिटनेस के चलने वाले ऑटो-ई रिक्शा के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# एडीजी गोरखपुर जोन के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुए आठ पुलिस अधिकारी

## एसपी राहुल भाटी ने थपथपायी पीठ



**श्रावस्ती।** बुजुर्गों की सुरक्षा, सहायता और समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन द्वारा प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने शुक्रवार को कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट के प्रभारियों को प्रदान किए। एडीजी गोरखपुर जोन के निर्देश पर जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों से लगातार संपर्क स्थापित किया जा रहा है। पुलिस कर्मियों ने बुजुर्गों का हालचाल जाना, उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उनके निस्तारण में सहयोग किया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने सम्मान समारोह के दौरान कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनकी सहायता करना भी है। उन्होंने प्रभारियों के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह जनसेवा की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत किए जा रहे इन प्रयासों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता और मजबूत हुआ है। बुजुर्गों के प्रति पुलिस की संवेदनशील पहल की आमजन में भी सराहना हो रही है। ये पुलिस कर्मी हुए सम्मानित उपनिरीक्षक सुभाष भारती, थाना कोतवाली भिनगा, उपनिरीक्षक सूर्यनाथ सिंह, थाना सिरसिया उपनिरीक्षक आनंद मिश्रा, थाना मल्हीपुर, उपनिरीक्षक फतेह बहादुर यादव, थाना हरदत्त नगर गिरन्ट, उपनिरीक्षक सुरेंद्रनाथ यादव, थाना सोनवा उपनिरीक्षक संतोष यादव, थाना इकौना, उपनिरीक्षक राम मूरत कुशवाहा, थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती उपनिरीक्षक केशव कुमार दुबे, थाना गिलौला, पुलिस की इस पहल से बुजुर्गों में बढ़ा भरोसा, मजबूत हुआ जन-पुलिस संवाद

## बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तय समय पर मिले निर्बाध विद्युत आपूर्ति : डीएम



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जिले की विद्युत व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि आंधी, बारिश या तकनीकी खराबी के कारण बिजली बाधित होने पर क्विक रिस्पांस टीम तत्काल सक्रिय होकर समस्या का समाधान करे। खराब या जले हुए ट्रांसफार्मरों को तय समय सीमा के अंदर बदलने की कार्रवाई की जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का तेजी से निस्तारण किया जाए। बिजली संबंधी समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 1912 और कंट्रोल रूम को और अधिक सक्रिय बनाया जाए, ताकि लोगों को बिजली कटौती का कारण और आपूर्ति बहाल होने की जानकारी समय पर मिल सके। डीएम ने विद्युत चोरी रोकने के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी करने वालों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण राज नारायण, सभी उपखंड अधिकारी सहित विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए डीएम सख्त, ब्लैक स्पॉट सुधारने के निर्देश

श्रावस्ती। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय रोड सेफ्टी समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चलाना और यातायात नियमों का पालन न करना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थानों (ब्लैक स्पॉट) को चिन्हित कर वहां जरूरी सुधार कराने को कहा। इसके तहत सड़क पर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, रिफ्लेक्टर और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना होने पर घायलों को जल्द से जल्द इलाज मिलना चाहिए। इसके लिए एम्बुलेंस सेवा को निर्धारित समय में पहुंचना सुनिश्चित किया जाए, ताकि गोल्डन ऑवर में इलाज मिलने से लोगों की जान बचाई जा सके। स्कूलों के आसपास सड़क सुरक्षा को लेकर भी जिलाधिकारी ने विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने विद्यालयों के बाहर स्पीड ब्रेकर लगाने, स्कूल खुलने और छुट्टी के समय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल वाहनों के चालकों के लाइसेंस, स्वास्थ्य जांच, वाहन फिटनेस, बीमा और परमिट की नियमित जांच कराने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ललित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह, एआरटीओ मो. अजीम, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के.पी. मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर श्रावस्ती पुलिस सक्रिय

श्रावस्ती। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में शक्ति मोबाइल टीमों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। अभियान के दौरान चौपाल, संवाद और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को किसी भी परेशानी के समय निडर होकर अपनी बात रखने और तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया पर होने वाली धोखाधड़ी से सतर्क रहने की अपील की। महिलाओं को ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी और निजी जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी गई। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर हेल्पलाइन 1930, यूपी कॉप ऐप, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। श्रावस्ती पुलिस ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, जेवरात व नकदी बरामद



सिद्धार्थनगर। थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में खेसरहा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी परमात्मा शर्मा निवासी मलौली, थाना बांसी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1.80 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात तथा चोरी के गहने बेचकर प्राप्त 26,200 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी ने खेसरहा क्षेत्र के एचनी गांव में एल्यूमिनियम का दरवाजा-खिड़की लगाने के दौरान घर में रखे जेवरात चोरी कर लिए थे। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को बांसी-धानी मार्ग से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उक्त गिरफ्तारी में उप निरीक्षक कुंज बिहारी तिवारी चौकी प्रभारी सकारपार ,का0 अवनीश राय कमलेश सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। जिले डुमरियागंज सर्किल के क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में दायित्व के प्रतिक्रियाशील डुमरियागंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में डुमरियागंज थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मु.अ.सं. 156/2026 में बीएनएस की संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपी कोमल (निवासी प्रतापपुर, थाना बांसी) और अमर कुमार (निवासी हरदवा, थाना मनिकापुर, जनपद गोंडा) को बैदोला-बेंवा मार्ग से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने की। टीम में शामिल उ0 नि 0राम मिलन आजाद,का0 आदित्य पांडेय,का0 अमन प्रतीक दूबे थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# रंग लाया विधायक मोना का प्रयास

## मंगापुर में स्टेडियम को मिली मंजूरी



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के द्वारा रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम की मंजूरी का प्रयास रंग लाया है। विधायक मोना के प्रस्ताव पर शासन द्वारा सांगीपुर विकासखण्ड के मंगापुर में स्टेडियम के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को कार्यदायी संस्था को नामित करते हुए बजट का आगणन तलब किया गया है। शुक्रवार को खेल के क्षेत्र में करोड़ों की सौगात की जानकारी होते ही क्षेत्र के युवा वर्ग के चेहरे खासे खिले दिखे। शासन के विशेष सचिव कुमार विनीत द्वारा निर्गत तेईस जुलाई को युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग को मंगापुर में स्टेडियम के निर्माण की कार्य योजना स्वीकृत किये जाने का शासनादेश निर्गत किया गया है। बतादें क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा क्षेत्र के मंगापुर में स्टेडियम के निर्माण को लेकर शासन को प्रस्ताव सौंपा गया था। कार्य योजना को स्वीकृत कराने के लिए सांसद प्रमोद तिवारी के साथ विधायक आराधना मिश्रा ने मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया था। वहीं बीते वर्ष विधानसभा सत्र में भी स्टेडियम को स्वीकृत कराने को लेकर विधायक आराधना मिश्रा द्वारा सदन में सरकार के समक्ष सवाल उठाया गया था। इसके तहत महानिदेशक युवा कल्याण विभाग द्वारा बीते वर्ष 26 दिसंबर को विधायक के प्रस्ताव पर कार्यदायी संस्था नामित किये जाने के बाबत शासन से पत्राचार किया गया था। स्टेडियम कार्य योजना की मंजूरी की यह जानकारी विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है। वहीं स्टेडियम की मंजूरी को लेकर क्षेत्र के युवाओं में खासी खुशी देखी जा रही है।

## डीएम के निदेर्शों पर बांसी तहसील प्रशासन सक्रिय, फरियादियों को मिल रहा त्वरित न्याय




बांसी सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निदेर्शों के अनुपालन में बांसी तहसील प्रशासन जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। नवागत उपजिलाधिकारी विश्वामित्र सिंह के नेतृत्व में लंबित मामलों के समाधान की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे कई फरियादियों को राहत मिली है। तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव और नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव भी जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर रहे हैं। वहीं नायब तहसीलदार महबूब अली ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटवाकर लाखों रुपये मूल्य की जमीन को कब्जामुक्त कराया है, जिससे शासन को राजस्व लाभ मिला है। तहसील प्रशासन की सक्रिय कार्यशैली से क्षेत्रीय लोगों में संतोष का माहौल है।

# गैंगस्टर पर कसी शिकंजा, अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त

गोरखपुर। संगठित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एम्स थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त की अवैध संपत्ति जब्त की है। पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में अपराध से अर्जित दोपहिया वाहन को कुर्क कर लिया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 52 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना एम्स पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 40/2025 धारा 2(ख) उपधारा (क)(क)(श)/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से संबंधित अभियुक्त रजनीश तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। अभियुक्त मूल रूप से मुहल्ला रामनाथ, थाना कोतवाली, जनपद देवरिया का निवासी है। जांच में पाया गया कि अभियुक्त द्वारा गैंग बनाकर लूट जैसी आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से अवैध संपत्ति अर्जित की गई थी। इसी के तहत थाना एम्स पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के अंतर्गत उक्त दोपहिया वाहन को जब्त कर लिया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त रजनीश तिवारी का आपराधिक इतिहास भी लंबा रहा है। उसके खिलाफ देवरिया और गोरखपुर जनपद में धोखाधड़ी, चोरी, जालसाजी, लूट, आबकारी और गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2016 से लेकर 2025 तक विभिन्न थानों में उसके खिलाफ लगातार आपराधिक मामले सामने आते रहे हैं।

## राम मंदिर, अयोध्या के धार्मिक आयोजनों की नौ सदस्यीय समिति में संत डॉ. रामानंद दास शामिल, गगहा क्षेत्र में हर्ष



गगहा, गोरखपुर। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में धार्मिक आयोजनों के सुचारु संचालन के लिए गठित नौ सदस्यीय समिति में रामकथा कुंज के पूज्य संत डॉ. रामानंद दास जी महाराज को सदस्य बनाए जाने पर गगहा क्षेत्र सहित उनके पैतृक गांव मिश्रौली में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। मूल रूप से गगहा क्षेत्र के मिश्रौली गांव निवासी संत डॉ. रामानंद दास जी महाराज ने बाल्यकाल में ही गृहस्थ आश्रम का त्याग कर संत परंपरा को अपनाया और स्वयं को धर्म, संस्कृति एवं समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। अपनी ओजस्वी श्रीमद्भागवत कथाओं, रामकथाओं एवं आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने देश-विदेश में विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके आध्यात्मिक व्यक्तित्व और धार्मिक सेवाओं से न केवल अयोध्या, बल्कि उनका पैतृक क्षेत्र भी गौरवान्वित हुआ है। धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामार्चन महायज्ञों एवं अन्य वैदिक अनुष्ठानों के सफल संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में उनके दीर्घ अनुभव, विद्वता एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के धार्मिक आयोजनों के संचालन हेतु गठित नौ सदस्यीय समिति में स्थान दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि संत डॉ. रामानंद दास जी को मिली यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि गगहा क्षेत्र और मिश्रौली गांव के लिए भी गर्व, सम्मान और प्रेरणा का विषय है। इससे क्षेत्र के लोगों का धार्मिक एवं सांस्कृतिक गौरव और अधिक बढ़ा है।

## ट्रेन में प्रसूता ने दिया बच्चे को जन्म

गोण्डा। पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा जंक्शन पर शुक्रवार को बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। रेलवे चिकित्सकीय टीम और सहयात्रियों की तत्परता से कोच में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिसमें महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। रेलवे सूत्रों ने बताया कि बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12566) में यात्रा के दौरान खुशबू (26) को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। इसकी सूचना मिलते ही गोण्डा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) दीपक पांडेय, डॉ. प्रतिभा सिंह तथा मेडिकल टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

उन्होंने बताया कि सहयात्रियों के सहयोग से ट्रेन के एस-4 कोच में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया, जहां महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। इस दौरान मौजूद यात्रियों ने नवजात को स्नेहपूर्वक क्रांति नाम से पुकारना शुरू कर दिया।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों से संवाद अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर सिद्धार्थनगर की सीपीयू टीम सम्मानित



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन सभागार में जिले के सभी थानों की कम्युनिटी पुलिस टीम (सीपीयू) के साथ समीक्षा गोष्ठी की। इस दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों से संपर्क कर संवाद स्थापित करने के विशेष अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीपीयू प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी ने बताया कि अभियान के तहत सीपीयू टीम ने जनसहभागिता बढ़ाने तथा पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस सराहनीय पहल की अपर पुलिस महानिदेशक ने भी प्रशंसा करते हुए सिद्धार्थनगर पुलिस एवं सीपीयू टीम के कार्यों की सराहना की।

संक्षेप

## सड़क किनारे पड़ा मिला अज्ञात अधेड़ का शव

सहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के झुंगिया फर्टिलाइजर मोड़ के पास सड़क के किनारे एक अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा देख बगल के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुची मुकामी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक की शिनाख्त नही हो सकी थी। मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को मध्यांह चिलुआताल पुलिस को सूचना मिली कि झुंगिया फर्टिलाइजर मोड़ के पास सड़क के किनारे एक अधेड़ शव पड़ा है। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष, रंग सावला, इकहरा बदन, शरीर पर केवल हाफ चड्डा के अलावा पूरी शरीर नंगी थी। मृतक के पेट के पास थोड़ा घोट दिख रहा था। पुलिस टीम द्वारा अगल बगल लगे सीसी टीवी फुटेज खंगालने पर देखा गया कि शुक्रवार को लगभग दस बजे के आस पास अधेड़ लड़खड़ाते हुये घटना स्थल की तरफ जा रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नही सकी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह पता लग सकेगी।

## पाक्सो का आरोपी धराया

सहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर शारीरिक शोषण करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मजनू चौकी क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली एक अल्प ब्यस्क किशोरी को बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाला ग्राम सभा डहला निवासी रोबिन कन्नौजिया पुत्र बालचन्द्र कन्नौजिया के खिलाफ किशोरी के पिता के तहरीर के आधार पर पुलिस बी एन एस की धारा 64 (1), 115 (2), 352, 351 (3) व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर आरोपी की तलाश कर रही थी पुलिस रोबिन कन्नौजिया को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया।

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

गोला, गोरखपुर। नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनानंद यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार बालचंद चौहान को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से बर्खास्त करने तथा छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने की मांग की गई। पूर्व जिपंस घनानंद यादव ने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से इस मामले में संतोषजनक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सूचना

सूचित हो कि मैं प्रीति पंत पुत्री स्व. रेवा धर पंत मेरा भवन संख्या 2/204 विराट खंड गोमती नगर का LDA का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र और विक्रय विलेख वास्तव में खो गया है जो कि प्रथम आवंटी पूरन चंद्र पंत के नाम से था जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा

सूचना

मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में त्रुटिवश उसका नाम अभिनव जाधव (ABHINAV JADHAV) दर्ज है जबकि उसका सही नाम अभिनव राजेन्द्र जाधव (ABHINAV RAJENDRA JADHAV) है। मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **राजेन्द्र मधुकर जाधव नाईक पुत्र श्री मधुकर तुकाराम जाधव नाईक नि.- 136/138, दुर्विजयगंज, राजेन्द्र नगर, लखनऊ।**

प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना माल, कमिश्नरेट लखनऊ में नीलामी की प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित है जिसके क्रम में थाना स्थानीय पर दाखिल वाहन, माल मुकदमाती, सीज, लावारिस सुपुर्दगी वाहन चार पहिया, दो पहिया व अन्य बड़े वाहन थाना परिसर में खड़े है जिनके सम्बन्ध में उपरोक्त वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन को वैधानिक तरीके से प्राप्त करने में रुचि नहीं ली जा रही है, ऐसे वाहन जो लम्बे समय से थाना परिसर में खुले आसमान के नीचे खड़े होने के कारण उनके इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर स्पष्ट नहीं है एवं जिनके वाहन स्वामियों का पता तस्दीक हुआ है उनको नोटिस जारी की गयी है तथा पम्पलेट के माध्यम से सूचना दी जा रही है। अतः सम्बन्धित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के अन्दर अपना वाहन नियमानुसार अवमुक्त करा ले अन्यथा उपरोक्त वाहनों की नीलामी कराकर पैसा राजकीय कोष में जमा कर दिया जायेगा। जिसका दायित्व वाहन स्वामी का होगा।

**प्रभारी निरीक्षक थाना माल कमिश्नरेट लखनऊ।**

# गोरखपुर 2027 तक बाल श्रम मुक्त होगा, तैयारी तेज

## 1 जुलाई से 31 अगस्त तक विशेष अभियान पर जोर



गोरखपुर। जनपद को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी (नगर) गोरखपुर की अध्यक्षता में बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में 1 जुलाई 2026 से 31 अगस्त 2026 तक चलाए जा रहे बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास विशेष अभियान की प्रगति और आगे की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

यह बैठक प्रमुख सचिव, श्रम, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए समन्वित कार्रवाई पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि बाल श्रम के उन्मूलन के लिए केवल श्रम विभाग ही नहीं, बल्कि शिक्षा, पंचायत, पुलिस और सामाजिक कल्याण समेत सभी संबंधित विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने निर्देश दिए कि बाल श्रम के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए ग्राम स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी, ब्लॉक स्तर पर खंड विकास अधिकारी तथा तहसील स्तर पर तहसीलदार को उनके-उनके क्षेत्र में नोडल अधिकारी नामित किया जाए। इससे निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जा सकेगा और बाल श्रम के मामलों में त्वरित कार्रवाई संभव होगी। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि बाल श्रमिकों की पहचान कर उन्हें तत्काल श्रम से मुक्त कराते हुए उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके लिए शिक्षा विभाग को ऐसे बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित कराने और समाज कल्याण विभाग को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अध्यक्षता कर रहे एडीएम सिटी ने सभी अधिकारियों से अपील की कि यदि कहीं भी बाल श्रम की सूचना मिले तो तत्काल 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), श्रम विभाग, पुलिस विभाग या बाल कल्याण समिति को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता बढ़ाना भी इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे समाज के सहयोग से इस कुप्रथा को समाप्त किया जा सके।

बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट), जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मानव सेवा संस्थान और सेफ सोसाइटी जैसे गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया और अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

## पदोन्नति पर चार खंड शिक्षा अधिकारियों को बीएसए, बीईओ और शिक्षकों ने दी विदाई



उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत रहे खंड शिक्षा अधिकारी संजय शुक्ल, जगदीश श्रीवास्तव, नाहिद इकबाल फारूकी एवं देवेंद्र कुमार की पदोन्नति पर गुरुवार को उन्नाव गेस्ट हाउस में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विभागीय अधिकारियों और शिक्षक प्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पाण्डेय ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीएसए सहित जिले के वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारियों ने उन्हें प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और साथ बिताए कार्यकाल की स्मृतियां साझा कीं। उप निदेशक, मध्याह्न भोजन के पद पर पदोन्नत संजय शुक्ल ने औरास में बिताए अपने कार्यकाल को अविस्मरणीय बताते हुए बीएसए उन्नाव, शिक्षकों एवं सहयोगियों से मिले सहयोग और आत्मीयता के प्रति आभार जताया। देवेंद्र कुमार और नाहिद इकबाल फारूकी ने बीएसए उन्नाव के साथ कार्य करने के दौरान मिले अनुभवों और सीख को साझा किया, जबकि जगदीश श्रीवास्तव ने उन्नाव के शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी मनिंद्र कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार, विनय विश्वकर्मा, शुचि गुप्ता, अनीता शाह एवं डबल एओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षक संगठनों की ओर से प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन के जिला एवं मांडलिक मंत्री प्रदीप कुमार वर्मा, विद्यासागर मिश्रा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के गणेश शंकर गुप्ता, पीएसपीएसए मीडिया प्रभारी राजदीप, असोहा अध्यक्ष अतुल साहू, ललित कुमार, अटेवा अध्यक्ष अर्पित मिश्र, एआरपी मनीष मिश्र एवं शिक्षक उमेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश तिवारी ने किया।

## बार के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, महामंत्री सुरेश पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष केपी वर्मा व आनंद कोषाध्यक्ष दीपक को न्याय अधिकारी कनिष्क राठौर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्याय अधिकारी कनिष्क राठौर ने कहा कि समाज के लोग जब अपनी आवाज नहीं उठा पाते तब समाज के पीड़ा को उठाने का काम अधिवक्ता करता है। बार बेंच का संबंध होता है जिससे आपसी संबंध स्थापित होने के साथ न्याय की गरिमा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बार बेंच का जो संबंध पूर्व मे था वैसा ही नव निर्वाचित कमेटी के साथ भी रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह को एस डी एम आनंद कुमार नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि बार और बेंच के मध्य हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है और हम उसी के माध्यम से किसी नतीजे पर पहुंचते हैं उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है व्यक्ति जीवन पर्यंत कुछ न कुछ सीखता ही रहता है। शपथ ग्रहण समारोह को विशिष्ट अतिथि उपनिबंधक बीघापुर प्रभात सिंह, उन्नाव बार के मंत्री अनुज बाजपेई, अतिरिक्त एस डी एम यादवेंद्र सिंह, तहसीलदार गणेश सिंह ने संबोधित किया। बीघापुर बार एसोसिएशन की अध्यक्ष केपी सिंह ने चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने वाले चुनाव अधिकारी श्यामू सिंह, रणविजय सिंह, निर्मल बाबू को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने किया।

## यूनिवर्सिटी ध्वस्त होने की चर्चा के बीच विरोध शुरू

उन्नाव। रामपुर में मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की ध्वस्त करने की चचाओं के बीच विरोध भी शुरू होने लगा है। इसी के तहत जनपद में विभिन्न नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा और शहर की जामा मस्जिद कमेटी के प्रतिनिधियों द्वारा मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को तकनीकी कमियों के आधार पर ध्वस्त किए जाने के चचाओं का विरोध करते हुए सरकार से यह मांग की गई कि व्यापक छात्र हित में इस यूनिवर्सिटी को ध्वस्त ना किया जाए, यदि इसमें कोई तकनीकी कमियां है भी तो उन्हें सुधार कर संचालित करने का मौका दिया जाए। इसी के साथ ही तमाम नागरिक संगठन के प्रतिनिधियों ने पिछले दिनों पश्चिम बंगाल के रानी गंज में प्रख्यात साहित्यकार और भारतीय दर्शन के ध्वजवाहक राहुल सांकृत्यायन प्रतिमा को ध्वस्त करने की कार्यवाही की निंदा करते हुए दोषी जनों को दंडित करते हुए प्रतिमा को पुनः उसी स्थान पर स्थापित करने की मांग की।

# दुष्टों के लिए कठोर और संतों के प्रति कोमल होते हैं भगवान

## सप्तदिवसीय श्रीराम कथा का दूसरा दिन




गोरखपुर। प्रयागराज से पधारे श्रीराम कथा मर्मज्ञ आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि श्रीराम जी का चरित्र अपार और अगाध है। श्रीराम कथा का एक-एक अक्षर हमारे जाने-अनजाने पापों को नष्ट करने वाला है। उन्होंने बताया कि प्रभु का चरित्र श्रद्धा और विश्वास से ही समझा जा सकता है। श्रद्धा के साथ किया गया विश्वास फल देता है। भगवान के हर लीला के पीछे कोई विशेष योजना होती है। कुतर्क बुद्धि सर्वथा भक्ति के मार्ग में बाधा पैदा करती है, इसीलिए श्रद्धा और विश्वास के माध्यम से ही की गई भक्ति शुद्ध होती है। श्री शांतनु जी महाराज, गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्रीगोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे थे। उन्होंने कथा प्रसंग का विस्तार करते हुए कहा कि महात्मा कम पढ़ा लिखा हो सकता है पर महात्मा की बुद्धि पर परमात्मा की विशेष कृपा होती है, क्योंकि महात्मा में श्रद्धा और विश्वास ईश्वर के प्रति अटल होता है। विश्वास वटवृक्ष की तरह अटल होना चाहिए। भगवान दुष्टों के लिए कठोर और संतों के लिए कोमल होते हैं। उन्होंने कहा कि पार्वती जी जिज्ञासा स्वरूप है और सती जी संशय का स्वरूप है। जिज्ञासा का समाधान होता है और संशय का विनाश होता है इसीलिए सती माता का विनाश हुआ और पार्वती माता का समाधान हुआ। श्री शांतनु जी ने कहा कि हमारा बाहर का शरीर संसार के कार्यों में लगा रहे किंतु हमारा भीतर का शरीर भगवान की लीलाओं में लगा रहे तभी सच्ची भक्ति होती है। गंगा में पवित्र होने के लिए चलकर जाना पड़ता है, परंतु यह राम कथा रूपी गंगा लोगों के घर घर तक जाकर उनका कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि सगुण और निर्गुण में कोई भेद नहीं है जो इसमें भेद मानते है उनको भगवान की प्राप्ति नहीं होती। भगवान भक्त के प्रेम के वशीभूत होकर निर्गुण से सगुण रूप में आ जाते है। जब हम भगवान की कृपा को संयोग मानते है तो कृपा की अनुभूति नहीं होती। उन्होंने कहा कि जब जब सज्जन लोग पीड़ित होते है, अधर्म, अन्याय, अत्याचार बढ़ता है तब तब भगवान विविध विविध रूपों में आकर सज्जनों की पीड़ा हरते है।

कथा व्यास ने आज की कथा में भगवान कार्तिकेय का जन्म, शिव पार्वती संवाद, नारद मोह, मनु सतरूपा साधना तथा भगवान राम के जन्म की कथा आदि का वर्णन किया। कथा का समापन आरती और प्रसाद वितरण से हुआ। इस अवसर पर प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ जी महाराज, काली बाड़ी के महंत रविंद्र दास जी महाराज, योगी हनुमाननाथ, डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. प्रांगेश मिश्र, आचार्य बृजेश मणि मिश्र, डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, दयानंद शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



चौरीचौरा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई चौरीचौरा के साथियों ने नवागत उपजिलाधिकारी चौरीचौरा से प्रदेश महासचिव उमाशंकर शुक्ला के नेतृत्व में गुरुवार को शिष्टाचार मुलाकात किया। तथा जनहित को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पर डाक्टरों की नियुक्ति के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा रवि कुमार सिंह को सौप कर कार्यवाही की मांग किया। बताते चलें कि गुरुवार को पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में तहसील इकाई चौरीचौरा का एक शिष्टमंडल उपजिलाधिकारी चौरीचौरा रवि कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पर फिजिशियन,एनटी, सर्जन , रेडियोलॉजिस्ट के डाक्टर उपलब्ध न होने के कारण जनहित को ध्यान में रखते हुए, उक्त डाक्टरों की नियुक्ति उक्त हास्पिटल पर यथा शिघ्र कराने हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चौरीचौरा को सौंप कर कार्यवाही की मांग किया गया। प्रदेश महासचिव ने बताया कि चौरीचौरा एक आदर्श नगर पंचायत के रुप में विकसित है।इस नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकार द्वारा तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। लेकिन यहां पर फिजिशियन,एनटी, सर्जन तथा अर्थो के डाक्टर नियुक्त नहीं है।जिसकी यहां अति आवश्यकता है। उन्होने कहा कि यह संगठन पत्रकारहित के साथ साथ जनहित के मुद्दे को अक्सर उठाता रहता है।उक्त अवसर पर, विनोद कुमार जायसवाल, कृष्णा कुमार,केश्वर गौड,वशीउलहक सिद्दीकी, दुर्गेश गुप्ता, ताम्रध्वज चौहान, रामसेवक पासवान विनोद कुमार पासवान अभिषेक प्रजापति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# डायरिया के प्रति जागरूकता के लिए प्रचार वाहनों को सीएमओ ने दिखायी हरी झंडी





- जिले में 25 अगस्त तक चलेगा डायरिया रोको अभियान, आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

उन्नाव। जनपद में डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) का शुभारम्भ शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार शर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से किया। इसके साथ ही डायरिया के प्रति जागरूकता सम्बन्धी संदेशों वाले पोस्टर-बैनर से सुसज्जित प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया के लक्षण, कारण और बचाव आदि के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे। जनपद में डायरिया रोको अभियान आगामी 25 अगस्त तक चलेगा, जिसके तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इस मौके पर सीएमओ ने शून्य से पांच साल तक के बच्चों को ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां भी प्रदान की और उनकी उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे को दिन भर में तीन या तीन से अधिक बार पतली दस्त हो तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है और ऐसे में उसको तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न होने पाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में डायरिया से जुड़े प्रमुख संदेशों पर प्राथमिकता से चर्चा की जाएगी। बैठक में बताया जाएगा कि दस्त के दौरान बच्चों को ओआरएस का घोल दिया जाए, दस्त होने पर बच्चों को उम्र के अनुसार 14 दिनों तक जिंक की गोली अवश्य दी जाए, स्वच्छ पेयजल का उपयोग किया जाए और खाना बनाने से पूर्व, परोसने से पूर्व और खाना खिलाने से पूर्व और बच्चों का मल साफ करने के बाद हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह से अवश्य धुलें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे. आर. सिंह ने बताया कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो इस अभियान में सहयोग करेंगे। अभियान के दौरान आशा कार्यकताओं के माध्यम से शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए ओआरएस एवं जिंक का वितरण किया जाएगा। वितरण की दैनिक प्रगति व लाभार्थियों का विवरण स्वास्थ्य विभाग के ई कवच पोर्टल पर नियमित रूप से दर्ज किया जाए, जिससे अभियान की मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी अर्चना मिश्रा, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. रानू कटियार, एफपीएलएमआईएस मैनेजर डॉ. आरिफ, हॉस्पिटल मैनेजर ममता श्रीवास्तव, सहयोगी संस्था पीएफआई से एवं अशरफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

# रविदास जयंती पर कार्यशाला का आयोजन

## भाजपा अध्यक्ष ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया



इटावा। भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज 650वीं जयंती समरसता संकल्प अभियान जिला कार्यशाला संपन्न हुई। जिला कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके हुआ। कार्यशाला को मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर शाहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक समरसता संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक समरसता, मानवता और जातिवाद-मुक्त समाज के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। पूर्व सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने अनेक अवसरों पर कहा है कि संत गुरु रविदास महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन जातिवाद और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए समर्पित किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई 2026 को वाराणसी से समरसता दीप अभियान के माध्यम से होगा। गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर देशभर के संत रविदास मंदिरों में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में 29 जुलाई से 10 सितंबर 2026 तक कलश वंदन अभियान चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने आए हुए गणमान्य जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह अभियान समाज में समरसता, सामाजिक सद्भाव, समानता और राष्ट्रहित के मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में एक व्यापक जनजागरण अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा।

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नहीं तो पीएम दें इस्तीफा: रामआसरे



इटावा। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रामआसरे विश्वकर्मा पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा राज में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी चरम पर, 2 करोड़ रोजगार का वादा धोखा है। उन्होंने कहा कि यहां लक्ष्मण वाटिका हाल में पीडीए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए है पूरे प्रदेश में जाकर पीडीए वर्ग के लोगों से जनसंवाद कर रहे है। किसान गरीब बेरोजगार भाजपा के राज में सब परेशान है। भाजपा का दोहरा चरित्र है। जाति के आधार पर अल्पसंख्यक, दलित व यादवों को अपमानित करने का काम कर रही है। दलित अल्पसंख्यकों की 40 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी है। बीजेपी खुलेआम हत्या करवा रही है। दिल्ली में जंतर मंतर पर छात्र छात्राओं द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन के बावजूद भी शिक्षामंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया है उनकी पुलिस ने छात्र छात्राओं को बुरी तरीके से पीटकर घायल भी कर दिया है भाजपा के राज में कभी अच्छे दिन तो नहीं आए लेकिन अब बुरे दिन जरूर आने वाले है। नौजवानों के साथ देश की जनता समाजवादी पार्टी के साथ है वह बदलाव चाहते है 2027 में सपा की सरकार बनेगी तभी देश का विकास बढ़ेगा। भाजपा सरकार छात्र छात्राओं के साथ हठधर्मी पर उतर आई है। पीडीए वर्ग पर सबसे ज्यादा अत्याचार, 60 प्रतिशत फर्जी एनकाउंटर और हिरासत में मौतें पीडीए की हुए हैं, 24 बुलडोजर कार्रवाई में 22 कार्रवाई पिछड़े-दलित-मुस्लिमों पर, जाति देखकर कार्रवाई की भाजपा सरकार ने। पेपर लीक से नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, उदयभान सिंह यादव, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष फरहान शकील, उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, जिला सचिव प्रवीन कुशवाह, बृजमोहन राजपूत प्रधान, शीलू यादव प्रधान, रजत सिंह, नरेंद्र प्रजापति, रुपेश कठेरिया उपस्थित रहे।

## हादसों में चार लोगों की मौत



इटावा। जनपद में हुए अलग अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शवों को परिजनों को सौंपा। भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैसाई निवासी किसान सोनेलाल उम्र 30 साल बीती रात बृहस्पितवार को लगभग नौ बजे करीब खेत पर जाते समय 11 हजार की लाइन की चपेट में आ जाने से गिरकर घायल हो गया। परिजन आनन फानन में इलाज के लिए ले गए जहां उसकी मौत हो गयी। किसान की मौत की खबर से घर व परिवार में कोहराम सा मच गया। मृतक अपने पीछे एक लड़का व एक लड़की सहित पत्नी रचना यादव को रोता बिलखता छोड़ गया। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीमनगर निवासी आकाश कुमार पुत्र अशोक की करंट लगने से मौत हो गयी। इकदिल थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना से राकेश पुत्र बांकेलाल उम्र 50 निवासी ग्राम बंगला थाना बकेवर की मौत हो गयी। बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत 20 वर्षीय गोलू पुत्र अखिलेश निवासी किल्ली बसरेहर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## बूंदाबांदी के बाद 14 घंटे गुल रही बिजली

जसवंतनगर, इटावा। गुरुवार रात हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। रात करीब डेढ़ बजे बाधित हुई विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को 12 से 14 घंटे तक बहाल नहीं हो सकी, जिससे नगर क्षेत्र सहित बलरई, जुगौरा, सिरसा, बीबामऊ समेत कई फीडरों से जुड़े 100 से अधिक गांव अंधेरे में डूबे रहे। लंबे बिजली संकट से करीब डेढ़ लाख की आबादी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति ठप होने से सरामई, लुंगे की मड़ैया, नगला तौर, घुरहा, जाखन, पूंछरी, नगला सलहदी, नगला रामसुंदर, अंडाबली, कोका बली, खंदिया, बलरई, नगला विशुन, बाउथ, कीरतपुर, पीहरपुर, धरवार, तिजोरा सहित सैकड़ों गांवों में पेयजल आपूर्ति, घरेलू कामकाज और छोटे कारोबार भी प्रभावित रहे। वहीं नगर के सभी मोहल्लों में भी लोगों को भीषण उमस के बीच घंटों बिना बिजली के रहना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश के बाद ही बिजली व्यवस्था ठप हो जाना विद्युत तंत्र की कमजोर तैयारियों को उजागर करता है। कई उपभोक्ताओं ने विभाग पर समय पर सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था न करने का आरोप लगाया।

## मां की गोद से चोरी हुआ 3 माह का मासूम, सकुशल बरामद

इटावा। जीआरपी ने मिजार्पुर रेलवे स्टेशन से मां की गोद से चोरी किए गए तीन माह के मासूम को घटना के 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। गुरुवार शाम करीब छह बजे रेलवे स्टेशन के मालगोदाम रोड पर चेकिंग के दौरान एक महिला को बच्चे के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान मिजार्पुर के देहात कोतवाली क्षेत्र के अमभाई गांव निवासी 48 वर्षीय मीना देवी पत्नी मंगरू के रूप में हुई। आरोपी महिला और बच्चे को रात करीब नौ बजे आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी मिजार्पुर के सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि मिजार्पुर जीआरपी ने संदिग्ध महिला की फोटो पहले ही भेजी थी। जांच में सामने आया कि बच्चा चोरी के समय महिला ने अलग कपड़े पहने थे और इटावा पहुंचने तक कपड़े बदल लिए थे। हालांकि ब्लाउज का रंग एक जैसा होने के कारण पुलिस ने उसकी पहचान कर ली। पूछताछ के दौरान महिला लगातार अलग-अलग बयान देती रही, जिससे पुलिस का शक और गहरा गया। पुलिस जांच में पता चला कि महिला के साथ मिला बच्चा वही है, जिसे बुधवार को मिजार्पुर रेलवे स्टेशन पर उसकी मां की गोद से सोते समय चोरी किया गया था। बच्चा स्टेशन परिसर में भीख मांगने वाली महिला का है। घटना के बाद मिजार्पुर जीआरपी ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों में आरोपी महिला बच्चे को लेकर जाती हुई भी दिखाई दी थी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचनाः
**NER-LJN-2026-208, 209 & 210**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः–

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-208, कार्य का नामः मल्हौर स्टेशन पर डीएसडी (डीवीजनल स्टोर डिपो) यानी मंडलीय भंडार डिपो के बुनियादी ढाँचे में सुधार/उन्नयन का कार्य। अनुमानित लागत (₹): ₹1,86,58,441.71, अग्रिम धन (₹): ₹ 3,73,200/-, समापन अवधिः 12 माह।

**क्रम सं.-02,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-209, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ डिवीजन-दिव्यांगजनों के लिए प्लेटफॉर्म पर शौचालय की सुविधाः बादशाह नगर-प्लेटफार्म-2/3 पर दोनों तरफ (02), लखनऊ जंक्शन-प्लेटफार्म-6 पर दोनों तरफ (02), डालीगंज-लखनऊ सिटी की तरफ प्लेटफार्म-4 (01), लखनऊ सिटी–ऐशबाग की तरफ प्लेटफार्म-1 (01) और प्लेटफार्म-4 पर दोनों तरफ (02), GTNR-प्लेटफार्म-1 और 2/3 पर दोनों तरफ (04), प्लेटफार्म-4/5 और 6- बादशाह नगर की तरफ (02) और BLP- प्लेटफार्म-2-एक तरफ (01)। कुल = 15 शौचालय। अनुमानित लागत (₹): ₹ 2,75,77,460.24, अग्रिम धन (₹): ₹ 5,51,600/-, समापन अवधिः 12 माह।

**क्रम सं.-03,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-210, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ डिवीजनः समई/स्पे/गोण्डा सेक्शन में 24 महीनों की अवधि के लिए छोटी ट्रैक मशीन/वेल्डिंग मशीन/पी.वे. मटीरियल के पिक-अप वैन से ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था। अनुमानित लागत (₹): ₹ 49,34,131.80, अग्रिम धन (₹): ₹ 98,700/-, समापन अवधिः 24 माह।

**नोटः-** (1) उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-208, 209 & 210 के लिये ई-निविदा दिनांक 19-08-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-242

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## गोला सीट पर अपना दल (एस) ने ठोकी दावेदारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उत्तर प्रदेश की राजनीति में 139 गोला विधानसभा सीट को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। एनडीए के सहयोगी दल अपना दल (सोनेलाल) ने इस सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत करते हुए संगठन स्तर पर चुनावी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। पार्टी नेताओं का दावा है कि इस बार गोला विधानसभा सीट अपना दल (एस) के खाते में आने की पूरी संभावना है। अपना दल (एस) लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव पटेल ने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में यह सीट पार्टी के खाते में आते-आते रह गई थी, लेकिन इस बार शीर्ष नेतृत्व से सकारात्मक संकेत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि गोला विधानसभा राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सीट है और पार्टी पूरी मजबूती के साथ इसकी दावेदारी कर रही है। राजीव पटेल ने बताया कि सीट को लेकर पार्टी नेतृत्व से लगातार चर्चा चल रही है। अंतिम निर्णय एनडीए गठबंधन के स्तर पर होगा, लेकिन पार्टी संगठन ने क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। कार्यकर्ता गांव-गांव चैपाल लगाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरने की रणनीति पर काम कर रहा है। पार्टी का लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और अधिक से अधिक लोगों तक अपनी नीतियों एवं विचारों को पहुंचाना है। गोला विधानसभा में पार्टी की बढ़ी सक्रियता से क्षेत्र का राजनीतिक माहौल भी गमार्ने लगा है।

## हाइवे पर सांड़ से टकराने से बाइक सवार की मौत



जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव फुलरई के सामने गुरुवार रात करीब 10 बजे आवारा सांड से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। क्षेत्र के गांव नगला कुआं निवासी आकाश पुत्र दयाशंकर उम्र 24 वर्ष अपनी बहन के घर सिरसागंज जा रहा था। तभी रास्ते में अचानक सांड सामने आ जाने भीषण सड़क दुर्घटना में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर अपनी टीम के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष कमल भाटी ने घायल को जसवंतनगर भेजा। जहां केंद्र अधीक्षक डॉक्टर वीरेंद्र ने परीक्षण के बाद गंभीर घायल आकाश को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की शादी दो वर्ष इटावा की निशा से हुई थी मृतक अपने पीछे एक वर्ष का बेटा निशू को छोड़ गया है। बताया गया है कि मृतक तमिलनाडु में प्राइवेट नौकरी करता था और 5 दिन पूर्व ही अपने घर पत्नी से चल रहे विवाद को सुलझाने आया था। घटना वाले दिन दोपहर में पंच लोगों के बीच सुलह समझौता भी हुआ था। उसके बाद मृतक आकाश में पत्नी को अपने साथ चलने के लिए कहा लेकिन पत्नी निशा अपने पिता के साथ मायके इटावा चली गई।निराश होकर मृतक आकाश गुरुवार शाम को अपनी बहन के यहां सिरसागंज जा रहा था तभी हाईवे पर यह घटना हुई। मृतक की मौत से परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## परीक्षा आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि 27 जुलाई

इटावा। के.के. महाविद्यालय, इटावा के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि छत्रपति शाहू महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार शैक्षिक सत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी के तहत संचालित स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की स्पेशल बैकपेपर परीक्षा हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई निर्धारित की गई है। सभी पात्र छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने ऑनलाइन परीक्षा परीक्षा फॉर्म एवं परीक्षा शुल्क अनिवार्य रूप से जमा कर दें।

# लिलौटीनाथ मंदिर पहुंचे सीडीओ

### अधूरी सड़क को दो दिन में पूरा करने का ठेकेदार को दिया अल्टीमेटम



लखीमपुर खीरी। श्रावण माह में प्राचीन लिलौटीनाथ शिव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने मंदिर परिसर, पहुंच मार्ग और घाट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान निमार्णाधीन सड़क अधूरी मिलने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुए दो दिन के भीतर कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम दिया और समयसीमा का पालन न होने पर पेनल्टी व कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंदिर परिसर और आसपास सफाई व्यवस्था के लिए नियमित टीम तैनात करने, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, घाट की साफ-सफाई कराने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि श्रावण मेले के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम वातावरण मिले। तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय से समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करें। इस दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग केके झा, बीडीओ सुमित कुमार सिंह सहित मंदिर प्रबंधन की पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छात्रों पर कार्रवाई की न्यायिक जांच की मांग, भेजा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामाजिक रोजगार अधिकार अभियान के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की मांग की। संगठन ने घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रहार बताते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई।



ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया गया, जिससे कई छात्र घायल हुए। संगठन ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराकर दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने, घायल छात्रों को उचित उपचार, मुआवजा और न्याय दिलाने की मांग की। संगठन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक आधार पर इस्तीफा लेने की मांग करते हुए घटना की जवाबदेही तय करने पर भी जोर दिया। ज्ञापन में सादी वर्दी में कार्रवाई करने वाले व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक करने तथा यह स्पष्ट करने की मांग की गई कि कार्रवाई किस अधिकारी और मजिस्ट्रेट के आदेश पर की गई थी। इस दौरान जिला संयोजक जमशेद अली, अजीत कुमार, आलोक कुमार, संदीप भार्गव, अहद शेरख, कामिनी देवी, गीता गौतम, हर्ष शर्मा, ज्ञानेश, शिव भगवान, कामता प्रसाद, पिंटू यादव, विक्रम सिंह, रामकुमार गौतम, रूपचंद्र, अनीता, अनूप कुमार, चुन्नीलाल, विपिन कुमार, प्रवीण कुमार, गोवर्धन लाल, सुशील कुमार, शिशुपाल, दीपेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीडीओ ने विधायक संग दो ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर किया पौधरोपण



लखीमपुर खीरी। विकास खण्ड लखीमपुर सदर की ग्राम पंचायत रमवापुर में विधायक योगेश वर्मा के साथ बीडीओ लखीमपुर सदर संदीप कुमार तिवारी सड़क व नाली के विवाद की शिकायत को लेकर मौके पर पहुंचे। ग्राम पंचायत रमवापुर में सड़क व नाली को लेकर ग्रामीणों में आपसी विवाद चल रहा था जिसकी शिकायत बिधायक तक पहुँची थी। ग्रामीणों की शिकायत के निस्तारण हेतु विधायक योगेश वर्मा व बीडीओ संदीप कुमार तिवारी स्वयं मौके पर पहुंच कर विवाद का निस्तारण कराया। इसके बाद विकास खण्ड सदर की ग्राम पंचायत पिपरा करमचंद में विधायक योगेश वर्मा व बीडीओ संदीप कुमार तिवारी ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के उपरांत श्री तिवारी ने विधायक संग उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण। निरिक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों की ब्यवस्था चाक चौबंध मिली एवं बच्चों की उपस्थिति भी अच्छी संख्या में पाई गई व विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थिति मिला।

## समाजवादी कार्यकर्ताओं में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



मोहम्मदी खीरी। समाजवादी कार्यकताओं ने मौलाना जौहर विश्वविद्यालय समेत तमाम मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति का संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव के नेतृत्व में राम कैलाश यादव, राजन वाल्मीकि, इकरार अहमद खां, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर जुबेर खां, सगीर आलम सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या मे कार्यकताओं में जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना, छात्रों की मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनना, नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में पेपर लीक समेत समेत कई मुद्दों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने को लेकर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार सिंह को सौपा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे हैं।

## ऐरा पुल की रेलिंग से टकरायी रोडवज बस, चालक रेफर

लखीमपुर खीरी। नेशनल हाइवे पर शुक्रवार की सुबह हरिद्वार से रुपैडिहा जा रही सीतापुर डिपो की रोडवेज बस ऐरा पुल से टकरा गई। रोडवेज बस की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक की साइड का पूरा हिस्सा फट गया। इस दौरान चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जबकि परिचालक के सिर में चोट आई है। वहीं बस में सवार सात यात्रियों में से एक महिला मुसाफिर का भी चोटिल होना बताया जा रहा है। वहीं राहगीरों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से चालक को सीएचसी नकहा ले जाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कों रेफर किया जहाँ डॉक्टरों ने हालात ज्यादा गंभीर होने के चलते लखनऊ रेफर कर दिया जहाँ उपचार किया जा रहा है।

# सावन से पहले बढ़ी बिजली कटौती, उपभोक्ताओं में नाराजगी



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। सावन माह शुरू होने में अब केवल पांच दिन शेष हैं। कांवड़ मेला और शिवभक्तों की तैयारियों के बीच बिजली विभाग ने लाइन परीक्षण और रखरखाव कार्य तेज कर दिया है। हालांकि इन कार्यों के चलते शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। भीषण गर्मी और उमस के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में लाइन सुधार कार्य के नाम पर घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। शुक्रवार को भी विभाग ने पहले निर्धारित रोस्टिंग का समय बदलते हुए सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली बंद रखने की सूचना जारी की। इसके बाद परीक्षण कार्य के चलते फीडर संख्या-2, 3, 5 तथा न्यू बाईपास फीडर की आपूर्ति सुबह 10.30 बजे से दोपहर लगभग 2.30 बजे तक प्रभावित रही। बिजली विभाग का कहना है कि पवित्र कांवड़ मेले के दौरान निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए तहसील उपकेंद्र पर परीक्षण एवं तकनीकी कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं शहरवासियों का कहना है कि पूरे वर्ष बिजली लाइनों के रखरखाव पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन सावन या किसी बड़े आयोजन से ठीक पहले अचानक मरम्मत और टेस्टिंग का अभियान शुरू कर दिया जाता है। इसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती के रूप में भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द सभी कार्य पूरे कर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि सावन के दौरान श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी राहत मिल सके।

अलग फीडर के बावजूद शिव मंदिर क्षेत्र में क्यों गुल हो रही बिजली?

शिव मंदिर क्षेत्र के लिए अलग विद्युत फीडर की व्यवस्था की गई है, ताकि सावन मेले के दौरान मंदिर परिसर और आसपास निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहे। इसके बावजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से शिव मंदिर फीडर की बिजली भी बार-बार बाधित हो रही है। लोगों का सवाल है कि जब मंदिर के लिए अलग फीडर बनाया गया है तो अन्य फीडरों पर होने वाले परीक्षण और मरम्मत कार्य का असर उस पर क्यों पड़ रहा है। नागरिकों ने विभाग से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने और सावन के दौरान शिव मंदिर क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सावन मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कसी कमर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी सावन मेले में लाखों शिवभक्तों के आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी महक शर्मा ने कोतवाली परिसर में होटल एवं मैरिज लॉन संचालकों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीओ महक शर्मा ने कहा कि सावन मेले के दौरान स्थानीय पुलिस के अलावा अन्य जनपदों से भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ऐसे में ड्यूटी पर आने वाले पुलिस कर्मियों और प्रशासनिक कर्मचारियों के ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने होटल एवं मैरिज लॉन संचालकों से उपलब्ध कमरों, ठहरने की क्षमता और आवश्यक सुविधाओं का विवरण समय से उपलब्ध कराने को कहा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि सावन मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और स्थानीय संस्थानों के सहयोग से व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक में कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह ने भी संचालकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना या आवश्यकता होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराया जाए, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# स्वच्छता को लेकर हुई मोहल्ला समिति की बैठक

### -गीले-सूखे कचरे के सेग्रीगेशन पर दिया जोर




इटावा। स्वच्छ भारत मिशन एवं आईटीसी के मिशन सुनहरा कल के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता के मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 15 पुरवियाटोला बाग में मोहल्ला समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मोहल्ला समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वार्ड स्तर पर कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाना और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। नगर पालिका परिषदएवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल का संयुक्त प्रयास है कि हर वार्ड में मोहल्ला समितियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, सेग्रीगेशन और रीसाइक्लिंग के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। इससे न केवल शहर कचरा मुक्त बनेगा बल्कि जैविक खाद के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक के अंत में नागरिकों ने अभियान में सहयोग करने और अपने वार्ड को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल से सुजीत कुमार, नगर पालिका से अंशुल कुमार, आसिफ व सफाईनायक रघुवीर उपस्थिति रहे।

# जिलाधिकारी ने जेल रोड पर किया पौधरोपण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज जेल रोड स्थित इंदिरा नगर पावर हाउस के समीप वृक्षारोपण कर जनपद में हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लोक निर्माण विभाग द्वारा जेल रोड में 1.5 कि०मी० सड़क की दोनों पटरियों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत छायादार, फलदार व छोटे शोभाकार वृक्षों को रोपित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने रोपित पौधों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए, ताकि उनका संरक्षण हो सके और अधिकतम पौधे विकसित होकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहे, बल्कि उनकी देखरेख और संरक्षण भी उतनी ही गंभीरता से किया जाए। जनपद को अधिक हरित, स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## ऐहार प्राथमिक विद्यालय में हुआ पौधरोपण



लालगंज रायबरेली। प्राथमिक विद्यालय ऐहार प्रथम में शुक्रवार को पंचवटी द्वारा नीम,वट ,पीपल, पाकर का वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रचना दीक्षित और श्वेता तिवारी सच्चिदानंद वर्मा ,पुष्पांजलि यादव, प्रतीक्षा, शानू शर्मा, रुचि,सौम्या शुक्ला द्वारा बच्चों के साथ मिलकर एक-एक पौधा रोपित किया गया। महादेव सिंह के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ वृक्षारोपण करते हुए वर्षों से होने वाले अनेक लाभों के विषय में जानकारी दी गई। जन चेतना के लिए काम करने वाले समाजसेवी चन्दन त्रिवेदी ऐहार, रिंकू मिश्रा ऐहार का इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर चित्रकूट महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेम शंकर मिश्रा पंचवटी के अध्यक्ष, रामगुलाम सविता द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि जिन भी विद्यालयों में पेड़ लगाने लायक जगह है वहां पर लगातार वृक्षारोपण का कार्यक्रम जारी रहेगा ,जिसके लिए प्राचार्य श्री गणेश इंटर कॉलेज अवनीन्द्र पांडे एवं सहायक अध्यापक शैलेंद्र दीक्षित द्वारा सहयोग का आश्वासन भी दिया गया।

## बंद रेलवे क्रासिंग पर अपहर्ता बालिका को छोड़कर भागी अपहरणकर्ता

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के कपासी गाँव निवासिनी 8 वर्षीय कक्षा 3 की बालिका घर से ट्यूशन को निकली थी। रास्ते में एक महिला ने अर्ध बेहोशी देकर अपहरण कर लिया। कार से ले जा रही थी। परशुरामपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से जाम में फंस गई। लोगों को आता देखकर अपहरण करने वाली महिला ने बालिका को नीचे उतार कर भाग निकली।जिससे बालिका बच गयी। शुक्रवार को रौनाही थाने में दिये गये शिकायती पत्र में आरोप है कि वृहस्पतिवार को शाम लगभग 4 बजे मानसी पुत्री राम उजागिर यादव उम्र लगभग 8 वर्ष बैग लेकर गांव में ही एक ट्यूटर के घर पढ़ने जा रही थी। मुंह को ढके एक महिला ने उसे कक्षा की मेम बताकर बहलाने फुसलाने का प्रयास किया। बालिका जब नहीं मानी तो उसने मुंह पर कोई केमिकल डालकर अर्ध बेहोश कर दिया। गाँव से बाहर ले जाकर खडी अपनी कार में डाल दिया। बालिका का हाथ पीछे बांधकर कार में ले जा रही महिला को परशुरामपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण कुछ अन्य वाहनों के साथ रुकना पड़ गया। कार में हाथ पैर मारने से आस-पास के लोगों को शंका हुई। अपने को फंसता देख महिला ने बालिका को कार से नीचे उतारा और फाटक खुलते ही वह वाहन सहित फरार हो गई। बालिका के होश में आने पर परशुरामपुर के प्राथमिक शिक्षकों ने उसे घर तक पहुंचाया। घटना के बाद आस-पास के क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों में एक भय फैल गया है। रौनाही थाना प्रभारी रतन शर्मा ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 17वां (वि./याँ.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांक - 1749/02CBW (अयोध्या क्षे.) 17E/M/2026-27 दिनांक : 23-07-2026

कार्यालय ज्ञाप

इस कार्यालय के ई-निविदा सूचना सं0 1560/02 सी0बी0डब्लू0 (अयोध्या)-17 ई / एम0/2026- 27 दिनांक 01.07.2026 द्वारा आमंत्रित ''चन्दौकी शाहगढ़ गरथोलिया जंगल टिकरी (अ.जि. मार्ग) के किमी. 1 से 4 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (विद्युत यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य)'' की ई-निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 22.07.2026 को अपरान्ह 15:30 बजे खोली जानी थी।

उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणोवश निरस्त किया जाता है।

(अखिलेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
वि./ यां. खण्ड लो.नि.वि., अयोध्या

(आर.एम. श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियन्ता
17वां (वि./यां.) वृत्त लो.नि.वि. लखनऊ

UPID-254083 Date: 24.07.26 Website : www.upgov.nic.in

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच**

पत्रांकः 486/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/ नि.कार्य/ई-टेण्डर/2026-27 दिनाँक : 23 जुलाई, 2026

ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक-485/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 23 जुलाई, 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 01 निर्माण कार्य तथा 2025-26 की प्रथम किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 02 निर्माण कार्यों व 02 कार्यों (पुनः निविदायें) सहित कुल 05 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24 जुलाई, 2026 को अपरान्ह 02.30 बजे से दिनांक 14 अगस्त, 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2026-27 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up. nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं.-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर. /एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा । आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 14 अगस्त, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraich-npp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच

संक्षेप

## बारिश में धंसी जमीन प्राचीन टीले में निकली रहस्यमयी सुरंग

**रायबरेली**। जिले के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं प्राचीन टीले के लिए प्रसिद्ध ओई गांव में बारिश के दौरान जमीन धंसने से एक रहस्यमयी सुरंग सामने आने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद क्षेत्र में कौतूहल का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर सुरंग को देखने के लिए जुट रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुदेई पत्नी स्वर्गीय रामदेव के खेत में हुई। खेत की सतह पर लगभग एक मीटर व्यास का गहरा छेद दिखाई दिया, लेकिन जब ग्रामीणों ने अंदर झांककर देखा तो उसके नीचे कई मीटर गहरी और लगभग 10 मीटर चौड़ी गुफा जैसी सुरंग नजर आई। जमीन के भीतर बनी इस विशाल संरचना को देखकर लोग हैरान रह गए। ग्रामीणों का दावा है कि सुरंग के भीतर प्राचीन ईंटों से बनी दीवारें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। इससे यह संभावना जताई जा रही है कि यह स्थान किसी प्राचीन निर्माण, तहखाने या ऐतिहासिक संरचना का हिस्सा हो सकता है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही (एसडीएम महराजगंज तथा क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने सुनीं महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें



**रायबरेली**। उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने जनपद भ्रमण के दौरान विकास खण्ड हरचन्दपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बालिकाओं के से वार्ता कर विद्यालय में मिल रही सुविधाओं/व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बालिकाओं के साथ भोजन भी किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान की जाए।

विकास खण्ड हरचन्दपुर के प्यारेपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया जहां पर 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा केन्द्र पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके पश्चात सीएचसी हरचन्दपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में नवजात बच्चियों की दादी, नानी, बुआ, मौसी आदि के साथ केक काटकर व 25 महिलाओं को बेबी किट वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने बाल गृह (बालिका) चक धरौरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों की सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उनसे बाल गृह में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। उपाध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दों के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान, एसएचओ महिला थाना पुष्पा शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशी सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शैफाली सिंह, जेण्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, काउंसलर श्रद्धा सिंह, अर्चना सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एफआईआर के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं, जांच जारी : सलोन सीओ

**नसीराबाद, रायबरेली**। नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर 2 डेला निवासी राम सिंह की संदिग्ध मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को न्याय की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और पुरुषों ने नसीराबाद थाने का घेराव किया। मामले के तूल पकड़ने के बाद शुक्रवार को सलोन क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल थाने पहुंचे और जांच-पड़ताल के बाद मीडिया से बातचीत की।

सीओ ने बताया कि मृतक राम सिंह की पत्नी श्यामकली अपने समर्थकों के साथ थाने आईं थीं और कार्रवाई की मांग कर रही थीं। थाना प्रभारी द्वारा उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित उपलब्ध साक्ष्य दिखाए गए, जिनके आधार पर फिलहाल केस दर्ज करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य फॉरेंसिक जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अपने स्तर से सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। क्षेत्राधिकारी ने यह भी बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा एक सप्ताह के भीतर तीन अलग-अलग तहरीरें दी गई हैं, जिनमें अलग-अलग लोगों पर आरोप लगाए गए हैं। इसी कारण सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं पुलिस पर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आधी रात लोगों के घरों में दबिश देने या भय का माहौल बनाने संबंधी आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य या वीडियो उपलब्ध नहीं है। गौरतलब है कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पांच दर्जन से अधिक महिलाएं, युवक और ग्रामीण थाने पहुंचकर न्याय की मांग करने लगे। इस दौरान मृतक की पत्नी श्यामकली थाना प्रभारी के सामने रोते हुए बोलीं कि उनके पास न जमीन है और न ही परिवार के भरण-पोषण का कोई साधन। उनके तीन छोटे बच्चे हैं और विपक्षियों ने उनके पति की हत्या कर दी है। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई और न्याय की मांग की। श्यामकली ने 18 जुलाई 2026 को दी गई अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि 15 जुलाई को दोपहर करीब एक बजे नहर की पटरी पर उनके पति राम सिंह का प्रकाश वर्मा और बिल्लू कश्यप के साथ विवाद और मारपीट हुई थी। उनका दावा है कि घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में इसका फुटेज मौजूद हो सकता है। पत्नी के अनुसार, राम सिंह मजदूरी के लिए घर से निकले थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। बाद में उनका शव नहर की पटरी के पास मिला।फिलहाल पुलिस फॉरेंसिक रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों का इंतजार कर रही है।

● संदिग्ध मौत मामले में सीओ का बयान

# गांम पंचायत सचिवों पंचायत सहायकों को मिला प्रशिक्षण



**कूरेभार, सुलतानपुर**। कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में पंचायत सचिवों और सहायकों को ग्राम पंचायतों की विकास योजनाएं बेहतर ढंग से तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। अयोध्या मंडल के उप निदेशक पंचायत के निर्देशन में यह आयोजन हुआ। प्रशिक्षक अजय क्रांतिकारी और अनिल कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, ग्राम पंचायतों की भूमिका और ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों के चयन पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षकों ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार होने वाली विकास योजनाएं स्थानीय जरूरतों और ग्रामीणों की प्राथमिकताओं पर आधारित होनी चाहिए। इसका उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। शिविर में पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। पंचायत सहायकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुँचाने और पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत सचिवों को विकास कार्यों की योजना बनाने और उनके क्रियान्वयन में निर्धारित नियमों व प्रक्रियाओं का पालन करने के निर्देश दिए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी एडीओ पंचायत महेश त्रिपाठी, सचिव भोला नाथ तिवारी, रवि शंकर गुप्ता, दिलीप पाठक, सुरेंद्र कुमार, मालती सिंह, महेंद्र गुप्ता सहित कई पंचायत सहायक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपेक्षा की कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

# जर्जर पुल से तीन ग्राम सभाओं के जीवन पर मंडरा रहा खतरा

**महराजगंज, रायबरेली**। विकास के दावों के बीच महराजगंज क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण पुल बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। पूरे डींगुर मजरे माझगांव के पास हलोर नैय्या नाला पर बना यह पुल पूरी तरह जर्जर हो गया है। पुल की सुरक्षा दीवारों में गहरी और चैड़ी दरारें पड़ चुकी हैं, कई हिस्से कमजोर हो चुके हैं और बरसात के मौसम में इसके किसी भी समय ध्वस्त होने की आशंका से ग्रामीण दहशत में हैं। यह पुल माझगांव, जमुरावां और सीवन ग्राम सभाओं के हजारों ग्रामीणों तथा किसानों के लिए आवागमन का मुख्य मार्ग है। प्रतिदिन किसान ट्रैक्टर, बाइक और पैदल इसी पुल से होकर अपने खेतों तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुल टूट गया तो मात्र 100 मीटर की दूरी तय करने के लिए उन्हें तीन से चार किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा। इससे खेती की लागत बढ़ेगी, समय की बबार्दी होगी और आम जनजीवन भी प्रभावित होगा।स्थानीय ग्रामीण राजेश कुमार, रूद्र प्रसाद त्रिपाठी, सुनील सिंह, बाबूलाल पासवान, पारसनाथ, जगन्नाथ लोधी, रामशंकर लोधी, उमाशंकर त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोगों ने बताया कि पुल की जर्जर स्थिति की जानकारी कई बार क्षेत्रीय विधायक और ब्लॉक प्रमुख को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह पुल माझगांव से जमुरावां ग्राम पंचायत की सीमा होते हुए हलोर नैय्या नाला पर स्थित है और वर्षों से क्षेत्र के आवागमन तथा जल निकासी का प्रमुख साधन रहा है। बरसात के दौरान पुल की हालत और अधिक खतरनाक हो जाती है। पुल से भारी वाहन गुजरने पर कंपन महसूस होता है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमारे संवाददाता अतुल तिवारी ने भी कई बार ब्लॉक प्रमुख और क्षेत्रीय विधायक को पुल की गंभीर स्थिति से अवगत कराया, लेकिन इसके बावजूद कोई पहल नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग तथा शासन से मांग की है कि पुल का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए और इसे अति संवेदनशील घोषित करते हुए शीघ्र मरम्मत अथवा नए पुल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए।

# डीएम ने मुंशीगंज शहीद स्मारक के निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

**रायबरेली**। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने मुंशीगंज स्थित ऐतिहासिक शहीद स्मारक का स्थलीय निरीक्षण कर पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता व निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि मुंशीगंज शहीद स्मारक जनपद की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है, ऐसे महत्वपूर्ण स्थल का विकास भी उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए, ताकि यहां आने वाले नागरिकों एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें तथा शहीदों के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ हो। डीएम ने स्मारक परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि विशेष रूप से पाथवे पर उच्च गुणवत्ता की लाइटें लगाई जाएं, जिससे रात्रि के समय भी परिसर सुरक्षित एवं आकर्षक दिखाई दे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकाश व्यवस्था इस प्रकार विकसित की जाए कि पूरे परिसर में कहीं भी अंधेरा न रहे। उन्होंने निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि शेष सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, निर्धारित मानकों के अनुरूप तथा समयबद्ध तरीके से प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने तक नियमित रूप से निगरानी की जाए तथा प्रत्येक चरण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का संरक्षण और विकास जनपद की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी सुधीर गिरी, पर्यटन अधिकारी तनुजा यादव सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगरीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ करें कार्य : डीएम

**रायबरेली**। डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के नगरीय क्षेत्रों के समग्र, सुव्यवस्थित एवं सतत विकास के उद्देश्य से नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निकायों में संचालित विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि नगरों का सुव्यवस्थित विकास तभी संभव है, जब सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता समय रहते सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। डीएम ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों तथा संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित एवं नागरिक सुविधाओं से परिपूर्ण बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# प्रधान पति समेत सात लोगों पर केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर**। कोतवाली लम्भुआ क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण के मामले में अपर जिला जज, पाक्सो एक्ट कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्रधान पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग को गांव के ही छ लोगों और ग्राम सहिनवा के प्रधान पति वेद प्रकाश उर्फ गुड्डू ने मिलकर भगा ले गए। पीड़िता की मां का कहना है कि उन्होंने थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक शिकायत की थी। लंभुआ सीओ के कार्यवाही आश्वाशन पर थाने में पुनः तहरीर दी गई, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता की मां ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल व विवेचना कराने के आदेश दिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सभी साथ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है।

# 28 जुलाई के पैदल मार्च को सफल बनाने के लिए कोटेदारों ने बनायी रणनीति

**कादीपुर, सुलतानपुर**। ऑल इंडियन फेयर प्राइज शॉप डीलर एसोसिएशन की प्रांतीय शाखा के आह्वान पर 28 जुलाई को लखनऊ में आयोजित पैदल मार्च को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कादीपुर के एक निजी मैरिज लॉन में तहसील क्षेत्र के कोटेदारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कोटेदारों ने भाग लिया और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए समय से लखनऊ पहुंचने का संकल्प लिया। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पांडेय ने कहा कि कोटेदारों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर के राशन विक्रेता 28 जुलाई को लखनऊ के रवींद्रालय से विधानसभा तक पैदल मार्च करेंगे। उन्होंने सभी कोटेदारों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में कोटेदारों के कमीशन में बढ़ोतरी, समय से भुगतान, 500 से कम राशन कार्ड वाली दुकानों को समाप्त न करना, खाद्यान्न के बोरों का भुगतान, नवंबर 2021 में जमा धनराशि की वापसी तथा आंगनबाड़ी एवं बाल पोषाहार वितरण का कमीशन दिलाना शामिल है। बैठक को जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश यादव, जिला महासचिव रविंद्र प्रताप सिंह, उदय शंकर तिवारी, राजेश गिरी और संजय यादव ने भी संबोधित किया। बैठक में कादीपुर, दोस्तपुर, अखंडनगर और करौंदीकला क्षेत्र के अनेक कोटेदार उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने सुनीं भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायतें



**अयोध्या**। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में भाजपा कार्यकताओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने किया। संवाद कार्यक्रम में कार्यकताओं ने किसान सम्मान निधि, विद्युत आपूर्ति, राजस्व तथा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं प्रभारी मंत्री के समक्ष रखीं। किसान सम्मान निधि से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर पात्र किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभारी मंत्री ने कार्यकताओं से प्रार्थना पत्र प्राप्त किए और आश्वस्त किया कि प्रत्येक प्रकरण की विभागवार समीक्षा कर उचित कार्रवाई कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा, सरकार की मंशा है कि आम जनता और कार्यकताओं की समस्याओं का समाधान बिना अनावश्यक विलंब के हो।

● कैंप लगाकर समाधान कराने के दिये निर्देश

प्रत्येक अधिकारी जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहे और निर्धारित समय सीमा में उनका निस्तारण सुनिश्चित करे। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चैहान, अभय सिंह, चन्द्रभानु पासवान, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, गोसाईगंज चेयरमैन डा विजय लक्ष्मी जायसवाल, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, जिला पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, राघवेन्द्र पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भारतीय मजदूर संघ का मना स्थापना दिवस

**अयोध्या**। भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने श्रमिक हितों की रक्षा, संगठन की कार्यशैली और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने की। मुख्य अतिथि महंत गिरीशपति त्रिपाठी महापौर नगर निगम अयोध्या रहे। मुख्य वक्ता पूर्व प्रचारक ई रवि तिवारी विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, महानगर संघचालक विक्रमा प्रसाद पांडेय, विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह, विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष अभय सिंह शामिल थे। मुख्य वक्ता ई रवि तिवारी भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में प्रख्यात श्रमिक नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी ने की थी। संगठन का उद्देश्य श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हुए उद्योग, श्रम और राष्ट्रहित के बीच संतुलन स्थापित करना रहा है। बीएमएस का मूल मंत्र है ह्लराष्ट्र का औद्योगिकीकरण, उद्योग का श्रमिकीकरण व श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण। यह नारा वर्ग संघर्ष की बजाय सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण पर जोर देता है। अपनी स्थापना के बाद से बीएमएस ने तेजी से प्रगति की। वर्ष 1967 तक इसके दो लाख से अधिक सदस्य और सैकड़ों यूनियनें सक्रिय हो चुकी थीं। 1989 में यह देश का नंबर एक श्रमिक संगठन बन गया और आज भी सरकारी सत्यापन में शीर्ष स्थान पर है। आज भारतीय मजदूर संघ देश के सबसे बड़े श्रमिक संगठनों में शामिल है। संगठन के साथ विभिन्न क्षेत्रों के लाखों सदस्य और हजारों संबद्ध यूनियन जुड़ी हुई हैं। बीएमएस सार्वजनिक, निजी, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, ऊर्जा, निर्माण, कृषि, खनन और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करता है। मुख्य अतिथि महंत गिरीशपति त्रिपाठी महापौर ने कहा भारतीय मजदूर संघ की कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा बीएमएस देश का एक ऐसा अनुशासित संगठन है, जिसके काम और नारे दोनों में ही राष्ट्रहित सर्वोपरि रहता है।

# हनुमान नगर और विवेक नगर की जर्जर सड़कों से राहगीरों को हो रही परेशानी

**चांदा, सुलतानपुर**। कोइरीपुर नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वार्ड हनुमान नगर और विवेक नगर की बदहाल सड़कें इन दावों की हकीकत सामने ला रही हैं। लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़कें स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई हैं। जगह-जगह बने गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण राहगीरों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क पर चलना जोखिम भरा हो जाता है। दोपहिया वाहन चालक, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हर दिन जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि दोनों वार्डों की सड़कों का तत्काल निरीक्षण कराकर मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। अब लोगों की निगाहें नगर पंचायत प्रशासन पर टिकी हैं कि विकास के दावों के बीच इन जर्जर सड़कों की सुध कब ली जाती है और आम जनता को इस समस्या से राहत कब मिलती है।



## सऊदी अरब में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**मिल्कीपुर-अयोध्या**। रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार ने जनप्रतिनिधियों से शव को भारत लाने की गुहार लगाई है। इस मामले में मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मृतक का पार्थिव शरीर स्वदेश मंगाने तथा पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर लिलहा गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र अमर बहादुर रोजगार के लिए 3 अप्रैल 2025 को सऊदी अरब गए थे। वह सऊदी अरब के अरगा महदिया-35 नंबर क्षेत्र में कार्यरत थे। बताया गया कि 22 जुलाई 2026 की रात उन्होंने रस्सी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में मातम छा गया। मृतक की मां सावित्री देवी ने मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान को प्रार्थना पत्र देकर बेटे का शव सऊदी अरब से भारत मंगवाने की मांग की है। ग्राम प्रधान निर्मल कुमार ने बताया कि मृतक का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। बृजेश कुमार अपने पीछे दो नाबालिग बेटों को छोड़ गए हैं। उन्होंने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते बृजेश ने यह आत्मघाती कदम उठाया। मृतक का दूसरा भाई भी रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गया हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार देर रात मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान मृतक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने तत्काल प्रधानमंत्री भारत सरकार को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि विदेश मंत्रालय एवं सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतक बृजेश कुमार का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचाने की व्यवस्था कराई जाए।

# विवि परिसरों में राजनीतिक आयोजनों पर रोक की मांग

**मिल्कीपुर-अयोध्या**। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज परिसर में लगातार सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने विश्व विद्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के नाम संबोधित ज्ञापन कुलपति को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अयोध्या कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवपूजन पाण्डेय ने किया।

ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय ज्ञान, शोध और नवाचार के केंद्र होते हैं। इन परिसरों में किसी भी राजनीतिक दल के संगठनात्मक अथवा प्रचारात्मक कार्यक्रम आयोजित होने से शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है, विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं शोध कार्य बाधित होते हैं तथा विश्वविद्यालयों की निष्पक्षता और गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। कांग्रेस ने मांग की कि विश्वविद्यालय परिसरों में राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, जिससे शिक्षा का स्वस्थ एवं निष्पक्ष वातावरण बना रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष शिवपूजन पाण्डेय ने कहा, विश्वविद्यालय किसी भी राजनीतिक



दल की गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि देश के भविष्य का निर्माण करने वाले शिक्षा के मंदिर हैं। यदि विश्वविद्यालयों का उपयोग राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा तो इससे उनकी स्वायत्तता और शैक्षणिक गरिमा दोनों प्रभावित होंगी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति के रूप में इस विषय पर तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने कहा, ष्आज प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में सत्ता के प्रभाव में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है और शिक्षा का वातावरण दूषित होता है। विश्वविद्यालय किसी भी दल का अघोषित कार्यालय नहीं बन सकते। कांग्रेस शिक्षा संस्थानों की गरिमा और स्वायत्तता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

पीसीसी सदस्य संजय तिवारी ने कहा विश्वविद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध का वातावरण उपलब्ध कराना है, न कि राजनीतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी शिक्षण संस्थान राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रहें और केवल शिक्षा एवं अनुसंधान के केंद्र के रूप में कार्य करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान पीसीसी सदस्य करम राज यादव, जिला महामंत्री दिनेश शुक्ला, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र पाण्डेय, सूचना का अधिकार विभाग के जिला अध्यक्ष अमरीश पाण्डेय, अमानीगंज ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत पाण्डेय, जितेंद्र यादव, युवा कांग्रेस के कुंवर पीयूष सिंह, महेश सिंह, सुभाष तिवारी, राहुल तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह शिवकीश, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष बृहस्पति मणि पाण्डेय, कृष्ण देव शर्मा, संदीप मिश्रा, बृजेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्पेक्ट्रम ग्रुप में विद्यार्थियों संग हुआ पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**सुलतानपुर**। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ अद्वैत फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर में शुक्रवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने आम, नीम, सागौन, अमरूद, शीशम, सहिजन समेत विभिन्न फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलिया इंटर कॉलेज के प्रवक्ता ऋषभ देव शुक्ला, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. अमित मिश्रा, पूर्व सैनिक शिव कुमार तिवारी तथा कटका क्लब के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्रा ने पौधरोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं। अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी आवश्यक है। संस्था के चेयरमैन आनंद सावरण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। स्पेक्ट्रम ग्रुप सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम में मैनेजर अनूप मिश्र, ज्योति शर्मा, विवेक वर्मा, रविन्द्र तिवारी, संध्या मिश्रा, अमर प्रताप, अमित, अनूप सहित शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

संक्षेप

## दुष्कर्म के दोषी को दस साल की कैद

बहराइच। जिले में दुष्कर्म के एक चर्चित मामले में अपर सत्र न्यायालय ने दोषी अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2014 में थाना मोतीपुर क्षेत्र के बोटनपुरवा निवासी एक किशोरी अपने रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई करती थी। चार सितंबर 2014 को वह बैंक खाते से रुपये निकालने के लिए नानपारा जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव निवासी अजय कुमार उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।काफी तलाश के बाद भी पीड़िता का पता नहीं चलने पर परिजनों ने सामाजिक लोकलाज के कारण कुछ विलंब से 27 सितंबर 2014 को थाना मोतीपुर में मुकदमा दर्ज कराया।पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 363 एवं 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान साक्ष्यों एवं पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 376 (दुष्कर्म) की भी बढ़ोतरी की गई।

# लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र और सहायक उपकरण

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, प्रोबेशन एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की सभी तहसीलों में

- सलेमपुर में सेवा, संस्कार, सुशासन और सम्मान कल्याणकारी शिविर आयोजित

₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इन शिविरों के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा चयनित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में तहसील सभागार, सलेमपुर में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में समाजसेवी श्याम बहादुर सिंह एवं शिवाकांत तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (ग्रामीण अभियंत्रण), सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) तथा समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

शिविर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 10 दिव्यांग लाभार्थियों को कान की मशीन, छड़ी एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 'ओ' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त 10 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत 30 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

अतिथियों ने लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ वितरित करने के साथ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि कोई भी गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।

## कंकाल की पहचान के लिए लापता महिला की मां का लिया डीएनए सैंपल

देवरिया। जिले में गन्ने के खेत से मिले संदिग्ध मानव कंकाल के अवशेषों की पहचान के लिए पुलिस ने करीब एक महीने से लापता एक महिला की मां के डीएनए नमूने लिए। नौ दिन पहले बैंकटा थाना क्षेत्र के सुंदरपुर मिश्रौली गांव में एक खोपड़ी और कुछ हड्डियां मिली थीं। पुलिस ने कहा कि डीएनए नमूने जांच के लिए भेज दिए गए हैं, रिपोर्ट आने पर पता चलेगा कि ये अवशेष लापता महिला के हैं या किसी और के।जांच अधिकारियों ने बताया कि मामला अभी भी रहस्य बना हुआ है, क्योंकि कई बार तलाशी अभियान चलाने के बाद भी शरीर के बाकी हिस्सों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने कंकाल के अवशेषों की पोस्टमार्टम जांच भी कराई है और मृतक की पहचान करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से मिले मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की जा रही है, ताकि मौत की परिस्थितियों के बारे में जानकारी मिल सके और संभावित आरोपियों की पहचान की जा सके। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने जुटाए थे, जबकि प्रशिक्षित खोजी कुत्तों की भी मदद ली गई थी। हालांकि, गन्ने के खेत और आसपास के इलाकों में व्यापक तलाशी के बावजूद मानव शरीर के अन्य हिस्से या कोई अन्य महत्वपूर्ण सबूत नहीं मिला।जांच अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या सबूत मिटाने के लिए शरीर के अन्य हिस्सों को हटा दिया गया था या लंबे समय तक खुले में पड़े रहने के कारण उन्हें जंगली जानवरों ने इधर-उधर कर दिया।पुलिस के मुताबिक, हत्या, दुर्घटना या अन्य परिस्थितियों समेत सभी पहलुओं की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। सुंदरपुर मिश्रौली गांव में गन्ने के खेत से 16 जुलाई को कंकाल के अवशेष बरामद हुए थे, जिसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने भी घटनास्थल का दौरा किया था।पुलिस ने बताया कि इसी गांव की एक महिला 26 जून से लापता है।

## आग की भेंट चढ़ी गरीब की झोपड़ी, राशन-कपड़े समेत गृहस्थी जलकर राख

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के छापिया जयदेव गांव में शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक गरीब परिवार की रिहायशी झोपड़ी जलकर राख हो गई। आगजनी की इस घटना में परिवार का राशन, कपड़े और गृहस्थी का लगभग पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने और दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है।जानकारी के अनुसार गांव निवासी रविंद्र प्रसाद की रिहायशी झोपड़ी में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। परिजनों और ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक झोपड़ी पूरी तरह जल चुकी थी।आगजनी में करीब 50 किलो गेहूं, चावल, कपड़े तथा अन्य आवश्यक घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।पीड़ित रविंद्र प्रसाद ने प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने की अपील की है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन स्टैंड और ठेला-खोमचा की नीलामी 28 जुलाई को

**देवरिया।** कलेक्ट्रेट परिसर में वित्तीय वर्ष 2026-27 (1 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए वाहन स्टैंड तथा परिसर में संचालित ठेला, खोमचा एवं अन्य दुकानों की नीलामी 28 जुलाई को अपराह्न 3 बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कार्यालय कक्ष में गठित नीलामी समिति द्वारा की जाएगी। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने देते हुए बताया है कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी की शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यावधि के दौरान नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट से प्राप्त की जा सकती है।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत दर्जी ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 27 को

**देवरिया।** उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड में अप्रैल एवं मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार 27 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, देवरिया में आयोजित किया जाएगा।

## रेलवे स्टेशन पर जीआरपी का सघन चेकिंग अभियान, यात्रियों को किया जागरूक

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से जीआरपी पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी ली गई, वहीं यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक भी किया गया।जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, सकुर्लेटिंग एरिया, टिकट घर, यात्री प्रतीक्षालय तथा स्टेशन के पूर्वी एवं पश्चिमी आउटर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति एवं लावारिस वस्तुओं पर विशेष नजर रखी गई।अभियान के दौरान यात्रियों को प्लेटफार्म एवं ट्रेनों में होने वाले अपराधों से सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल रेलवे पुलिस को सूचना देने तथा सुरक्षित यात्रा के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने एवं सतर्कता बरतने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।जीआरपी थाना प्रभारी अजय कुमार मौर्य ने यात्रियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस सामान अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल रेलवे पुलिस या हेल्पलाइन पर देकर सहयोग करें, जिससे रेल यात्रा को सुरक्षित एवं अपराधमुक्त बनाया जा सके।

## घर के अंदर दफनाया बुजर्ग का शव : बेटे पर हत्या का केस दर्ज

जिला संवाददाता

प्रतापगढ़। जिले में बृहस्पतिवार को पुलिस ने एक घर के अंदर फर्श खोलकर दफनाया गया 85 वर्षीय एक व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में मृतक के सबसे छोटे बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

- पुलिस ने जब घर का दरवाजा खोला तो उसमें तेज दुर्गंध महसूस की गई

अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) आलोक कुमार ने बताया कि महेशगंज थाना क्षेत्र के अथासा गांव के रहने वाले जगदीश द्विवेदी (85) के लापता होने की जांच के दौरान उनके घर के अंदर से उनका शव निकाला गया। द्विवेदी की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि द्विवेदी के तीन बेटे थे जिनमें से संतोष और अजय दिल्ली में काम करते हैं, जबकि सबसे छोटा बेटा विजय उनके साथ रहता था।

एएसपी के अनुसार पड़ोसियों ने 21 जुलाई को संतोष को बताया कि घर से बदबू आ रही है जिसके बाद संतोष ने अपने पिता और भाई को कई बार फोन किया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया।उन्होंने बताया कि संतोष और अजय गांव लौटे और 22 जुलाई को थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई और बृहस्पतिवार को जांच के दौरान पुलिस ने जब घर का दरवाजा खोला तो उसमें तेज दुर्गंध महसूस की गई। एक कमरे के अंदर ताजा खोदी गई जमीन का हिस्सा मिला, जो कब्र जैसा लग रहा था। उन्होंने बताया कि इस जगह की खुदाई करने पर पुलिस को जगदीश द्विवेदी का सड़ा-गला शव मिला जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में द्विवेदी के सबसे छोटे बेटे विजय के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## शत-प्रतिशत नामांकन बच्चों की उपस्थिति कराने के लिए डीएम की ग्राम प्रशासकों से अपील

जिला संवाददाता

देवरिया, । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के सभी ग्राम प्रशासकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सबसे पहली आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर 1 अप्रैल 2026 से ₹स्कूल चलो अभियान₹ संचालित किया जा रहा है तथा जनपद में इसका द्वितीय चरण 2 जुलाई से प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य कक्षा 1 से 8 तक के प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को शासन द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते-मोजे, स्वेटर, स्टेशनरी, पौष्टिक मध्यान्ह भोजन तथा स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ तभी संभव है, जब प्रत्येक पात्र बच्चा विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण, शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कुपोषण समाप्त करने और बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जानी आवश्यक है जिलाधिकारी ने ग्राम प्रशासकों से आह्वान किया कि वे अपनी ग्राम पंचायतों में घर-घर संपर्क कर 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का निकटतम परिषदीय विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने ग्राम प्रशासकों से विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का समय-समय पर अनुश्रवण करने, शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं का सहयोग कीअपील की।

जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्राम प्रशासकों के सक्रिय सहयोग एवं जनसहभागिता से जनपद में शत-प्रतिशत नामांकन, नियमित उपस्थिति तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से देवरिया शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जनपदों में अपनी पहचान स्थापित करेगए।

## युवक-युवती की ट्रेन से कटकर मौत

इटावा। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सरायभूपत रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को युवक और युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल दोनों की पहचान नहीं हो सकी है।

## प्रतापगढ़ में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले की सांगीपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के एक मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी मकदूम कोरी (50), निवासी ग्राम पचखरा, थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के शाहबरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया।पुलिस ने बताया कि करीब छह माह पूर्व एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर संबंधित धाराओं तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था।

## परीक्षा आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि 27 जुलाई

इटावा। के.के. महाविद्यालय, इटावा के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सेमेस्टर तथा परास्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की स्पेशल बैकपेपर परीक्षा 27 को होगी

# भाजपा नेता की बदजुबानी, जातियों को दी गालियां

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जब सत्ता का गुरूर सिर चढ़कर बोलने लगे, तो मयार्दाएं और सामाजिक शिष्टाचार सबसे पहले दम तोड़ देते हैं। जनपद से एक ऐसा ही विचलित करने वाला और घृणित मामला सामने आया है। भारतीय जनता

- रविशंकर की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- ऑडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

पार्टी पिछड़ा मोर्चा के गोरखपुर क्षेत्र के कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है। इस ऑडियो में वह जिस 'सड़क छाप' और निकृष्ट भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसने न केवल राजनीतिक शुचिता की धज्जियां उड़ा दी हैं, बल्कि समूचे समाज को सन्न कर दिया है।ऑडियो में भाजपा नेता सरेआम ब्राह्मण और ठाकुरो को निशाना बनाते हुए मां-बहन की बेहद भद्दी और शर्मनाक गालियां दे रहे हैं। यह कृत्य महज एक जुबानी फिसलन नहीं, बल्कि सत्ता के अहंकार में चूर एक नेता की उस सड़ी-गली मानसिकता का पदार्फाश है, जो समाज को जातियों के चश्मे से देखती है और उन्हें अपमानित करने में अपनी शान समझती है।

### सामाजिक ताने-बाने पर सीधा प्रहार

वायरल ऑडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जानकारों और नागरिकों का कहना है कि एक जिम्मेदार राजनीतिक पद पर आसीन व्यक्ति द्वारा इस तरह की अमर्यादित और निकृष्ट भाषा का प्रयोग किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार की भाषा का खुलेआम इस्तेमाल समाज के बीच नफरत, तनाव और आपसी वैमनस्य की आग भड़काने का काम करता है। यह कुकृत्य सदियों से चले आ रहे सामाजिक ताने-बाने और आपसी भाईचारे के सद्भाव को सीधे तौर पर खंडित करता है।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

समाज में जहर घोलने वाले और आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले इस आचरण के खिलाफ रविशंकर पाण्डेय द्वारा स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी नेता दिनेश गुप्ता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा- 352 व 351(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार्रवाई में जुटी पुलिस

मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस महकमा अब इस मामले की गहराई से छानबीन में जुट गई है।

प्रशासन द्वारा तेजी से साक्ष्य संकलन का कार्य किया जा रहा है ताकि ऑडियो की सत्यता की पुष्टि कर ठोस कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा सके।

## किचन में महिला को काली नागिन ने फुफकारा

इटावा। साईं विहार कॉलोनी में शुक्रवार सुबह 11 बजे रसोई में खाना बना रही महिला के सामने अचानक काली नागिन आ गई। साईं विहार कॉलोनी निवासी अजय वर्मा की पत्नी मधु की नजर पड़ी तो नागिन ने तेज फुफकार की। मधु तुरंत बाहर निकल आईं और पति को सूचना दी।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच ।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं केला का पाउडर बनाने हेतु सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना हेतु डायग्नोस्टिक स्टडी रिपोर्ट बनाने के लिए केला उत्पादकों, उद्यमियों तथा व्यापारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पीएसआर का प्रजेन्टेशन उद्योग विभाग के जोनल विकास वर्मा द्वारा किया गया। श्री वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि केला को फ्रीज डाई करके पाउडर बनाया जा सकता है। इस प्रकिया से बने केला के पाउडर की क्वालिटी टेस्ट एवं कलर ताजे फल जैसा बना रहता है और उसकी लाइफ दो गुनी हो जाती है। केले का पाउडर बनाकर किसान केला मूल्य में होने वाली कमी से निजात पा सकते है तथा किसान बाजार में बिक्री के लिए केले का उचित मूल्य प्राप्त कर सकते है। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि ओडीओपी सामान्य सुविधा केन्द्र योजना के अन्तर्गत जनपद बहराइच में खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित सामान्य सुविधा केन्द्र एसपीवी के माध्यम से स्थापित करने पर उ.प्र. सरकार द्वारा 04 करोड़ तक की परियोजना हेतु 90 प्रतिशत, 08 करोड़ की परियोजना हेतु 80 प्रतिशत तथा 10 करोड़ की परियोजना हेतु 70 प्रतिशत अनुदान दिये जाने का प्राविधान है। शेष धनराशि तथा सीएफसी हेतु जमीन की व्यवस्था एसपीवी को करना होगा। एसपीवी में कम से कम 20 सदस्य होने चाहिए तथा एक परिवार से मात्र एक सदस्य हो सकता है। एसपीवी द्वारा देय कुल अंश में एसपीवी का एक सदस्य मात्र 10 प्रतिशत धनराशि लगा सकता है। बैठक में उपस्थित किसानों द्वारा शीघ्र ही एसपीवी का गठन करने तथा परियोजना पर कार्य करने का आश्वासन दिया गया। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 193 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 2823.56 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2144.4 करोड़ लागत के 147 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है। अब तक 126 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है।निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 44 विभागों से सम्बन्धित अनापत्ति एवं सहमति प्राप्त करने हेतु 01 अप्रैल 2026 से 24 जुलाई 2026 तक 1247 आवेदन प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 1129 आवेदन स्वीकृत, 15 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 72 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत तथा 02 आवेदन पत्र समय उपरान्त लम्बित हैं। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, मातनहेलिया, मनीष मल्होत्रा, अशोक मातनहेलिया, अमित मिततल, विजय केडिया, सुनील केडिया, सहित अन्य उद्यमी, व्यापारी व निर्यातक मौजूद रहे।



# सरकारी धन की खुली बर्बादी, कबाड़ में तब्दील हुआ लाखों का कूड़ा वाहन

### परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक, परिसर में वाहन खड़ा करने का शुल्क दो सौ रुपये प्रति दिन, अबतक 2 लाख 92 हजार रुपये हुआ किराया

जिला संवाददाता

- कसया बस स्टैंड परिसर में पिछले चार वर्षो से एक जगह खड़ा है सफाई वाहन, जिम्मेदार मौन
- नपा कुशीनगर का 30 लाख का अत्याधुनिक सफाई वाहन खड़ा खड़ा हो गया जर्जर

**कुशीनगर।** विकास के दावों और स्वच्छता अभियानों के ढोल-नगाड़ों की पोल किस तरह प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ जाती है, इसकी बानगी देखनी हो तो कसया बस स्टैंड परिसर का रुख कर लीजिए। यहां पिछले चार सालों से नगर पालिका परिषद कुशीनगर का कूड़ा उठाने वाला एक कीमती ट्रक खुले आसमान के नीचे बदहाली के आंसू रो रहा है। धूप, आंधी और बारिश के थपेड़ों ने इस वाहन को कबाड़ में तब्दील कर दिया है, लेकिन मजाल है कि कुंभकर्णी नींद सो रही नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक रेंगी हो।

### लाखों की संपत्ति कबाड़ में तब्दील, जवाबदेह कौन

इस अत्याधुनिक सफाई वाहन को खरीदने में जनता के पसीने की कमाई का 20 से 30 लाख रुपये के बीच भारी-भरकम राशि खर्च की गई थी। उद्देश्य यह था कि नगर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जाए और शहर को कूड़े के ढेर से मुक्ति दिलाई जाए। पर विडंबना देखिए कि जिस वाहन को शहर की सड़कों पर दौड़ना चाहिए था, वह पिछले 48 महीनों से अधिक समय से एक ही जगह खड़ा-खड़ा सड़ रहा है। नगर पालिका के निकम्मेपन का आलम यह है कि लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति को यूं ही भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। आखिर क्या वजह रही कि जिस मशीनरी पर जनता का पैसा पानी की तरह बहाया गया, उसका उपयोग करने की सुधि तक नहीं ली गई? क्या नगर पालिका के अधिकारियों को सरकारी धन के इस खुलेआम हो रहे दुरुपयोग की कोई परवाह नहीं है?

### परिवहन निगम का किराया जोड़ें तो भ्रष्टाचार का एक और अध्याय

यह मामला सिर्फ एक वाहन के सड़ने भर का नहीं है, बल्कि इससे जुड़ा एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। जिस सरकारी बस स्टैंड परिसर में यह ट्रक कबाड़ बन रहा है, वह परिवहन विभाग के अधीन है।?विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो परिवहन निगम विभाग द्वारा इस ट्रक को परिसर में खड़ा करने के एवज में मौखिक तौर पर किराया देने की बात नगर पालिका से कही गई थी। परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक, परिसर में किसी भी वाहन को खड़ा करने का शुल्क 200 रुपये प्रति दिन तय है। इस हिसाब से पिछले चार वर्षों (लगभग 1460 दिन) में इस जर्जर ट्रक का केवल पार्किंग किराया ही 2 लाख 92 हजार रुपये से अधिक बैठता है। अब सवाल यह उठता है कि क्या नगर पालिका इस किराए का भुगतान जनता की गाढ़ी कमाई से करेगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा? एक तरफ जहां ट्रक सड़कर कबाड़ हो चुका है, वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ रहा इसका किराया नगर पालिका की वित्तीय लापरवाही पर एक और बड़ा तमाचा है।



### कागजी विकास और धरातल पर अंधेरगर्दी

कुशीनगर नगर पालिका में स्वच्छता के नाम पर बड़े-बड़े दावे और विज्ञापनों की बौछार की जाती है, लेकिन धरातल की सच्चाई कसया बस स्टैंड के इस वीरान कोने में साफ नजर आती है।

एक तरफ शहर के कई वार्डों में कूड़ा उठाने के लिए संसाधनों की कमी का रोना रोया जाता है, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका के गोदाम या सड़क पर चलने के बजाय एक नया-नवेला ट्रक सिर्फ इसलिए सड़ गया क्योंकि अधिकारी अपनी कुर्सियों पर बैठकर आंखें मूंदकर बैठे रहे।

यह घटना सीधे तौर पर वित्तीय अनुशासनहीनता, पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही और सरकारी धन के भारी दुरुपयोग का खुला मामला है। कसया बस स्टैंड परिसर में पड़ी यह लावारिस गाड़ी नगर पालिका परिषद कुशीनगर के भ्रष्ट और लापरवाह कार्यतंत्र का जीवंत प्रमाण है। सवाल यह है कि आखिर कब तक इस तरह की उदासीनता बरती जाएगी और जनता के पैसों की बबार्दी करने वाले दोषियों पर गाज गिरेगी?

### एआरएम बोले

परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जय प्रकाश प्रधान ने कहा कि लगातार मौखिक तौर पर नगर पालिका के जिम्मेदारों से कहा जा रहा है कि परिसर से गाड़ी हटा ले, लेकिन जिम्मेदार हटाने को तैयार नहीं है। जिस दिन गाड़ी हटाएंगे किराया जोड़कर रशीद नगर पालिका को भुगतान के लिए भेज दी जाएगी।

### ईओ ने नहीं उठाया फोन

इस संबंध में ईओ अकिता शुक्ला से मोबाईल न0- 8189078417 पर उनका पक्ष जानने के लिए छः बार फोन किया गया, लेकिन अधिशासी अधिकारी द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

## स्वच्छता को लेकर हुई मोहल्ला समिति की बैठक



इटावा। स्वच्छ भारत मिशन एवं आईटीसी के मिशन सुनहरा कल के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता के मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 15 पुरवियाटोला बाग में मोहल्ला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोहल्ला समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वार्ड स्तर पर कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाना और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। नगर पालिका परिषदएवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल का संयुक्त प्रयास है कि हर वार्ड में मोहल्ला समितियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, सेग्रीगेशन और रीसाइक्लिंग के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। इससे न केवल शहर कचरा मुक्त बनेगा बल्कि जैविक खाद के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक के अंत में नागरिकों ने अभियान में सहयोग करने और अपने वार्ड को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल से सुजीत कुमार, नगर पालिका से अंशुल कुमार, आसिफ व सफाईनायक रघुवीर उपस्थिति रहे।

# सुधारों के तीन दशक

आजाद भारत का 49 बजट वित्तीय वर्ष 1991-92 के लिए 24 जुलाई 1991 को लोकसभा में सायं चार बजे प्रस्तुत किया गया था। यह दसवीं लोकसभा, नरसिम्हा राव सरकार और वित्तमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पहला बजट था। नरसिम्हा राव की सरकार अल्पमत में थी। लाल कृष्ण आडवाणी लोकसभा में विपक्ष के नेता थे और लोकसभा की संरचना कुछ इस तरह थी कि इसमें विपक्ष सरकार से कहीं अधिक तगड़ा था। लेकिन इसके बावजूद नरसिम्हा राव सरकार ने विपक्ष के साथ सहमति और संवाद के जरिए साहसिक और ऐतिहासिक फैसला करते हुए समाजवादी अर्थव्यवस्था जिसने देश को गरीबी और कर्ज में धकेलने का काम किया था, उसे उखाड़ फेंकने के साथ ही देश में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात कर दिया। इसके अगुआ बने वित्तमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जिन्होंने अपने पहले और ऐतिहासिक बजट के जरिए देश में उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नींव डाली। आर्थिक सुधारों की नीतियों के जरिए देश की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव की शुरूआत हुई जिससे आज भारत उस मुकाम पर पहुंचा है, जहां से विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है। 1991 में देश की अर्थव्यवस्था 270 अरब डॉलर थी, लेकिन आर्थिक सुधारों को लागू करने के बाद विकास तेज हुआ और आज हमारी अर्थव्यवस्था 4.15 ट्रिलियन डॉलर की हो गयी है। बीते पैंतीस वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था 15.37 गुना बढ़ी है। हम इसे चमत्कारिक वृद्धि नहीं भी मानें, तो भी यह मानना पड़ेगा कि आर्थिक सुधारों ने देश की आर्थिक तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है।



पैंतीस वर्ष पहले आज ही के दिन जो घटित हुआ वह वास्तव में ऐतिहासिक था। उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था राजकोषीय अनुशासनहीनता और अभूतपूर्व भुगतान संतुलन संकट की दोहरी चुनौतियों से जूझ रही थी। विदेशी मुद्रा भंडार बेहद कम हो गया था और देश के पास मुश्किल से पंद्रह दिन का आयात करने लायक मुद्रा बची थी। यही वजह है कि सरकार को बैंक ऑफ इंगलैंड में सोना गिरवी रखना पड़ा और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से भी कर्ज लेना पड़ा था। 1990-91 में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी के 7.6 फीसदी तक पहुंच गया था, विकास दर सतह पर थी और महंगाई आसमान पर। कुल मिलाकर भारत दिवालिया होने के करीब पहुंच गया था। मनमोहन सिंह ने 24 जुलाई 1991 को जो बजट पेश किया उसने आने वाले वर्षों में देश के आर्थिक सुधार और आर्थिक वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। एक साल की अवधि में राजकोषीय घाटे में सबसे बड़ी कमी दर्ज करने और आयात शुल्क में कमी की गयी। यह प्रक्रिया इसके बाद कई वर्षों तक जारी रही। इसके अलावा बजट ने कराधान और वित्तीय क्षेत्र की नीतियों में और सुधारों की बुनियाद भी रखी। यह कवायद विशेषज्ञ समितियों की अनुशंसाओं के जरिये की गई। उस ऐतिहासिक बजट की प्रस्तुति से कुछ घंटे पहले ही सरकार ने संसद में अपनी नई नीति पेश की जिसमें 18 चुनिंदा क्षेत्रों को छोड़कर बाकी सभी उद्योगों के लिए लाइसेंसिंग समाप्त कर दी गई। एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम के तहत शासित कंपनियों के लिए परिसंपत्ति सीमा हटा दी गई और सार्वजनिक क्षेत्र का एकाधिकार घटाकर निजी उद्यमों को 10 ऐसे क्षेत्रों में प्रवेश की अनुमति दी गई जो अब तक उनके लिए निषिद्ध थे। 34 उद्योगों में 51 फीसदी तक विदेशी निवेश को ऑटो रूट से अनुमति दी गई। इस तरह 1991 के बजट में डॉ. मनमोहन सिंह ने उन सारी बाधाओं को हटाने का काम किया जो हमारी अर्थव्यवस्था पर बोझ बनी हुई थीं। इसके साथ ही प्राइवेट सेक्टर को लाइसेंस और परमिट से छूट देकर सरकारी शिकंजे को कमजोर किया गया जिससे देश के निजी क्षेत्र को अपना कौशल दिखाने का मौका मिला।

---

विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

# आखिर सीजेपी के आंदोलन का क्या होगा ?



नौशाबा परवीन

**महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि अब सीजेपी आंदोलन का क्या होगा ? इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि भारत में छात्रों के कुछ आंदोलनों का जबरदस्त प्रभाव हुआ है, जैसे 1974-75 में जेपी का आंदोलन जिससे नीतीश, लालू जैसे नेता निकले। लेकिन कुछ छात्र आंदोलन फुस्स भी हो गये। वैसे अगर सीजेपी की वजह से वास्तविक बदलाव नहीं भी आता है तो भी उसने एक संदेश दिया है कि जेन-जी की कुंठाओं का प्रबंधन करना कठिन राजनीतिक चुनौती है।**

एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने 23 जुलाई 2026 की देर रात 26 दिनों के बाद अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी। 59-वर्षीय वांगचुक कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थन में भूख हड़ताल शुरू की थी, जिसके युवा सदस्य केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग कर रहे हैं। एक्स पर अपनी पोस्ट में वांगचुक, जो 'सोनम सर' के नाम से अधिक विख्यात हैं, ने कहा कि 'विभिन्न शर्तों पर लम्बी वार्ता' और साथ ही 'देश में आशंकित हिंसा' को रोकने के लिए वह अपनी भूख हड़ताल खत्म कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कहा था कि वह 11 किलो वजन खोने के बाद 'अब भी जिंदा' हैं। वह नई दिल्ली के जंतर मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे थे, जहां से उन्हें 18 जुलाई 2026 को जबरन उठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने एक्स पर लिखा, 'हम चिंतामुक्त और एहसानमंद हैं कि सोनम सर ने 26 दिनों के बाद अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है।' लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा, 'कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन उस समय तक जारी रहेगा, जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं हो जाता।'

गौरतलब है कि नीट-यूजी का मई 2026 में पेपर लीक हुआ था। यही पेपर 2024 में भी लीक हुआ था, जिसका मास्टरमाइंड बिहार का संजीव मुखिया बताया गया था, जो 11 माह तक फरार रहा, फिर जब गिरफ्तार किया गया तो तीन माह तक उसके खिलाफ अदालत में आरोप-पत्र ही नहीं दाखिल किया गया, जिससे उसे जमानत मिल गई और अब सीबीआई का कहना है कि उसके खिलाफ कोई आरोप बनता ही नहीं है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि पेपर लीक केस फास्ट-ट्रैक अदालतों में चलाये जायेंगे। जब सही से जांच नहीं होगी तो फास्ट-ट्रैक अदालतें ही क्या करेंगी ? निरंतर पेपर लीकों की एक लम्बी सूची है, जिनमें कोई जवाबदेही स्थापित नहीं की गई है। मध्य प्रदेश के 2013 व्यापम (व्यवसायिक परीक्षा मंडल) घोटाले में तो राजनेताओं, अधिकारियों और बिचैलियों ने रिश्वत लेकर मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं तथा सरकारी नौकरियों में भारी धांधली की थी, योग्य छात्रों के स्थान पर डमी




उम्मीदवार बैठाए और ओएमआर शीट में हेरफेर की। हजारों करोड़ रुपए के इस घोटाले से जुड़े 30 से ज्यादा गवाहों, आरोपियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रहस्यमय और अप्राकृतिक परिस्थितियों में मौतें भी हुईं, जिससे देशभर में सनसनी फैली। लेकिन हुआ क्या ? जांच और अदालती प्रक्रिया अभी भी जारी है; बस पटवारी भर्ती परीक्षा-2008 में दिसम्बर 2025 में सीबीआई विशेष अदालत, इंदौर ने 10 लोगों को 5-5 साल के कारावास की सजा अवश्य सुनायी है। लेकिन पेपर लीक और परीक्षा व भर्ती से संबंधित घोटाले जारी रहे।

सामयिक

दरअसल, वांगचुक ने सीजेपी के 20 जून 2026 से चल रहे आंदोलन के समर्थन में भूख हड़ताल की थी, जिसकी मुख्य मांगें हैं कि पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भंग किया जाये, जिन 21 छात्रों ने पेपर लीक के कारण आत्महत्या की है, उनके परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाये और जो लोग परीक्षाओं में अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये। क्या सरकार ने इन मांगों को मान लिया है जो वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है ? वांगचुक से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अस्पताल में मुलाकात की और चंद चीजों का आश्वासन दिया। मांगें मानने और आश्वासन देने में अंतर होता है। वैसे वांगचुक के बिगड़ते हुए स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए समाज के सभी वर्गों की महत्वपूर्ण शख्सियतों ने वांगचुक से अपनी भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की थी। हालांकि गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सरकार ने विपक्ष के नेताओं को तो वांगचुक से मिलने नहीं दिया। लेकिन 23 जुलाई 2026 को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा व डा. जितेंद्र सिंह उनसे मिले और उन्हें आश्वासन दिया कि परीक्षा सुधारों और पेपर लीक पर जवाबदेही की जो छात्रों की मांगें हैं उन्हें संबोधित किया जायेगा। सरकार ने इस बात का भी आश्वासन दिया है कि जिन युवाओं व छात्रों ने 20 जुलाई 2026 को संसद मार्च में हिस्सा लिया था या जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया उनके खिलाफ मामले दर्ज नहीं होंगे। लेकिन इस बारे में कोई बात सामने नहीं आयी कि जिन पुलिसकर्मियों व सादे कपड़ों में रहस्यमय व्यक्तियों ने कील लगी लाठियां निहत्थे छात्रों पर बरसायीं और छात्राओं के कपड़े फाड़े व उनके प्राइवेट पार्ट्स पर लाठी मारी, जिससे 100 से अधिक छात्र अस्पताल पहुंचे तो उनके खिलाफ क्या कार्यवाही होगी ? प्रदर्शन स्थल पर पत्थरों से भरा ट्रक कौन और क्यों लाया था ? कहने का अर्थ यह है कि छात्रों की जो मुख्य मांगें हैं उन पर सरकार ने न कोई वायदा किया है और न ही कोई आश्वासन दिया है। इसलिए यह प्रश्न प्रासंगिक है कि वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल क्यों समाप्त की। इसके कुछ मुख्य कारण ये प्रतीत होते हैं- वांगचुक शांतिप्रिय व्यक्ति हैं, उनको डर था कि कहीं पूरे देश में अशांति व हिंसा न फैल जाये। इसलिए उन्होंने जनता से सतर्क व शांतिपूर्ण रहने की अपील भी की। दूसरा यह कि वांगचुक की सेहत निरंतर बद से बदतर होती जा रही थी। प्रधानमंत्री सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के 65 सांसदों ने उनसे अपनी भूख हड़ताल समाप्त करने व अपनी सेहत को प्राथमिकता देने का आग्रह किया था।

शंकराचार्य से लेकर फिल्मी हस्तियां व देश के प्रमुख खिलाड़ी भी उनसे यही अपील कर रहे थे। इसलिए यह भी मुमकिन है कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंने अपनी भूख हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया हो, विशेषकर अपने परिवार के कहने पर। वैसे इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि वांगचुक पर सरकार ने अपनी तरह से कोई दबाव बनाया हो, जैसा कि सरकारें अक्सर किया करती हैं। वांगचुक को पहले भी एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत जेल भेजा जा चुका है। हाल ही में जिलाधिकारी, लेह का 28 फरवरी 2007 का एक पत्र भी वायरल किया गया, जिसमें अन्य बातों के अतिरिक्त यह भी कहा गया है- 'आप (वांगचुक) के चीन व अन्य जगहों पर राष्ट्रविरोधी संपर्क हैं, जिनका राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए शोषण किया गया है या किया जा सकता है।' हालांकि यह पत्र न तो कोई न्यायिक निर्णय था व न ही इसमें कोई साक्ष्य दिये गये थे और न ही इस पर कोई कानूनी कार्यवाही की गई। लेकिन इसको वायरल करके वांगचुक की छवि पर उंगलियां उठाने का अवसर तो प्रदान ही किया जा सकता था व इससे उन पर पर्याप्त दबाव भी बनाया जा सकता था।

बहरहाल, इस पृष्ठभूमि में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि अब सीजेपी आंदोलन का क्या होगा ? इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि भारत में छात्रों के कुछ आंदोलनों का जबरदस्त प्रभाव हुआ है, जैसे 1974-75 में जेपी का आंदोलन जिससे नितीश कुमार, लालू प्रसाद यादव आदि नेता निकले और आपातकाल के बाद 1977 में श्रीमती इंदिरा गांधी को चुनाव में पराजय का मुंह देखना पड़ा। लेकिन कुछ छात्र आंदोलन फुस्स होकर भी रह गये। वैसे अगर सीजेपी की वजह से वास्तविक बदलाव नहीं भी आता है तो भी उसने एक सख्त संदेश दे दिया है द भारत में जेन-जी की कुंठाओं का प्रबंधन करना सबसे कठिन राजनीतिक चुनौती होगी।

सोशल मीडिया

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पेपर लीक अपराध के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का किया निर्णय राष्ट्र की निर्णायक आवाज है। नये भारत में युवाओं का हित सर्वोपरि है। सीएम योगी.



# आध्यात्मिक आनन्द

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें ? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें ? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

अंतर्दृष्टि

# बाघों की संख्या के साथ चुनौतियां भी बढ़ीं

**वन्यजीव संरक्षण को सिर्फ जानवरों तक ही अगर सीमित कर दिया गया और स्थानीय इंसानों की उपेक्षा की गई, तो यह संरक्षण टिकाऊ नहीं होगा। अतः ग्रामीणों को भी संरक्षण कार्यक्रमों, इको टूरिज्म और वैकल्पिक रोजगार कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। बाघ और दूसरे जंगली जानवरों की नियमित गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए कैमरा ट्रैप, ड्रोन, जीपीएस कॉलर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए।**




अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस (29) पर विशेष

एक ऐसा भी समय था, जब भारत में बाघों की घटती संख्या सिर्फ हमारे लिए ही एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक समस्या नहीं थी बल्कि पूरी दुनिया चिंतित थी। वास्तव में अंधाधुंध शिकार, जंगलों की बेरहमी से कटाई और अवैध वन्यजीव व्यापार ने देश के इस राष्ट्रीय पशु को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया था। इसी कारण इस संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने साल 1973 में टाइगर प्रोजेक्ट की शुरूआत की, जो दुनिया में अपनी तरह का पहला वन्यजीव संरक्षण का उपाय था। पिछले साढ़े पांच दशकों के सतत प्रयासों का परिणाम आज यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जंगली बाघों का घर बन चुका है। यह सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि वैश्विक वन्यजीव संरक्षण के लिए भी प्रेरणादायक है। लेकिन इस सफलता के साथ एक नई चुनौती भी पैदा हो गई है। बाघों की बढ़ती संख्या के कारण कई क्षेत्रों में उनके पारंपरिक आवास छोटे पड़ने लगे हैं। भोजन और नये क्षेत्र की तलाश में अब बाघ जंगलों से निकलकर खेतों और इंसानी बस्तियों तक पहुंच रहे हैं। इसी से इंसान और बाघों के बीच रह-रहकर संघर्ष सामने आ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के मौके पर आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत बाघों की रक्षा के साथ-साथ इंसानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर पायेगा ?



दरअसल मानव-बाघ संघर्ष का सबसे बड़ा कारण जंगलों का सिकुड़ना और उनका खंडित होना है। नई सड़कें, रेलवे लाइनें, खनन परियोजनाएं, बांध और तेजी से फैलते शहर, जंगलों को छोटे-छोटे हिस्से में बांट रहे हैं। बाघ स्वभाव से बड़े क्षेत्र में विचरण करने वाला जीव है। एक वयस्क बाघ को कई वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की आवश्यकता होती है। लेकिन जब उसका प्राकृतिक आवास सीमित हो जाता है, तो वह नये इलाकों की ओर बढ़ता है। जहां उसका सामना इंसानों से होता है। संघर्ष केवल बाघों के कारण ही नहीं बढ़ता बल्कि मानव गतिविधियां भी इसकी बड़ी वजह होती हैं। जंगलों के आसपास खेती का विस्तार, मवेशियों की चराई, ईंधन और लकड़ी के लिए जंगलों पर निर्भरता तथा बस्तियों का वन क्षेत्रों तक फैल जाना, बाघ और मनुष्य के बीच दूरी कम कर देता है। कई बार मवेशियों का शिकार करने के बाद बाघ गांवों के आसपास चक्कर लगाने लगते हैं। इससे भय का वातावरण बन जाता है। दूसरी ओर घबराये हुए लोग कभी-कभी बाघ पर संगठित हमला कर देते हैं और उसे मार डालने की कोशिश करते हैं। इस तरह दोनो एक दूसरे से नुकसान उठाते हैं। हाल के सालों में कई राज्यों ने इस चुनौती का व्यवहारिक समाधान खोजने की दिशा में काम किया है। कैमरा ट्रैप, ड्रोन, रेडियो कॉलर और जीपीएस आधारित निगरानी से बाघों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

वन विभाग के त्वरित प्रतिक्रिया दल गांवों में पहुंचकर लोगों को सतर्क करते हैं और जरूरत पड़ने पर बाघ को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाते हैं। कई राज्यों में प्रभावित परिवारों को इस संघर्ष से हुए नुकसान की भरपायी करने के लिए शीघ्र से शीघ्र मुआवजा देने की व्यवस्था भी बनायी गई है, जिससे लोगों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति विश्वास भी बना रहे। हालांकि केवल तकनीक पर्याप्त नहीं होती, विशेषज्ञ मानते हैं कि वन्यजीव गलियारों का संरक्षण ही इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान है। वास्तव में यह ऐसे प्राकृतिक मार्ग होते हैं, जो अलग-अलग जंगलों और टाइगर रिजर्वों को आपस में जोड़ते हैं। यदि बाघ सुरक्षित रूप से एक जंगल से दूसरे जंगल तक चला जाए, तो उनके गांवों में भटकने की संभावना बहुत कम हो जाती है। इसलिए विकास परियोजनाओं की योजना बनाते समय, इन गलियारों को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी इस सबमें महत्वपूर्ण है। जिन लोगों का जीवन जंगलों से जुड़ा है, वे संरक्षण के सबसे मजबूत साझेदार बन सकते हैं। यदि उन्हें समय पर मुआवजा, अजीविका की वैकल्पिक व्यवस्था, पर्यटन से रोजगार और वन संरक्षण से लाभ मिलें, तो वे बाघ को खतरे के बजाय प्राकृतिक धरोहर के रूप में स्वीकार करेंगे।

कई टाइगर रिजर्वों के आसपास ऐसे उदाहरण देखने को मिल रहे हैं, जहां स्थानीय लोगों ने संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभायी है। बाघ केवल एक आकर्षक वन्यजीव भर नहीं है बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षक है। जहां बाघ सुरक्षित रहता है, वहां जंगल स्वस्थ रहते हैं, जलस्रोत संरक्षित रहते हैं और जैव-विविधता फलती-फूलती है। इसलिए बाघ संरक्षण का अर्थ केवल एक प्रजाति को बचाना भर नहीं है बल्कि भविष्य की पर्यावरणीय सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी है। भारत ने बाघों की संख्या बढ़ाकर दुनिया के सामने एक सफल उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब अगला लक्ष्य ये होना चाहिए कि यह संरक्षण सफलता मानव जीवन के लिए संकट न बने। इसके लिए विज्ञान, संवेदनशील नीतियां, मजबूत वन प्रबंधन और स्थानीय समुदायों की साझीदारी का संतुलित मेल आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस हमें यही याद दिलाता है कि बाघ और इंसान दोनो की सुरक्षित मौजूदगी ही वास्तविक संरक्षण की कुंजी है। आने वाले वर्षों में भारत की सफलता इस बात से आंकी जायेगी कि वह केवल बाघों की संख्या बढ़ाने में नहीं बल्कि उनके साथ सुरक्षित और संतुलित सहअस्तित्व स्थापित करने में कितना सफल होता है।

**बॉक्सः**
**ऐसे कम हो सकता है मानव बाघ संघर्ष**

- विकास को संतुलित रूप दिया जाए। सड़क, रेलवे तथा दूसरी परियोजनाओं को वन्यजीवों के लिए अंडरपास या ओवरपास द्वारा सुरक्षित कॉरिडोर अनिवार्य किये जाएं।
- वन्यजीव संरक्षण को सिर्फ जानवरों तक ही अगर सीमित कर दिया गया और स्थानीय इंसानों की उपेक्षा की गई, तो यह संरक्षण टिकाऊ नहीं होगा। अतः ग्रामीणों को भी संरक्षण कार्यक्रमों, इको टूरिज्म और वैकल्पिक रोजगार कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए।
- बाघ और दूसरे जंगली जानवरों की नियमित गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए कैमरा ट्रैप, ड्रोन, जीपीएस कॉलर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए।
- अलग-अलग जंगलों को आपस में जोड़कर वन्यजीवों के लिए सुरक्षित और संरक्षित गलियारा प्रदान किया जाए ताकि बाघ इंसानी आबादी में हमला न बोलें।

...और अंत में मवेशी या मानव क्षति होने पर स्थानीय प्रशासन प्रभावित परिवारों को शीघ्र और पारदर्शी मुआवजा दे, जिससे स्थानीय लोगों पर वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रमों के प्रति सकारात्मकता बनी रहे।

– के.पी. सिंह.

## आप की बात

### आधुनिक शहरों का विकास

भारत का आधुनिक विकास और स्मार्ट सिटी का निर्माण अवसरों को बढ़ाने में सहायक होंगे। स्मार्ट सिटी से देश का विकास तेज होगा। आधुनिक शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है। हर दिन नयी योजनाएं विकसित करने की योजना बनाने वाला एलडीए और आवास विकास लखनऊ में घर बनाने के लिए एक गरीब को पैसे लेकर भी 30, 40 मीटर का ईडब्ल्यूएस, एलआईजी प्लाट नहीं दे पा रहा है।

**अखिलेश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## सर्प के काटने से महिला की मौत

**बांदा।** अपने नाती के साथ जमीन पर लेटी अधेड़ महिला को बाएं हाथ में काले सर्प ने काट लिया। जानकारी होने पर स्वजनों में दहशत फैल गई। पड़ोस के गांव में झाड़फूंक के बाद हालत में सुधार न होने पर अतर्रा अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। थाना फतेहगंज क्षेत्र के ग्राम राजाडीही निवासी बीरबल की 40 वर्षीय पत्नी सुनीता अपने नाती के साथ जमीन पर लेटी थी। सुनीता के बाएं हाथ में सर्प ने काट लिया। जानकारी होते ही सुनीता ने सोए हुए नाती को उठाकर स्वजनों को घटना की जानकारी दी। काले सर्प को देखकर परिजनों ने सुनीता को डुमरा गांव जाकर झाड़फूंक कराया लेकिन हालत में कोई सुधार न होने पर उपचार के लिए परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा ला रहे थे कि रास्ते में सुनीता की मौत हो गई। ड्यूटी में तैनात चिकित्सक ने देखते ही सुनीता को मृत घोषित कर दिया। सुनीता अपने पीछे दो शादीशुदा पुत्र और एक अविवाहित पुत्री को छोड़ गई है। फतेहगंज पुलिस ने शव पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

## पांच किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बांदा।** थाना तिंदवारी पुलिस ने सूखे गांजे के साथ दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। देर शाम थाना तिंदवारी पुलिस ने गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम तेरहीमाफी रोड थाना तिंदवारी से हरेंद्र पुत्र स्व. कन्हैयालाल निवासी ग्राम आरा थाना शाहपुर जनपद भोजपुर राज्य बिहार, सरिवन उर्फ श्रवण पुत्र स्व. रामबालक निवासी ग्राम महतवनिया थाना उदवन्त नगर जनपद भोजपुर राज्य बिहार को अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल पांच किलो 65 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद गांजा उन्होंने थाना तिंदवारी के ही आशीष से खरीदा है। अधिक दाम में बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर उनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा है। उ0नि0 गजेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपी आशीष पुत्र अज्ञात निवासी तेरहीमाफी थाना तिंदवारी की तलाश की जा रही है।

## ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण

बहराइच 24 जुलाई। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के वित नियंत्रक नन्द किशोर धर द्विवेदी, प्रभारी इवीएम अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा के



साथ जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर अवर अभि. जल निगम संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व अन्य सम्बन्धित स्टाफ मौजूद रहे।

# अजनाला थाने पर हमले का आरोपी भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार



एस पी मिश्रा

**रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। पंजाब के वर्ष 2023 के चर्चित अजनाला थाना हमले के वांछित आरोपी एवं प्रतिबंधित संगठन 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े विक्रम सिंह को एसएसबी और रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंजाब के रूपनगर निवासी विक्रम सिंह के रूप में हुई है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार वह अजनाला थाना हमले के बाद से फरार चल रहा था और नेपाल में अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा बॉर्डर आउटपोस्ट पर नियमित जांच के दौरान उसकी संदिग्ध गतिविधियां

**प्रतिबंधित संगठन 'वारिस पंजाब दे' से जुड़ा है विक्रम सिंह**

सामने आने पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच का दायरा फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह, अवैध सीमा पार कराने वाले नेटवर्क तथा आरोपी की मदद करने वाले स्थानीय सहयोगियों सीमा पार करने वालों पर कड़ी निगरानी और पूरे सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी कड़ी कर दी गई है अजनाला थाना हमले से जुड़ा है मामलाजानाकारी हो कि फरवरी 2023 में पंजाब के अमृतसर जिले के अजनाला थाने पर 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने साथी लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान को छुड़ाने के लिए हमला कर दिया था। इस दौरान हुई हिंसक झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। घटना के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। बाद में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (टरअ) समेत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए अमृतपाल सिंह और उसके कई साथियों को गिरफ्तार किया गया था।

# राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने पर 27 आशा कार्यकत्रियों की सेवा समाप्ति की संस्तुति

जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** राष्ट्रीय कार्यक्रमों की अनदेखी कर दिलचस्पी न लेने पर मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक क्षेत्र की 27 आशा कार्यकत्रियों की सेवा समाप्ति की संस्तुति की गई है। जबकि पांच आशा कार्यकताओं का मानदेय रोकते हुए चेतावनी दी गई है। प्रभारी चिकित्साधिकारी चंदक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ0 देवेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों की निरंतर कमिश्नर व डीएम द्वारा समीक्षा की जा रही है इसमें आभा आईडी, आयुष्मान भारत योजना, पल्स पोलियो कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम में निरंतर उपलब्धि न होने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है समीक्षा में सामने आया कि जनपद के ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल में आभा आईडी की प्रगति मात्र 67.14 प्रतिशत है इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड में भी 57.59 प्रतिशत ही कार्ड बने है और परिवार कल्याण कार्यक्रम के दो वर्षों से आशाओं द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है इस संबंध में समय-समय पर समस्त बैठक कर व समीक्षा के दौरान आशाओं, आशा संगिनी को कार्य में सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया। लेकिन उनके द्वारा अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं किया गया। जिसका सीधा प्रभाव ब्लाक की छवि पर पड़ रहा है और उच्चाधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा रही है। सेवा समाप्त होने वाली सभी आशाओं को पूर्व में चेतावनी भी दी गई थी, इसके बावजूद कार्यशैली में कोई सुधार नहीं होने पर कार्रवाई हुई है। नोडल अफसर ने इन सभी की कार्य प्रगति की रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश मिलने के बाद 27 आशाओं की सेवा समाप्ति की संस्तुति की गई है।

## जौहर विवि को लेकर हस्ताक्षर अभियान आज से

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा विनीत कुशवाहा के आदेशानुसार समाजवादी छात्रसभा इटावा के सभी पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरणविरोध में एंव पुनर्विचार हेतु हस्ताक्षर अभियान एक सप्ताह चलाया जाएगा।

## संविदा विद्युत कर्मियों ने की कैजुअल अटेंडेंस की मांग



**बांदा।** पैलानी तहसील के कालेश्वर विद्युत उपकेंद्र के संविदा विद्युत कर्मियों ने विद्युत विभाग के अवर अभियंता को शिकायती पत्र देते हुए फेशियल अटेंडेंस के अनुसार ड्यूटी कराए जाने की मांग की है। कहा है कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के निदेशानुसार कैजुअल अटेंडेंस सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने उपकेंद्रों में उपस्थित मान्य है। इस प्रकार 8 घंटे की ड्यूटी करना न्याय संगत है किंतु विद्युत की आवश्यक सेवा के चलते जनहित में मौखिक आदेशों के अनुपालन में हम सभी संविदा कर्मचारियों से 24 घंटे 30 दिन कार्य लिया जा रहा है। यह प्रबंधन के नियमों के विपरीत है। 24 घंटे विद्युत आपूर्ति बहाल करने को शिफ्ट वाइज आठ-आठ घंटे की ड्यूटी चार्ट उपलब्ध कराए जाने, कैशियल ऐप पर सुविधा प्रदान किए जाने की मांग की है। संविदा कर्मचारियों में प्रमुख रूप से मनोज, सोम विश्वकर्मा, संदीप वर्मा, सी विजय यादव, शोभा सिंह, वसीम खान, शाहिद खान, जय सिंह, राहुल सिंह, शिव सिंह, कृष्ण विलास सिंह आदि संविदा कर्मी मौजूद रहे।

## वंदना गुप्ता व्यापार मंडल महिला विंग जिलाध्यक्ष मनोनीत




**बांदा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा की सहमति एवं जिला प्रभारी चारुचंद्र खरे व जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ की संस्तुति पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता को उद्योग व्यापार मंडल महिला विंग का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। व्यापार मंडल ने वंदना गुप्ता से आशा एवं विश्वास व्यक्त किया है कि वह जनपद के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का हर सम्भव प्रयास करेंगी। साथ ही संगठन हित में अपनी सेवाएं देती रहेंगी।

## डीआईओएस कार्यालय में शिक्षक 28 को देंगे धरना



**बांदा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट का 21 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना कार्यक्रम का आयोजन है। प्रांतीय उपाध्यक्ष केदार वर्मा, जनपदीय संरक्षक जानकीशरण शुक्ल ने बताया कि गोरखपुर में हुए प्रांतीय सम्मेलन में शिक्षकों की समस्याओं का 21 सूत्रीय मांग पत्र कृषि राज्यमंत्री को सौंपा गया था। धरने को सफल बनाने के लिए संगठन के जिलाध्यक्ष बालाराम एवं संगठन मंत्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में विद्यालयों में दौरा किया गया। सभी शिक्षकों से धरने को सफल बनाने की अपील की गई है। जिला मंत्री मोहम्मद बाकर ने बताया 28 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। मुख्यमंत्री को संबोधित 21 सूत्रीय मांगपत्र एवं जनपदीय समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया जाएगा।

# विद्यार्थियों के पक्ष में सरकार को आंदोलन को जल्द समाप्त कराना चाहिए: डॉ.अतुल



जिला संवाददाता (vol)

**नजीबाबाद, बिजनौर।** छात्र हित में सरकार आंदोलन को शीघ्र अति शीघ्र समाप्त कराकर छात्रों को राहत प्रदान करें। छात्रों के आंदोलन की आड में नेताओं द्वारा राजनीतिक फायदा उठाने का कार्य किया जा रहा है।

नगर के प्रतिष्ठित मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रबंधक, प्रख्यात आथोर्पेडिक सर्जन डॉ0 अतुल बहादुर सिंह ने कहा कि सभी दलों के द्वारा विद्यार्थियों के आंदोलन को हाईजैक कर अपने कब्जे में लेकर राजनीतिक फायदा उठाने का कार्य किया जा रहा है। किसी भी राजनीतिक दल को छात्रों के हित से कोई भी सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को विद्यार्थियों के फेवर में इस आंदोलन को जल्दी से जल्दी समाप्त कराना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब से परीक्षा कराने की जिम्मेदारी एनटीए को मिली है तब से भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं रही है। कभी पेपर लीक हो जाता है, कभी और कुछ।

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा स्वास्थ्य दोनों ही और ध्यान नहीं दे रही है यदि इसी प्रकार चलता रहा तो हमारे देश के विद्यार्थी अगले 50 साल में भी सही तरीके से कार्य नहीं कर पाएंगे और न हीं उनका भविष्य का निर्माण होगा।

# जिलाधिकारी ने कन्या जन्मोत्सव पर नवजात बालिकाओं को उपहार देकर शुभकामनाएं दीं

जिला संवाददाता (vol)




**बिजनौर ।** जिला अस्पताल बिजनौर में महिला कल्याण विभाग द्वारा ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्य योजना के अंतर्गत एक विशेष जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अस्पताल में जन्मी 16 नवजात कन्या शिशुओं के आगमन की खुशी में आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अभिशाप को समाप्त करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जसजीत कौर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उनके साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी, बिजनौर एवं जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका ( ब्डै ) डॉ. प्रभा रानी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्वयं नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट, उपहार, मिठाइयाँ एवं बधाई पत्र सौंपकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने नवजात कन्याओं के स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए माताओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अपने संदेश में कहा कि ह्यह्यबेटियाँ समाज की नींव हैं और किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। आज के समय में बालिकाओं को समान अवसर और अधिकार देना बेहद आवश्यक है। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में मौजूद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जबकि सीएमएस डॉ0 प्रभा रानी ने नवजात शिशु देखभाल, नियमित टीकाकरण और स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा माताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने केक काटकर नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया।

## जिलाधिकारी ने आच्छादन मैप तैयार करने के दिए निर्देश



**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी ने कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में भूमि संरक्षण अनुभाग से संचालित योजनाओं, जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक में वर्ष 2025-26 में कराये गये कार्यों की पुष्टि एवं वर्ष 2026-27 में कराये जाने वाले कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। उप कृषि निदेशक ने प्रसार अनुभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति समय से सुनिश्चित करा ली जाए। जिला कृषि अधिकारी ने रबी के बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि आच्छादन की जानकारी मैप पर प्रदर्शित की जाए। समय से बीज वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए। जनपद में उर्वरक वितरण केंद्रों को शीघ्र मैप पर फीड करा लिया जाए। इसी प्रकार सहकारिता एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा की गई। निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य समय से पूर्ण कराते हुए वित्तीय पूर्ति भी समय से पूर्ण करा ली जाए। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग बना 'ब्रेक', पानी में डूबा वार्ड

**बहराइच।** बरसात में जलभराव से राहत दिलाने की नगर पालिका की कोशिशों पर बिजली विभाग की लापरवाही भारी पड़ रही है। नवसृजित सरस्वती नगर वार्ड में नाला निर्माण का काम बीच में ही अटक गया है। वजह, नाले के बीच स्थापित बिजली विभाग के उपकरण हैं, जिन्हें कई बार अनुरोध और जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बावजूद अब तक नहीं हटाया गया। इसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को जलभराव के रूप में भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल ने बताया कि सरस्वती नगर में जलनिकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाले का तलीझाड़ और सफाई कार्य पहले ही पूरा कराया जा चुका है। इसके बाद नाला निर्माण शुरू किया गया, लेकिन बीच में मौजूद



बिजली विभाग के उपकरण बड़ी बाधा बन गए। कई बार पत्राचार और अनुरोध के बावजूद विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मामला जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के संज्ञान में भी लाया गया, लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उपकरण नहीं हटने से नाले में पानी का बहाव बाधित हो रहा है और थोड़ी-सी बारिश में भी वार्ड के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन जाती है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि बरसात शुरू होने से पहले नगर के प्रमुख नालों की विशेष सफाई कराई गई थी, लेकिन कुछ स्थानों पर नालों पर हुए अतिक्रमण से जलनिकासी प्रभावित हो रही है।

## रफ्तार ने तोड़ा फाटक, सतर्कता ने बचायी सैकड़ों जानें



**बहराइच।** कुछ सेकंड की लापरवाही शुक्रवार को बड़े रेल हादसे में बदल सकती थी, लेकिन रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई ने खतरे को टाल दिया। पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज रेलवे क्रॉसिंग पर एक तेज रफ्तार पिकअप बंद रेलवे फाटक को तोड़ते हुए निकल गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। ट्रेन के आगमन को देखते हुए गेटमैन ने नियमानुसार दोनों ओर के बैरियर बंद कर दिए थे। तभी तेज गति से पहुंची पिकअप बिना रुके सीधे बैरियर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बैरियर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल स्थिति संभाली और ट्रेन के क्रॉसिंग तक पहुंचने से पहले सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर दी। उनकी सतर्कता के चलते संभावित बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। क्षतिग्रस्त बैरियर की मरम्मत शुरू करा दी गई है। वहीं, फरार पिकअप और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्टेशन मास्टर पयागपुर अमित कुमार ने बताया कि ट्रेन के आगमन के कारण रेलवे फाटक बंद था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप बैरियर तोड़ते हुए निकल गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन और चालक की पहचान की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। रेलवे प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बंद रेलवे फाटक को पार करने का प्रयास न करें। कुछ मिनटों की जल्दबाजी सैकड़ों लोगों की जान जोखिम में डाल सकती है।

## बार संघ ने की दिल्ली पुलिस के लाठीचार्ज की निंदा



**बांदा।** बार संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक दिक्षित ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में प्रभारी अधिकारी को सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, उस पर इस तरह की कार्रवाई निंदनीय है। जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कार्रवाई से आक्रोश है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जाती है। जंतर-मंतर नई दिल्ली में प्रवेश परीक्षाओं की शुचिता को लेकर धरना दे रहे छात्र-छात्राओं पर दिल्ली पुलिस के किए गए लाठीचार्ज के विरोध में बार संघ अध्यक्ष विमल सिंह, विनोद सिंह महासचिव, राजेश द्विवेदी, विवेक सिंह, शिवपूजन पटेल, बच्ची महाराज आदि मौजूद रहे।

# राहत चौपाल में समस्याएं सुनीं, तैयारी की समीक्षा

**फतेहपुर।** यमुना क्षेत्र में बाढ़ और संभावित प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर तहसील सदर के ललौली इंटर कॉलेज में गुरुवार को राहत चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास गुप्ता ने की। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देशराहत चौपाल के दौरान विधायक विकास गुप्ता ने क्षेत्रवासियों से आपदा और विकास से जुड़ी शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना।




उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी व्यक्ति को बिना वजह भटकना न पड़े और हर शिकायत का त्वरित समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। बाढ़ व आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षाचौपाल में बाढ़ एवं अन्य संभावित प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत राहत एवं बचाव संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपजिलाधिकारी सदर पीनाक मनी द्विवेदी ने प्रशासन स्तर पर की गई बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की जानकारी दी, जिसमें पलटू पुरवा में बने मिट्टी के बंधे की तत्काल मरम्मत, बाढ़ राहत शिविरों के लिए चिन्हित स्थलों की व्यवस्था तथा वहां उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक राहत सामग्री की स्थिति का उल्लेख शामिल रहा। एसडीएम ने बताया कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित ग्रामीणों को राहत शिविरों में तीन समय का भोजन, राशन तथा अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की ठोस रूपरेखा तैयार की गई है। राहत सहायता के प्रावधानों की जानकारीचौपाल में आपदा विशेषज्ञ कृष्ण कुमार फतेहपुर ने उपस्थित ग्रामीणों को विस्तार से बताया कि किसी भी आपदा के उपरांत राहत सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है और किन-किन अधिसूचित आपदाओं में क्षति या नुकसान होने पर आपदा मोचन निधि के अंतर्गत राहत सहायता दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने ग्रामीणों को आगजनी, आकाशीय विद्युत बिजली गिरने, सर्पदंश, डूबने से मृत्यु, नाव दुर्घटना जैसी घटनाओं से बचाव के उपायों केसाथ-साथ अग्रिम शासन की आपदा प्रबंधन योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आपदा के समय घबराहट के बजाय सजगता और जागरूकता के साथ स्थिति से निपटा जा सके।

## 31 लाख की पेयजल क्रांति की शुरुआत वार्डों तक पहुंचेगा शुद्ध पानी

बहराइच। नगरवासियों के लिए राहत की बड़ी खबर है। लंबे समय से पेयजल संकट और जर्जर पाइपलाइनों की समस्या से जूझ रहे शहर में अब व्यापक बदलाव की शुरूआत होने जा रही है। नगर पालिका परिषद, बहराइच ने करीब 31लाख रुपये की लागत से नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने की महत्वाकांक्षी योजना का ई-टेंडर जारी कर दिया है। योजना के धरातल पर उतरते ही शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार होने की उम्मीद है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी टेकड़ीवाल के अथक प्रयासों से यह महत्वपूर्ण परियोजना साकार होने जा रही है। अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल ने बताया कि शासन से प्रथम किस्त प्राप्त होने के बाद कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। परियोजना के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में पुरानी एवं जर्जर पाइपलाइनों को बदलकर आधुनिक पेयजल नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिससे हजारों परिवारों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। नगर पालिका परिषद द्वारा जारी निविदा के अनुसार परियोजना की अनुमानित लागत 31लाख रुपये है। निर्माण कार्य ई-टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाएगा, जिससे गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस महत्वाकांक्षी योजना का पहला लाभ नगर के सरस्वती नगर वार्ड के नागरिकों को मिलेगा, जहां नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। नगर पालिका परिषद इससे पहले भी शहर के कई क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता के साथ पेयजल पाइपलाइन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा करा चुकी है। अब उसी गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के साथ सरस्वती नगर वार्ड में भी कार्य कराया जाएगा। शहर में लगातार गहराते पेयजल संकट के बीच यह परियोजना नगरवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आने वाली मानी जा रही है।

## छात्राओं को निःशुल्क दिया जा रहा सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण



**महोबा।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत विद्यालय में छात्राओं को निशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कक्षा 9 से 11वीं तक विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना से छात्रायें आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रधानाचार्या ने बताया कि गत वर्ष 160 छात्राओं को ब्यूटी पार्लर का कोर्स निशुल्क कराया गया था।

संक्षेप

## हिंदुस्तान जिंक का पहली तिमाही में रिकॉर्ड प्रदर्शन

उदयपुर। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत अब तक के सबसे शानदार पहली तिमाही के प्रदर्शन के साथ की। कंपनी ने परिचालन से रुपये 13,747 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 77% अधिक है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि वहीं, रुपये 8,074 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक तिमाही EBITDA दर्ज किया, जिसमें 109% की वृद्धि हुई। कंपनी का शुद्ध लाभ भी ?5,469 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, जो साल-दर-साल 145% अधिक है। इस मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के पीछे पहली तिमाही में अब तक का सबसे अधिक 268 किलो टन खनन धातु उत्पादन और 851 अमेरिकी डॉलर प्रति टन की अब तक की सबसे कम तिमाही जस्ता उत्पादन लागत रही। यह कंपनी की मजबूत परिचालन क्षमता, प्रभावी लागत प्रबंधन और उद्योग में उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त को दर्शाता है।

## भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026 का आयोजन 2 नवंबर से

नई दिल्ली। केंद्रीय नवीन एव अक्षय ऊर्जा और उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज यहां बीआरई समिट एंड एक्सपो 2026 के कर्टन रेजर को संबोधित करते हुए कहा कि दि भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो (बीआरई समिट एंड एक्सपो) 2026 का आयोजन 2 से 5 नवंबर, 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। पहली बार बीआरई समिट एंड एक्सपो 2026 में एक ही प्लेटफॉर्म के तहत अक्षय ऊर्जा के तीन बड़े आयोजन- बीआरई समिट एंड एक्सपो 2026, दि इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) असेंबली का नौवां सत्र और चौथा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ग्रीन हाइड्रोजन (आईसीजीएच) हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ह्यबीआरई समिट एंड एक्सपो 2026 का उद्घाटन करने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति विकसित भारत के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में अक्षय ऊर्जा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक टिकाऊ विकास में इसके योगदान को दर्शाती है।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने वित्तीय परिणाम की घोषणा की

मुंबई। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आज जून 2026 में समाप्त हुई तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम की घोषणा की। वैश्विक बाजार में जारी अनिश्चितताओं के बावजूद, घरेलू स्तर पर विभिन्न आर्थिक संकेतकों में स्थिरता नजर आई है। आरबीआई ने संतुलित रुख के साथ अपनी नीतिगत रेपो दर को 5.25% पर बनाए रखा है, साथ ही, वित्त वर्ष 27 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.6% और पूरे साल के लिए महँगाई दर तय दायरे में यानि 5.1% रहने का अनुमान जाहिर किया है। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि बैंकिंग क्षेत्र मजबूत बना हुआ है, जिसमें ऋण की अच्छी माँग और स्थिर जमा हैं। बैंक ने शाखा विस्तार के साथ विविधीकृत व्यवसाय में वृद्धि दर्ज की है, जिससे जून '26 तक ब्रांच की संख्या 814 हो गई है। जमा में सालाना स्तर पर 24.6% / तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 5.4% की बढ़ोतरी हुई और यह 48,129 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुँच गया। वहीं, सकल ऋण खाता 42,903 करोड़ रुपए पर पहुँच गया।

## एसबीआई लाइफ का नया बिजनेस प्रीमियम 8908 करोड़ पहुंचा

मुंबई। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही में 8,908 करोड़ रुपए का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि (30 जून, 2025) के 7,268 करोड़ रुपए की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इस दौरान कंपनी के नियमित प्रीमियम में 40% की बढ़ोतरी हुई। सुरक्षा योजनाओं पर विशेष फोकस के साथ एसबीआई लाइफ का प्रोटेक्शन न्यू बिजनेस प्रीमियम 30 जून, 2026 को समाप्त अवधि में 100% की वृद्धि के साथ 1,958 करोड़ रुपए पर पहुँच गया। वहीं, प्रोटेक्शन इंडिविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम 22% बढ़कर 202 करोड़ रुपए रहा। इस दौरान, कंपनी का इंडिविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम भी 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के मुकाबले 14% की वृद्धि के साथ 5,613 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

# सेंसेक्स 332 अंक फिसला




मुंबई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका के नए व्यापार शुल्क से उपजी चिंताओं के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 332 अंक गिर गया जबकि निफ्टी 102 अंक नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल के दाम में मजबूती कायम रहने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली से धारणा नकारात्मक रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 331.62 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिरकर 76,059.77 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 916.96 अंक यानी 1.20 प्रतिशत लुढ़ककर 75,474.43 तक गिर गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 102.15 अंक यानी 0.43 प्रतिशत फिसलकर 23,767.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, आईटीसी, एक्सिस बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। घरेलू बाजार में कारोबार उतार-चढ़ाव से भरा रहा और लगातार पांचवें दिन गिरकर बंद हुआ। कुछ बड़ी कंपनियों के नतीजे अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहने और वैश्विक तनाव से जुड़ी चिंताओं के कारण निवेशक धारणा कमजोर रही। इसमें कच्चे तेल की उंची कीमतों ने भी अहम भूमिका निभाई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.66 प्रतिशत गिरकर 96.98 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि पिछले सत्र में यह 100 डॉलर के पार चला गया था। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.46 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.08 प्रतिशत की मामूली तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड में 0.96 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 0.90 प्रतिशत और बिजली खंड में 0.67 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि फोकस आईटी खंड में 1.30 प्रतिशत और पीएसयू बैंक खंड में 0.65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन गिरावट में रहा, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिकी शुल्क की चिंताओं से निवेशक सतर्क रहे। एशियाई बाजारों की कमजोरी से भी घरेलू स्तर पर बिकवाली का दबाव बढ़ा। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स में कुल 2,091.68 अंक यानी 2.67 प्रतिशत की गिरावट देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी 566.85 अंक यानी 2.32 प्रतिशत टूट गया।

# रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 96.55 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 96.55 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 96.81 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.30 से 96.81 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की बढ़त के साथ 96.55 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ 96.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की उंची कीमतों और विदेशी निवेशकों की निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है। शुक्रवार को रुपया दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास 96.55 प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा कि रुपये में और गिरावट रोकने के लिए आरबीआई के हस्तक्षेप की रिपोर्ट है। कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा भी रुपये को स्थिर रखने के लिए डॉलर बेचने की बात सामने आई है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने की स्थिति में रुपये पर दबाव बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की उंची कीमतें भी रुपये को प्रभावित कर सकती हैं, हालांकि दोनों देशों के बीच राजनयिक बातचीत से रुपये में तेज गिरावट रुक सकती है।

## अमेरिका का भारत पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाना बंधुआ मजदूरी मुद्दे का समाधान नहीं : जीटीआरआई

नयी दिल्ली। अमेरिका में भारत समेत कई देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का उद्देश्य कथित बंधुआ मजदूरी मुद्दे का समाधान करना न होकर ट्रंप प्रशासन के शुल्क रवैये को कायम रखना लग रहा है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया।

अमेरिका ने भारत सहित 17 देशों से आयातित उत्पादों पर बंधुआ मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) से जुड़े आरोपों के तहत यह 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जो 24 जुलाई से प्रभावी भी हो गया है। इस शुल्क के पीछे कोई ठोस तथ्यात्मक आधार नहीं है और अमेरिका ने यह साबित नहीं किया है कि भारत बंधुआ मजदूरी से विनिर्मित उत्पादों का आयात करता है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही अपनी विदेशी व्यापार नीति में संशोधन कर बंधुआ मजदूरी से विनिर्मित उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा चुका है और देश के घरेलू कानून भी इस तरह के श्रम को प्रतिबंधित करते हैं। यह नया शुल्क फरवरी में 150 दिनों के लिए वैश्विक स्तर पर लगाए गए अस्थायी 10 प्रतिशत शुल्क की जगह आया है। हालांकि 24 जुलाई से पहले रवाना और 28 जुलाई तक अमेरिका पहुंचने वाले सामान को इस शुल्क से छूट दी गई है। जीटीआरआई ने कहा कि नए शुल्क से कच्चे माल, कृषि कच्चा माल, कुछ औद्योगिक उत्पाद, चिकित्सा आपूर्ति और धातु उत्पादों को छूट दी गई है जबकि इस्पात, एल्युमीनियम और वाहन कलपुर्जे जैसे धारा 232 के तहत आने वाले उत्पाद पहले से ही उच्च शुल्क के दायरे में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के लगभग 70 प्रतिशत निर्यात अब इस 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के दायरे में आएंगे, जो सर्वाधिक तरजीही देश (एमएफएन) के लिए लागू शुल्क के ऊपर लागू होगा। इनमें इंजीनियरिंग उत्पाद, वस्त्र, मशीनरी, प्लास्टिक, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण और फर्नीचर शामिल हैं। अमेरिका की एक अन्य जांच का निष्कर्ष आने के बाद औद्योगिक उत्पादों पर नए अतिरिक्त शुल्क लगाए जा सकते हैं, जिससे भारतीय निर्यात पर और दबाव बढ़ सकता है।

# सोना 2000 और चांदी 5000 रुपये सस्ती

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये टूटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में गिरावटआई।

कारोबारियों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये घटकर।,47,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। यह लगातार दूसरे दिन की गिरावट है।

बीते दिन सोना।,49,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। भारी बिकवाली के कारण चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये टूटकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। पिछले सत्र में यह 2,29,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू बाजार में लिवाली धारणा कमजोर रहने के बीच सर्राफा कीमतें दबाव में रहीं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना में मामूली बढ़त हुई और यह 4,063.70 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जबकि चांदी लगभग 2 प्रतिशत बढ़कर 58.59 डॉलर प्रति औंस हो गई। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ लगभग 4,060 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

पांच दिनों में 12 प्रतिशत की तेजी के बाद ब्रेंट तेल की कीमतों में लगभग 4 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने लगातार 14वें दिन ईरान पर हमले जारी रखा। ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित 60 देशों पर शुल्क (टैरिफ) भी लगाया है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.24 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.24 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 675.16 अरब डॉलर हो गया था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर रिकॉर्ड 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को डॉलर की बिक्री के जरिये विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे कई सप्ताह तक भंडार में गिरावट दर्ज की गई। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 551.06 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में बताई जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.48 अरब डॉलर घटकर 101.75 अरब डॉलर रह गया। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.67 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का आरक्षित कोष 3.2 करोड़ डॉलर घटकर 4.76 अरब डॉलर रहा।

# भारत-इजराइल के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता का दूसरा दौर संपन्न




नयी दिल्ली। भारत और इजराइल के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दूसरे दौर की वार्ता इस सप्ताह संपन्न हो गई। इसमें वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, बौद्धिक संपदा अधिकार, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं और व्यापार सुगमता सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। शुक्रवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

यह वार्ता 20 से 23 जुलाई के बीच नयी दिल्ली में आयोजित की गई। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, चर्चा रचनात्मक और भविष्योन्मुखी रही। दोनों पक्षों ने मतभेद कम करने और सहमति वाले क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से विभिन्न तकनीकी विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल के बीच कई क्षेत्रों में परस्पर पूरकता है और प्रस्तावित एफटीए द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने तथा आर्थिक एकीकरण को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। बयान के अनुसार, इस दौर में दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों ने वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपाय, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, बौद्धिक संपदा अधिकार, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं एवं व्यापार सुगमता, आर्थिक सहयोग तथा प्रस्तावित समझौते के अन्य अध्यायों पर अलग-अलग तकनीकी सत्र आयोजित किए। बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए को जल्द अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार एवं आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और इजराइल के बीच कुल द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 3.93 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

पेज एक का शेष

## हिमाचल: वाहन

राज, बुधी सिंह, बीर सिंह, अनिल कुमार, सौरभ सिंह, अंजना, सोमांग आंग्मो, रेखा, कमला कुमारी और छह महीने के शिशु आरू के रूप में हुई है।

इसने बताया कि कार से बाहर कूदने वाले दो लोग बाल-बाल बच गये। दुर्घटना स्थल पर कोई दूरसंचार सिग्नल नहीं है। यह स्थान चंबा जिले के पांगी और लाहौल (लाहौल और स्पीति जिले) की सीमा पर स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और लाहौल-स्पीति के उदयपुर में प्रशासन मौके पर मौजूद प्रमुख राहत एवं बचाव दल हैं। पुलिस भी इस अभियान का हिस्सा थी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वह तुरंत घटनास्थल पर जाएं और बचाव एवं राहत कार्यों की निगरानी करें। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में कहा कि सुक्खू ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भरमौर के विधायक जनक राज ने पीटीआई-भाषा से कहा कि वाहन में सवार 15 लोगों में से 13 की मौत हो गई जबकि वाहन से बाहर कूदे दो लोग बच गए।

## कांवड़ यात्रा में

सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उनकी मरम्मत तत्काल पूरी कराई जाए। मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। स्वास्थ्य विभाग पूरी तैयारी के साथ रहे। चिकित्सा शिविर प्रभावी ढंग से संचालित हों तथा एंटी वेनम और एंटी रैबीज इंजेक्शन सहित आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रमुख घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएं तथा सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भजन-संगीत के साथ आवश्यक सूचनाओं का नियमित प्रसारण किया जाए। मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस एवं मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएं। खाद्य पदार्थों में मिलावट, गंदगी और ओवररेटिंग की शिकायत किसी भी दशा में नहीं मिलनी चाहिए। अधिकारी नियमित निरीक्षण करें और दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करें। प्रत्येक दुकान पर संचालक का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित रहे।

## पेपर लीक

तक की जेल की सजा और अधिकतम 10 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। मौजूदा कानून में व्यक्तिगत रूप से शामिल लोगों के लिए तीन से पांच साल तक की कैद का प्रावधान है, जबकि संगठित रूप से धोखाधड़ी और प्रश्नपत्र लीक जैसे अपराधों में शामिल लोगों के लिए पांच से 10 साल तक की कैद और कम से कम एक करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इस विधेयक का उद्देश्य उन संगठित गिरोहों और संस्थानों को गलत कृत्य करने से रोकना है, जो आर्थिक लाभ के लिए अनुचित साधनों का सहारा लेते हैं। साथ ही अभ्यर्थियों को इसके प्रावधानों से संरक्षण प्रदान करना है। मौजूदा कानून का उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी आदि जैसी भर्ती परीक्षाओं और नीट, जेईई तथा सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, कदाचार और संगठित कदाचार पर रोक लगाना है। सूत्रों ने बताया कि संशोधित विधेयक के सोमवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने बृहस्पतिवार की मध्यरात्रि को एक वीडियो संदेश में कहा था, सोमवार को जब संसद के मानसून सत्र का दूसरा सप्ताह शुरू होगा, तो प्रश्नपत्र लीक के मामलों में सख्त कार्वाई के प्रावधानों वाला एक विधेयक लाया जाएगा और हम उसे जल्द से जल्द पारित कराने की कोशिश करेंगे। यह घोषणा ऐसे समय में की गई, जब कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, परीक्षा में हुई अनियमितताओं के लिए जवाबदेही तय करने, शिक्षा प्रणाली में सुधार और मई में नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। सूत्रों के अनुसार पूरा मंत्रिमंडल प्रधान के समर्थन में खड़ा है और सरकार द्वारा विपक्ष की उनके इस्तीफे की मांग को स्वीकार करने की संभावना नहीं है। विपक्ष 20 जुलाई को अपनी मांगों के समर्थन में संसद तक मार्च निकालने वाले प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कथित ज्यादती के लिए प्रधानमंत्री से माफी की मांग भी कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधारों से जुड़े सभी मुद्दों पर भी काम कर रही है। एनटीए चिकित्सा प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) यानी नीट-यूजी आयोजित करती है।

वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन बड़े केमिकल पार्कों की स्थापना के लिए 3,030 करोड़ रुपये की एक नई योजना की घोषणा की। इसके जरिए भारत को रसायन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य-रसायन) को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी दी। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में घोषित इस योजना की कुल लागत 3,030 करोड़ रुपये है। इसमें से 3,000 करोड़ रुपये साझा अवसंरचना एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 30 करोड़ रुपये प्रशासनिक व्यय के लिए निर्धारित हैं। यह योजना वर्तमान वित्त वर्ष से शुरू होकर 2030-31 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि कम-से-कम 2,000 एकड़ क्षेत्र में स्थापित होने वाले एक केमिकल पार्क में 20,000 करोड़ रुपये से 50,000 करोड़ रुपये तक का निवेश हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह योजना निवेश जुटाने में गुणक का काम करेगी।

उन्होंने ने कहा कि कुल निवेश योजना के लिए निर्धारित राशि से कहीं अधिक होगा, क्योंकि 3,030 करोड़ रुपये केवल बुनियादी ढांचे के लिए केंद्रीय मदद है। वैष्णव ने कहा कि इन पार्कों का विकास राज्यों के साथ चैलेंज रूट के तहत किया जाएगा और हरेक पार्क के लिए न्यूनतम आठ वर्ग किलोमीटर (करीब 2,000 एकड़) निर्बाध भूमि की उपलब्धता जरूरी होगी। ये पार्क ग्रीनफील्ड (नई) या ब्राउनफील्ड (पुरानी) दोनों तरह के हो सकते हैं, जिसका चयन राज्य सरकारें करेंगी।

## प्रधान के

हुई नीट परीक्षा रद्द होने के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिए जाने की भी मांग की गई।

## पेपर लीक

(इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों के लागू करने तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की परीक्षा प्रणाली से जुड़े मॉडल को अपनाने के संबंध में विस्तृत हलफनामा दाखिल करे। शिक्षा मंत्रालय ने सात-सदस्यीय राधाकृष्णन समिति का गठन नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक के बाद परीक्षा प्रक्रिया, डेटा सुरक्षा व्यवस्था तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की संरचना और कार्यप्रणाली में सुधार संबंधी सिफारिशें देने के लिए किया था। याचिकाओं में से एक में नीट-यूजी आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के पुनर्गठन अथवा उसके स्थान पर मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के संचालन के लिए अधिक सशक्त और स्वायत्त निकाय गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मेहता ने कहा कि इस मामले में कुछ नए घटनाक्रम हुए हैं और केंद्र सरकार एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करेगी, जिसमें राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों के अलावा उठाए गए अन्य कदमों की जानकारी हो सकती है।

## नीट प्रश्नपत्र

लीक और सीबीएसई के डिजिटल मूल्यांकन में आई गड़बड़ियों को लेकर पैदा हुए छात्रों के आक्रोश के कारण शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई का सिलसिला शुरू हो गया है।

## संत रविदास

आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि उसमें रहने वाले लोग एक-दूसरे के प्रति कितना सम्मान, संवेदनशीलता और सहयोग का भाव रखते हैं। इसलिए सामाजिक समरसता को केवल आयोजनों और नारों तक सीमित रखने के बजाय इसे परिवार, समाज और सार्वजनिक जीवन के व्यवहार में उतारना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक समरसता स्थापित करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी। जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव की मानसिकता से ऊपर उठकर एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग का व्यवहार ही मजबूत सामाजिक एकता की नींव रख सकता है।

## यूपी विधानमंडल

सत्र को बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इस सत्र में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अनुपूरक बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगों तथा अन्य विधायी कार्यों पर विचार किया जाएगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया था कि सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुरूप वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगें विधानसभा और विधान परिषद में पेश करेगी। उन्होंने कहा था कि पिछले सत्र की समाप्ति के बाद जारी अध्यादेशों के स्थान पर विधेयक भी सदन में पेश किए जाएंगे और उन्हें पारित कराने पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा अन्य आवश्यक विधायी और सरकारी कार्य भी निपटाए जाएंगे।

## गुजरात : मूसलाधार

मोचन बल (एनडीआरएफ) और सेना की टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। वहीं, प्रशासन ने स्कूल बंद कर दिए और मुंबई जाने वाली रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया। दक्षिण गुजरात के वलसाड, नवसारी और सूरत जिलों के साथ-साथ राज्य के मध्य हिस्से के अहमदाबाद व खेड़ा जिलों में सुबह छह बजे तक बीते 24 घंटों में बहुत भारी बारिश दर्ज की गई। सुबह से वाव-थराद, अमरेली और खेड़ा जिलों में बारिश फिर से शुरू हो गई, जिसके मद्देनजर प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। राहत आयुक्त गौरांग मकवाना ने कहा, अब तक 38,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। इनमें से ज्यादातर लोग नवसारी और वलसाड जिलों से हैं। इनमें से अधिकतर लोग अपने रिश्तेदारों के घर चले गए हैं जबकि करीब 2,000 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। अब तक कुल 352 लोगों को बचाया गया है।

## योगी सरकार

टैबलेट और कैप्सूल, प्रिंटेड एल्युमिनियम फॉयल, रैपर तथा मास्टर कार्टन बरामद किए गए। मौके पर मिले साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि यहां बिना किसी वैध लाइसेंस के नकली दवाओं का निर्माण कर उन्हें प्रसिद्ध कंपनियों की पैकेजिंग में भरकर बाजार में आपूर्ति करने की तैयारी की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि पैकेजिंग पर जानबूझकर ऐसे सूक्ष्म बदलाव किए गए थे, जिन्हें आम ग्राहक आसानी से पहचान नहीं सकता था। यही कारण है कि यह गिरोह लंबे समय से विभिन्न राज्यों में नकली दवाओं की सप्लाई कर रहा था। छापेमारी के दौरान क्लैवैक्टम-625 और रेजो-डी कैप्सूल सहित कई चर्चित दवा ब्रांडों की नकली पैकिंग सामग्री बरामद की गई। इसके अलावा सिप्ला, डॉ. रेड्डीज, इंटास, ल्यूपिन, एल्डर सहित कई प्रमुख दवा कंपनियों के नाम से छपे मास्टर कार्टन और एल्युमिनियम फॉयल भी मिले हैं। इन नकली दवाओं को असली बताकर विभिन्न राज्यों के बाजारों में बेचा जा रहा था।




# जिम्बाब्वे से शृंखला जीतने के लिए उतरेगी भारतीय टीम

## सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया





हरारे। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा।

आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी20 विश्व कप विजेता भारत ने बृहस्पतिवार को यहां तीन मैच की श्रृंखला के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 19 गेंदों में खेली गई 50 रन की पारी और मयंक यादव (चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

भारत ने सूर्यवंशी के अर्धशतक, इशान किशन के 35 रन और कप्तान अय्यर की 28 रन की नाबाद पारी की बदौलत छह ओवर और सात विकेट शेष रहते हुए 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर दिया। दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा। वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 29 रन देकर दो विकेट लिए। अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से प्रभावित किया लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक की शीर्ष स्तरीय क्रिकेट में सफल वापसी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद चोटिल के कारण लगभग दो साल मैदान से बाहर रहे। पहले मैच में मयंक की गति और नियंत्रण दोनों ही बेहतरीन थे, जिसमें जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को बाहर की तरफ स्विंग लेने वाली गेंद पर आउट करना महत्वपूर्ण था। जिम्बाब्वे को पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा विकेट गंवाने का अफसोस रहेगा। उसके बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख पाए। इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।


**टीम इस प्रकार हैं:**

**भारत:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, अशोक शर्मा, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, यश ठाकुर।

**जिम्बाब्वे:** सिकंदर. रज़ा (कप्तान), बेन करन, इनोसेंट काला, तादिवानाशे मारुमनी (विकेटकीपर, डायोन मायर्स, तफदज़्वा त्सिगा (विकेटकीपर), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ब्रैड इवांस, वेस्ले मधेवेरे, तनाका चिवांगा, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामुरी।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे शुरू होगा।

# राष्ट्रमंडल खेलः नटराज 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे



ग्लास्गो। भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में शुक्रवार को यहां संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया। नटराज अपनी आठ खिलाड़ियों वाली हीट में पांचवें स्थान पर रहे। पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हीट में हिस्सा लेने वाले सभी आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। बुडिगिना ने 57.10 सेकंड के समय के साथ हीट में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि इमाम अली 1:05.32 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहे। एस13 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए निर्धारित पैरा तैराकी श्रेणी है।

# हॉकी स्टार मनप्रीत सिंह के आखिरी दो लक्ष्य विश्व कप और लॉस एंजिलिस ओलंपिक

नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने अपने सुनहरे कैरियर में काफी कुछ हासिल किया लेकिन विश्व कप में पदक जीतने की अधूरी ख्वाहिश वह इस बार पूरी करना चाहते हैं और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 खेलना भी उनका लक्ष्य है। पूर्व कप्तान मनप्रीत ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक, एशियाई खेल 2014 और 2022 में स्वर्ण और 2018 में कांस्य पदक जीते हैं। 34 बरस के मनप्रीत विश्व कप में 51 साल से भारत को पदक नहीं मिलने की कमी पूरी करना चाहते हैं। उन्हें पूरा यकीन है कि बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले टूर्नामेंट से भारत खाली हाथ नहीं लौटेगा। मनप्रीत ने पीटीआई से कहा कि एक खिलाड़ी कभी नहीं रूकता। मैं ज्यादा से ज्यादा समय खेलकर पदक जीतना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हमने लगातार दो ओलंपिक में पदक जीते लेकिन विश्व कप पदक जीतना बाकी है। मैं 1975 के बाद से विश्व कप में पदक नहीं जीत पाने की कमी पूरी करना चाहता हूं। इस बार हम जरूर जीतेंगे। हम उसी मानसिकता के साथ खेलेंगे जिससे पिछले दो ओलंपिक में पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी अपेक्षायें बड़ी हैं क्योंकि खिलाड़ी का कैरियर काफी छोटा होता है। आपको नहीं पता कि कल क्या होगा, चाहे आप 24 साल के हों या 35 के। कब कोई चोट लग जाये लिहाजा हर टूर्नामेंट को आखिरी समझकर खेलना चाहिये।

## संक्षेप

### भारत में एशेज टेस्ट करा सकता है क्रिकेट आस्ट्रेलिया

मेलबर्न। इस साल के आखिर में चेन्नई में बिग बैश लीग कराने के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया भविष्य में भारत में एशेज टेस्ट भी कराने की सोच रहा है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने फिलहाल किसी योजना से इनकार किया। आस्ट्रेलिया दिसंबर में चेन्नई में बिग बैश लीग के पहले मैच की मेजबानी करेगा। ग्रीनबर्ग ने बीबीसी स्टम्प्ड पॉडकास्ट में कहा कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई से हमारे रिश्ते मजबूत हैं। साफ तौर पर भारत में कुछ और क्षेत्रों में और कंटेंट लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिलहाल तो कोई योजना नहीं है लेकिन इस पर विचार किया जा सकता है। भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट अभी भी काफी मजबूत है। हम इसे और मजबूत बनाने की कोशिश करते रहेंगे। ग्रीनबर्ग ने यह भी कहा कि क्रिकेट का व्यस्त कार्यक्रम इस प्रस्ताव के रास्ते में आ सकता है, जिसके लिए तीनों संस्थाओं के बीच बड़े पैमाने पर आयोजन संबंधी तालमेल की जरूरत होगी।

### आनंद विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है, क्योंकि इसके प्रमुख अर्कादी ड्वोरकोविच को यूरोपीय संघ ने प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल कर दिया था जिसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक अपना पद छोड़ दिया है। यूरोपीय संघ ने यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में लगाया है। रूस के मूल निवासी ड्वोरकोविच ने यूरोपीय संघ के फैसले को चुनौती देने का फैसला किया है। यूरोपीय संघ की इस कार्वाई से उनके खाते फ्रीज हो सकते हैं और उन पर यात्रा प्रतिबंध लग सकते हैं। आनंद 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं। फिडे ने बयान में कहा, अर्कादी ड्वोरकोविच के फिडे अध्यक्ष के रूप में अपने अधिकारों, कर्तव्यों और विशेषाधिकारों से हटने के फैसले को फिडे परिषद स्वीकार करती है। बयान में कहा गया है, फिडे चार्टर के अनुच्छेद 19.2 के अनुसार जब तक ड्वोरकोविच पर प्रतिबंध लगा रहता है तब तक फिडे के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। इस बीच ड्वोरकोविच ने कहा कि यूरोपीय संघ का फैसला अनुचित है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ ने मेरा नाम प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में डाला है। मैं साफ तौर पर कहता हूं कि यह फैसला गैरकानूनी और अन्यायपूर्ण है और इसे चुनौती दी जाएगी। मुझे विश्वास है कि न्याय की जीत होगी। इस प्रतिबंध से फिडे के कामकाज में बाधा पड़ सकती है।

# जूडोका तूलिका मान ठिकाने की जानकारी देने में रहे नाकाम, निलंबित



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है जिससे उन्हें ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से हटा दिया गया है। तूलिका (27 वर्ष) ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 78 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता था और इस बार भी वह पदक की प्रबल दावेदार थीं।

अब उन पर दो साल के प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। एक जूडो कोच ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा। इस तरह दिल्ली की यह खिलाड़ी ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडोका बन गईं। बृहस्पतिवार को एक अन्य भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी हटा दिया गया क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर की गई डोप जांच में विफल पाए गए। नाडा ने उनके शरीर में एनाबॉलिक स्टेरॉयड पाए जाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। तूलिका देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उनका अभियान राउंड ऑफ 32 में समाप्त हो गया था। उन्होंने 2022 और 2024 विश्व जूडो चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था। भारतीय जूडो टीम अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना नहीं हुई है क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी। टीम के जूडो खिलाड़ियों को 27 जुलाई को रवाना होना है। भारत ने शुरुआत में 14 सदस्यीय जूडो टीम को मंजूरी दी थी, जिसमें सात पुरुष और सात महिला खिलाड़ी शामिल थे। पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल तीन पदक जीते थे। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में गई छह सदस्यीय भारतीय जूडो टीम ने दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया था। नियमों के अनुसार 12 महीनों की अवधि में तीन बार स्थल की जानकारी नहीं देने को डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है।

# मोटरस्पोर्ट संस्था एफएमएससीआई को खेल मंत्रालय ने दिया राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा



नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में अस्थायी रूप से मान्यता दे दी है और भारत में फॉर्मूला वन रेस वापिस लाने के लिये सरकार के साथ काम कर रही संस्था के लिये यह बड़ा कदम है।

सरकार भारत में फॉर्मूला वन की वापसी के लिए प्रयासरत है और इसे देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे दोनों निकायों के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। एफएमएससीआई ने इस साल 11 जून को मान्यता के लिए आवेदन किया था। खेल मंत्रालय ने 23 जुलाई को जारी किए गए निर्देश ने कहा, एफएमएससीआई के राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में अस्थायी मान्यता के लिए किए गए अनुरोध पर विचार करने के बाद यहां फैसला लिया कि एफएमएससीआई को इस पत्र के जारी होने की तारीख से एनएसएफ के रूप में अस्थायी मान्यता प्रदान की जाए। मंत्रालय ने चेन्नई स्थित और अरिंदम घोष की अध्यक्षता वाली एफएमएससीआई को राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 और उसके प्रावधानों के अनुरूप अपने संविधान में निर्धारित समय सीमा के भीतर संशोधन करने को कहा है। एफएमएससीआई परिषद सदस्य विकी चंडोक ने कहा, भारत में फॉर्मूला वन रेस की मेजबानी के लिए जो भी जरूरी है, सरकार वो सब करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके लिए हमें सक्रिय रूप से शामिल करना अहम हो गया क्योंकि एफएमएससीआई विश्व संस्था एफआईए से मान्यता प्राप्त है। एफएमएससीआई न केवल मान्यता के मुद्दे पर बल्कि एफवन की भारत में वापसी के लिए आगे की रणनीति तय करने के लिए भी मंत्रालय के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रहा है। सरकार ने राज्य इकाइयों के लिए आवश्यक न्यूनतम संबद्धता से संबंधित कुछ मानदंडों में ढील दी है। 1971 में बनी इस संस्था को मान्यता देने के लिये सरकार ने राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा पाने के लिए जरूरी कम से कम राज्य इकाइयों की संबद्धता से जुड़े कुछ नियमों में ढील दी है। इसके साथ ही मंत्रालय ने यह भी कहा है कि यदि संस्था वित्तीय ईमानदारी, डोपिंग विरोधी उपायों, शासन संरचना या अन्य तथ्यों को लेकर मंत्रालय के दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहती है तो वह उसकी मान्यता रद्द कर देगा। पिछले महीने खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने घोषणा की थी कि भारत में प्रमुख मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिताओं की मेजबानी से जुड़ी चुनौतियों और लाभ का आकलन करने के लिए जितनी जल्दी हो सके एक कार्य बल का गठन किया जाएगा। कार्यबल भारत में बड़े मोटरस्पोर्ट आयोजित करने से मिलने वाले आर्थिक, पर्यटन और निवेश से जुड़े फायदों का मूल्यांकन करेगी। साथ ही यह इस सेक्टर के स्थायी विकास के लिए मुख्य प्राथमिकताओं, बुनियादी ढांचे की जरूरतों और संचालनात्मक जरूरतों की भी पहचान करेगी। मंत्रालय 2028 तक भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी के लिये प्रयासरत है। भारत ने 2011 से 2013 तक फॉर्मूला वन की मेजबानी की थी, लेकिन कर से जुड़े मामलों और वित्तीय कारणों से इस रेस को कैलेंडर से हटा दिया गया।

# राजकुमार इंटर कॉलेज और सेंट थॉमस स्कूल फाइनल



लखनऊ। राजकुमार इंटर कॉलेज, आलमबाग में आयोजित वार्षिक महोत्सव वर्चुओफेस्ट 5.0 का शुभारंभ शुक्रवार को अंतर-विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों के साथ हुई। इस दौरान लखनऊ के विभिन्न स्कूलों की टीमों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

आज खेले गए मुकाबलों में सेंट थॉमस स्कूल और मेजबान राजकुमार इंटर कॉलेज ने फाइनल में जगह बनाई जबकि एसआर ग्लोबल स्कूल ने कांस्य पदक अपने नाम किए। महोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि वॉलीबॉल केवल एक खेल नहीं, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन, नेतृत्व और आपसी विश्वास का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस खेल में प्रत्येक खिलाड़ी की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। वहीं विद्यालयों में ऐसे खेल आयोजन भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वॉलीबाल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में सेंट थॉमस स्कूल ने एसआर ग्लोबल स्कूल को लगातार दो सेटों में 15-8, 15-7 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में राजकुमार इंटर कॉलेज ने एसकेडी अकादमी को 15-10, 15-9 से शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

इसके बाद खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले में एसआर ग्लोबल स्कूल ने एसकेडी अकादमी को 15-10, 15-5 से पराजित कर कांस्य पदक जीता। अब वॉलीबाल प्रतियोगिता का सबसे बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला राजकुमार इंटर कॉलेज और सेंट थॉमस स्कूल के बीच शनिवार को खेला जाएगा।

# गुकेश, प्रज्ञानानंदा और वैशाली करेंगे शतरंज ओलंपियाड में भारतीय चुनौती की अगुवाई



नयी दिल्ली। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, शानदार फॉर्म में चल रहे आर. प्रज्ञानानंदा और महिला कैंडिडेट्स विजेता आर. वैशाली की अगुआई में भारत ने 16 से 27 सितंबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाले फिडे शतरंज ओलंपियाड के लिए मजबूत टीम की घोषणा की है।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों वर्ग में मौजूदा चैंपियन हैं। पांच - पांच सदस्यीय दोनों टीमों ने 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग का खिताब जीता था। ओपन वर्ग की टीम में गुकेश, प्रज्ञानानंदा के अलावा अर्जुन एरिगैसी, निहाल सरीन और विदित गुजराती को शामिल किया गया है। सरीन 2024 में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं थे। महिला टीम में देश की शीर्ष खिलाड़ियों को जगह मिली है। टीम में कोनेरू हम्पी, आर. वैशाली, विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री बी शामिल हैं। इसमें से हम्पी और सविता श्री 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में शामिल नहीं थे। बीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा इस समय शानदार लय में हैं। उन्होंने जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता था। इस दौरान उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित गुकेश को भी हराया था। गुकेश हाल के समय में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखे हैं। हाल ही में संपन्न चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स टूर्नामेंट में उन्होंने सात में से तीन मुकाबले गंवाए और केवल दो अंक के साथ अंतिम स्थान पर रहे। इस वर्ष अप्रैल में वैशाली फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी बनी थीं। इसके साथ ही उन्होंने महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन को चुनौती देने का अधिकार हासिल किया।

**भारतीय टीम:**

**ओपन वर्ग: डी. गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञानानंदा, निहाल सरीन और विदित गुजराती।**

**कप्तान: श्रीनाथ नारायणन।**

**महिला वर्ग: कोनेरू हम्पी, आर. वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री बी।**

**कप्तान: स्वयं मिश्रा।**

# राष्ट्रमंडल खेलों के पदकों पर अंकित है ब्रेल लिपि

ग्लासगो। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए इस बार जो पदक तैयार किए गए हैं उन पर ब्रेल लिपि अंकित है जिससे दृष्टिबाधित खिलाड़ी भी इसमें निहित संदेश को समझ सकते हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में ऐसा पहली बार किया गया है। यह ग्लास्गो में चल रहे खेलों में सभी को समान भाव से देखने की योजना से जुड़ा है। राष्ट्रमंडल खेलों में 10 प्रमुख खेल और छह पैरा खेल में कुल 215 स्वर्ण पदक दांव पर लगे होंगे। इनमें पैरा खेलों में रिकॉर्ड 47 स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। प्रत्येक मेजबान शहर पदकों पर अपनी छाप छोड़ता है, लेकिन ग्लास्गो खेलों के पदकों का डिज़ाइन आम तौर पर चलन में रहने वाले गोलाकार आकार से अलग है। पदकों को शहर के प्रतीक चिन्ह से प्रेरित होकर त्रिकोण रूप दिया गया है। पदक पर बने प्रारूप ग्लासगो के सबसे प्रसिद्ध स्थलों में से एक फिनिस्टन क्रेन से प्रेरित हैं, जो स्कॉटलैंड के जहाज निर्माण के अतीत की याद दिलाता है। इसकी बनावट टार्टन से प्रेरित है, जो स्कॉटलैंड से करीब से जुड़ा एक प्रतीक है। पदक पर बने तीन स्तर पोडियम की तीन सीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस पदकों का डिजाइन




मिलित्सा मिलेंकोवा ने तैयार किया था। मिलेंकोवा का जन्म बुल्गारिया में हुआ था और अब वह ग्लास्गो स्कूल ऑफ आर्ट में आर्टिस्ट हैं।

# भारत की वृद्धि में भागीदार बनें रोमानियाई कंपनियां

बुखारेस्ट (रोमानिया)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को रोमानिया की कंपनियों से भारत की वृद्धि गाथा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी में अभी काफी संभावनाएं मौजूद हैं।

भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश की आर्थिक वृद्धि मजबूत, व्यापक आर्थिक आधार, जीवंत उद्यमिता परिवेश, कुशल कार्यबल और सुधारों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता से संचालित हो रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और सतत विकास के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से अग्रसर है। नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, वाहन एवं वाहन कलपुर्जे, दवा एवं जैव-प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष तथा वित्त प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि यूरोप के केंद्र में अपनी रणनीतिक स्थिति, कुशल मानव संसाधन, उन्नत औद्योगिक क्षमताओं और यूरोपीय संघ के साथ मजबूत एकीकरण के कारण रोमानिया भारत का स्वाभाविक और महत्वपूर्ण साझेदार है। रोमानिया न केवल निवेश का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, बल्कि व्यापक यूरोपीय बाजार तक पहुंच का प्रवेश द्वार भी है। मुर्मू ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन अभी भी अपनी वास्तविक क्षमता से काफी कम है। भारतीय कंपनियां रोमानिया को यूरोपीय बाजार में प्रवेश के लिए रणनीतिक केंद्र के रूप में देख रही हैं, वहीं रोमानिया की कंपनियों के लिए भारत में नए अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का कारोबारी



समुदाय उभरते अवसरों का लाभ उठाकर उन्हें सफल व्यावसायिक साझेदारी में बदलेगा। राष्ट्रपति ने रोमानिया की कंपनियों से भारत की वृद्धि यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दोनों पक्षों की रणनीतिक साझेदारी का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि लगभग दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार और करीब 25 खरब डॉलर के आर्थिक आकार वाला यह समझौता दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदारियों में से एक होगा। इससे व्यापार, निवेश और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ निवेश संरक्षण समझौते (आईपीए) तथा भौगोलिक संकेतक (जीआई) समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं, जिससे आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। एफटीए का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन कारोबार के लिए स्थिर वातावरण तैयार करेगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), स्टार्टअप और नवोन्मेषकों के लिए नए अवसर पैदा करेगा। मुर्मू ने कहा कि रक्षा विनिर्माण, ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा, रसायन एवं उर्वरक उद्योग, डिजिटल प्रौद्योगिकी, परिवहन एवं लॉजिस्टिक, दवा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। राष्ट्रपति मुर्मू बृहस्पतिवार को रोमानिया की राजकीय यात्रा पर बुखारेस्ट पहुंची थीं। तीन दशक से अधिक समय में किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की यह पहली रोमानिया यात्रा है। इससे पहले उन्होंने रोमानिया के प्रधानमंत्री इली बोलोजान के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। यह यात्रा मुर्मू के तीन यूरोपीय देशों के दौरे का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करना है। वह मोल्दोवा और उत्तरी मकदूनिया की यात्रा पूरी कर रोमानियां पहुंची हैं।

# दिल्ली में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान अपने कर्मियों की कार्रवाई की आरएएफ ने शुरू की जांच



नयी दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दंगा-रोधी विशेष इकाई रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने दिल्ली में जारी छात्रों के प्रदर्शन के दौरान अपने जवानों द्वारा कथित तौर पर अधिक बल प्रयोग और पैलेट गन के इस्तेमाल किए जाने के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ ने आरएएफ के महानिरीक्षक (आईजी) को निर्देश दिया है कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के दौरान की गई कार्रवाई तथा उन घटनाओं का सत्यापन किया जाए, जिनमें जवानों पर हमला किया गया। सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि इन घटनाओं की औपचारिक जांच अभी शुरू नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सत्यापन की इस प्रक्रिया में तथ्य सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए जाएंगे। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्न पत्र लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों ने 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के बैनर तले जंतर-मंतर स्थित धरना स्थल से चले संसद मार्च किया था। अधिकारियों ने बताया कि आरएएफ ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उन अनेक वीडियो और तस्वीरों का संज्ञान लिया है, जिनमें नीले रंग की वर्दी पहने उसके जवान दिखाई दे रहे हैं। इनमें कुछ वीडियो में जवान बंदूक और लाठी लिए नजर आ रहे हैं तथा उन्हें लाठीचार्ज करते देखा जा सकता है। वहीं, कुछ अन्य वीडियो में प्रदर्शनकारियों द्वारा जवानों को घेरकर उन पर हमला करते भी देखा जा सकता है। सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐसी कार्रवाई के दौरान जवानों के आचरण की जांच के लिए निर्धारित सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आरएएफ के पास दंगा-रोधी हथियारों में 12 बोर पंप-एक्शन बंदूक भी शामिल है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, इसका इस्तेमाल केवल अत्यंत गंभीर परिस्थितियों में किया जा सकता है।

## संक्षेप

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इस्तीफा दिया

ढाका। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अपने कार्यकाल के खत्म होने से दो साल पहलेही शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सहयोगी थे। संसद के अध्यक्ष हफीजुद्दीन अहमद को संबोधित त्यागपत्र में 76 वर्षीय नेता ने कहा कि वह गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें दिल की बीमारी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और किडनी से जुड़ी समस्याएं हैं। शहाबुद्दीन ने त्यागपत्र में लिखा, हाल ही में, चिकित्सकीय परीक्षण में ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी नाम की बीमारी का पता चला है। इस बीमारी की वजह से, कभी-कभी मैं कुछ देर के लिए अचेत हो जाता हूं। इन बीमारियों के कारण, मैं राष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद की जिम्मेदारियों को निभाने में शारीरिक और मानसिक रूप से असमर्थ हूं। संसद अध्यक्ष अहमद बैंकॉक में अपना इलाज बीच में ही छोड़कर शुक्रवार को ढाका लौट आए और कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बांग्लादेश के संविधान के अनुसार नए राष्ट्रपति के चुने जाने तक अहमद कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर काम करेंगे। वर्ष 1971 के मुक्ति संग्राम में भूमिका निभाने वाले और निचली अदालत के न्यायाधीश रहे शहाबुद्दीन ने अप्रैल 2023 में पांच साल के कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली थी।

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के बीच बहरीन में सायरन बजे

यरुशलम। बहरीन में शुक्रवार तड़के सायरन बजाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की चेतावनी दी गई। यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई, जब अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरान के खिलाफ लगातार 13वीं रात हवाई हमले किए।

पिछले एक सप्ताह से अमेरिका और ईरान के बीच हमले लगातार तेज होते जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच यह संघर्ष होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर शुरू हुआ था। इस दौरान खाड़ी के देश भी बार-बार हमलों की चपेट में आए हैं। ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने एक दिन पहले दावा किया था कि उन्होंने लाल सागर में सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों को निशाना बनाया। इससे संघर्ष के और व्यापक होने की आशंका बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को ईरान के केश्म द्वीप पर भी विस्फोटों की खबरें आईं। इस द्वीप पर नौसैनिक संसाधनों का



बड़ा भंडार है जिसमें ड्रोन नौकाएं भी शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने के लिए कर सकता है। इसके अलावा अंदीमेश्क, ओमीदियेह और फिरूजाबाद के निकट उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में भी विस्फोट होने की सूचना मिली। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, करुण नदी के किनारे अहवाज के बाहरी इलाके में अमेरिकी मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि नए हमलों का उद्देश्य ईरान की क्षेत्रीय समुद्री मार्गों से गुजरने वाले असैन्य नाविकों और वाणिज्यिक जहाजों के लिए खतरा पैदा करने की क्षमता को और कमजोर करना है।

# अमेरिका में 10 प्रतिशत शुल्क से भारतीय उत्पाद होंगे महंगे, अन्य देशों के मुकाबले स्थिति बेहतर

नयी दिल्ली। भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिका में लगाए गए 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क से अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद महंगे हो जाएंगे, लेकिन निर्यातकों का मानना है कि इसका असर घोषित शुल्क दर के बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा के नजरिये से देखा जाना चाहिए।

अमेरिका ने बंधुआ मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) के इस्तेमाल को रोकने के प्रयासों के तहत भारत सहित 17 देशों से आने वाले सामान पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा कि इस अतिरिक्त शुल्क से भारतीय उत्पादों की लागत जरूर बढ़ जाएगी, लेकिन इसका वास्तविक असर को प्रतिस्पर्धी देशों की स्थिति के साथ तुलना करके आंका जाना चाहिए। फियो के अध्यक्ष एस.सी. राल्हन ने कहा कि भारत को 10 प्रतिशत के निचले शुल्क वर्ग में रखा गया है जबकि चीन, वियतनाम, थाईलैंड, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील एवं दक्षिण अफ्रीका जैसे कई प्रतिस्पर्धी देशों पर 12.5 प्रतिशत का शुल्क लगाया गया है। इस तरह भारत की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। उन्होंने कहा कि वस्त्र, परिधान, चमड़ा और फुटवियर जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में बांग्लादेश, कंबोडिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे कई प्रतिद्वंद्वी देश भी 10 प्रतिशत शुल्क के दायरे में हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त काफी हद तक बनी रहेगी। फियो ने निर्यातकों को सलाह दी है कि वे केवल 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के आधार पर निष्कर्ष न निकालें, बल्कि अलग-अलग उत्पाद के हिसाब से अमेरिकी शुल्क, संभावित छूट और प्रतिस्पर्धी देशों पर लागू दरों का विस्तृत आकलन करें।

# प्रधानमंत्री युवाओं को गुमराह कर रहे हैं, त्वरित अदालतों की घोषणा महज लीपापोती : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को गुमराह कर रहे हैं और पेपर लीक के मामलों में जवाबदेही तय करने के बजाय त्वरित अदालतों की घोषणा के जरिए महज सुर्खियां बटोरने की कोशिश की जा रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पिछले 24 घंटों में हुई दो घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक मामलों में कार्वाई को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षा सचिव का तबादला कर उनकी जगह ऐसे अधिकारी को नियुक्त किया गया, जिनके परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर कृषि मंत्रालय से भारी-भरकम सब्सिडी ली थी, जबकि वह संबंधित पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी मंत्रालय में शीर्ष नौकरशाह के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने संजीव मुखिया को क्लीन चिट दे दी है, जिन्हें पहले नीट-यूजी 2024 पेपर लीक का सरगना बताया गया था। रमेश ने कहा कि मुखिया की पत्नी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की घटक लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी हैं। त्वरित अदालतों की घोषणा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार सुबह ही सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम कानून, 2024 के तहत मामलों की सुनवाई के लिए तत्काल प्रभाव से एक नई त्वरित अदालत का गठन कर दिया।

# पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली के सह उत्पादन को हमने अमेरिकी कंपनी के साथ बातचीत की: जेलेंस्की

कीव। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि उन्होंने यहां अमेरिकी कंपनी रेथियॉन के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की है क्योंकि रूस अपनी आक्रामक कार्वाई में बढ़त बनाने के लिए जिन बैलेस्टिक मिसाइलों का उपयोग करता है, उसका मुकाबला करने के लिए यह कंपनी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली बनाती है और यूक्रेन को इस प्रणाली की बेहद जरूरत है।


यह भेंट ऐसे समय हुई है जब तीन हफ्ते से भी कम समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइलें बनाने का लाइसेंस देने का वादा किया था। यह वादा एक अहम बदलाव को दिखाता है, क्योंकि हाल में ट्रंप ने जेलेंस्की के प्रति जूयादा सकारात्मक रुख अपनाया है। इस बात का एक और संकेत मिला है कि यूक्रेन अमेरिका की सोच बदल रहा है। ट्रंप की पक्की समर्थक लॉरा लूमर ने बृहस्पतिवार को यहां जेलेंस्की से मुलाक़ात की।

सालों तक हमले को कम करके आंकने के बाद, उन्होंने यूक्रेन पर मिसाइल हमलों के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आलोचना की। यूक्रेनी नेता जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि उन्होंने रेथियॉन के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी यूक्रेन के साथ मिलकर पैट्रियट इंटरसेप्टर बनाने को तैयार है। यह सिस्टम रडार, कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम और अलग-अलग तरह की इंटरसेप्टर मिसाइलों से मिलकर बना है। वैसे कंपनी ने अपनी वेबसाइट या सोशल मीडिया अकाउंट पर इस मुलाकात के बारे में तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा, हमारी टीम सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों ही स्तरों पर इस पर काम करने के लिए लगातार संपर्क में रहेंगी। जेलेंस्की सह उत्पादन करार पर तेज़ी से आगे बढ़ना चाहते हैं, क्योंकि रूस लगातार बैलिस्टिक मिसाइलें दाग रहा है। इन मिसाइलों को रोकना मुश्किल होता है और इनसे आम नागरिकों की जान जाती है, साथ ही रिहायशी इलाकों को भी भारी नुकसान पहुंचता है।

## इंटरटेनमेंट...

# द ओडिसी ने भारत में कमाये 100 करोड़

नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी ने रिलीज के पहले सप्ताह में भारत के सिनेमाघरों में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। इसके साथ ही भारत के बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिहाज से यह वर्ष की सबसे सफल हॉलीवुड फिल्म बन गई है। फिल्म में मैट डेमन ने ओडिसियस, टॉम हॉलैंड ने टेलीमेकस, जेंडाया ने एथेना, रॉबर्ट पैटिनसन ने एंटिनस, लुपिता न्योंगो ने हेलन ऑफ ट्रॉय एवं क्लाइटेमनेस्ट्रा, ऐन हैथवे ने पेनेलोप और चार्लीज थेरॉन ने कैलिप्सो सहित कई अहम किरदार निभाए हैं। यह फिल्म दुनियाभर में 17 जुलाई को रिलीज हुई। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म ने शुरुआती सप्ताहांत में भारत में 70 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और ओपेनहाइमर के बाद नोलन की दूसरी ऐसी फिल्म बन गई जिसने भारतीय सिनेमाघरों में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार किया। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स इंडिया के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डेंजिल डायस ने एक बयान




में कहा किसी यात्रा की अहमियत उसकी शुरुआत से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि वह कितनी दूर तक पहुंचती है। द ओडिसी की शुरुआती सफलता ने दिखाया कि भारत के दर्शक इस फिल्म के लिए तैयार थे। इसके बाद रोजाना दर्शकों का सिनेमाघरों में उमड़ना और हर उपलब्ध स्क्रीन का भर जाना दर्शकों के भरोसे को दर्शाता है। एक सप्ताह में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना केवल एक उपलब्धि का आंकड़ा है। द ओडिसी की कहानी यूनानी राजा ओडिसियस (मैट डेमन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ट्रॉजन वॉर के बाद अपने घर लौटने के लिए 10 साल की बेहद खतरनाक यात्रा पर निकलता है। ओडिसियस इस दौरान प्रतिशोध लेने पर आमादा देवताओं, समुद्री राक्षसों और मायावी स्त्रियों जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी पत्नी पेनेलोप (ऐन हैथवे) और बेटे टेलीमेकस (टॉम हॉलैंड) से दोबारा मिलने के लिए संघर्ष करता है। फिल्म का निर्माण सिंकोपी इंक के बैनर तले किया गया है।

# 10 अगस्त से प्रसारित होगा कौन बनेगा करोड़पति का 18वां सीजन




नयी दिल्ली। अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले लोकप्रिय शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) का 18वां सीजन 10 अगस्त से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस बार शो की थीम सोचना पड़ेगा होगी। उन्होंने वीडियो पोस्ट के साथ लिखा, कौन बनेगा करोड़पति 10 अगस्त से, रात नौ बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर। केबीसी सोचना पड़ेगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सोचना पड़ेगा थीम इस बात पर जोर देती है कि आज के दौर में केवल जानकारी होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका सही ढंग से उपयोग करना अधिक महत्वपूर्ण है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि रोजमर्रा की परिस्थितियों पर आधारित प्रचार फिल्मों के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि भले ही आज जानकारी तुरंत उपलब्ध हो और प्रौद्योगिकी ने सीखने के तरीके को बदल दिया हो, लेकिन वास्तव में महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति आलोचनात्मक ढंग से सोच सके, जानकारी का विश्लेषण कर सके और बदलते समय के अनुरूप सार्थक ढंग से स्वयं को ढाल सके।

# टोरंटो फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी रिची मेहता की फूलन




मुंबई। फिल्मकार रिची मेहता की फिल्म फूलन का विश्व प्रीमियर 51वें टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में होगा। यह फिल्म चंबल की कुख्यात दस्यु से नेता बनीं फूलन देवी के जीवन पर आधारित है।

एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस हिंदी फिल्म का प्रदर्शन 16 सितंबर को प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर में महोत्सव के विशेष प्रस्तुति खंड के तहत किया जाएगा। रिची मेहता द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण नमः पिक्चर्स के बैनर तले शरीन मंत्री केडिया, किशोर अरोड़ा, कंवल कोहली और मेहता ने किया है।

# एक जैसे किरदार निभाने से लगता है डर : विक्रांत

मुंबई। अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा है कि उन्हें अपनी फिल्मों के असफल होने से अधिक डर एक जैसे किरदार निभाने और रचनात्मक दोहराव से लगता है और यही वजह है कि वह हर फिल्म में स्वयं को नये रूप में पेश करने का प्रयास करते हैं।

मैसी को 12वीं फेल, सेक्टर 36, हसीन दिलरुबा, दिल धड़कने दो, लुटेरा, प्रितम एंड पेड्रो और ब्रोकन बट ब्यूटीफुल जैसी फिल्मों और ओटीटी सीरीज में भूमिकाओं के लिए सराहा गया है। उन्होंने कहा कि बॉक्स ऑफिस पर सफलता भी महत्वपूर्ण है, लेकिन एक अभिनेता के लिए सबसे बड़ा डर किरदारों का दोहराव और अभिनय में नयापन खत्म हो जाना होता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई



फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करे तो इसे ठीक नहीं कह सकते। उन्होंने कहा, आप चाहते हैं कि फिल्म कमाई करे और ज्यादा से ज्यादा लोग उसे देखें। हालांकि, प्री-सेल (रिलीज से पहले फिल्म के संगीत तथा ओटीटी और टेलीविजन पर प्रदर्शन के अधिकार को बेच देने) से आपकी न्यूनतम लागत निकल आती है। उन्होंने कहा कि बेशक, आप चाहते हैं कि फिल्म अच्छा कारोबार करे, लेकिन एक अभिनेता के तौर पर सबसे ज्यादा डर इस बात का है कि आप बार-बार वही किरदार निभाने लग जाएं। उन्होंने कहा दोहराव और अभिनय में नयापन खत्म हो जाना ही वास्तव में डरावनी चीज है। मुझे असफल होने का डर नहीं लगता, क्योंकि जब आप नये प्रयोग करते हैं तो कभी-कभी असफलता भी मिलती है। मैसी ने बताया कि 2024 में उन्होंने सात महीने के लिए काम से विराम लिया था, क्योंकि उन्हें लगने लगा था कि उनके अभिनय में दोहराव आने लगा है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K